राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

12 नाजी सैनिक के समान पर ट्रूडो ने माफी मांगी.....

भारत-आस्ट्रेलिया तीसरे एकदिवसीय मैच में आज आस्ट्रेलिया पर रहेगा दबाव.. 11

वर्ष : 14 | अंक : 136 | नई दिल्ली, मंगलवार, 27 सितम्बर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

हिंद-प्रशांत क्षेत्र की जटिलताएं दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : राजनाथ

प्रात: किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की जटिलताओं से निपटने और क्षेत्र में समृद्धि, सुरक्षा तथा समावेशी भविष्य सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। 13वें हिंद-प्रशांत सेना प्रमुख सम्मेलन (आईपीएसीसी) में सिंह ने कहा कि राष्ट्रों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक मुद्दों में कई हितधारक शामिल हैं और कोई भी देश अकेले इन चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकता। उनकी यह टिप्पणी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक सैन्य व्यवहार पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच आई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि वसुधैव कुटुंबकम (दुनिया एक परिवार है) के प्राचीन भारतीय लोकाचार के अनुरूप हासिल की जा सकती है। भारतीय सेना द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि हिंद-प्रशांत अब एक नौवहन रचना ही नहीं है, बल्कि एक पूर्ण भू-रणनीतिक रचना है, और यह क्षेत्र सीमा विवादों और समुद्री दस्यु सहित विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। रक्षा मंत्री ने अमेरिकी लेखक स्टीफेन आर कोवी के एक सैद्धांतिक मॉडल के माध्यम से क्षेत्र के लिए अपने दृष्टिकोण को समझाया, जो सर्कल ऑफ कन्सर्न और सर्कल ऑफ इन्फ्लुएंस पर आधारित है। उन्होंने कहा, ऐसे उदाहरण हो सकते हैं जब विभिन्न देशों के चिंता के चक्र यानी सर्कल

ऑफ कन्सर्न एक-दूसरे पर हावी होते हैं। किसी भी देश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों से परे, समुद्र से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार मार्ग प्रासंगिक उदाहरण हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, इसके फलस्वरूप या तो राष्ट्रों के बीच संघर्ष हो सकता है या वे पारस्परिक रूप से जुड़ाव के नियमों को तय करके सह-अस्तित्व का फैसला कर सकते हैं। इस तरह की अवधारणा रणनीतिक सोच और प्राथमिकता के महत्व को रेखांकित करती है। सिंह ने कहा कि राष्ट्रों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक मुद्दों में कई हितधारक शामिल हैं और कोई भी देश अकेले इन चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकता। उन्होंने सर्कल ऑफ कन्सर्न में आम चिंताओं के समाधान के लिए व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ बातचीत करने और कूटनीति, अंतरराष्ट्रीय संगठनों तथा संधियों के माध्यम से सहयोगात्मक रूप से काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने यूनाइटेड नेशन्स कन्वेन्शन ऑन द लॉ ऑफ द सी(यूएनसीएलओएस), 1982 को ऐसे अंतरराष्ट्रीय समझौते का एक अच्छा उदाहरण बताया जो नौवहन गतिविधियों के लिए कानूनी ढांचा स्थापित करता है और विभिन्न देशों के सर्कल ऑफ कन्सर्न के एक दूसरे पर हावी होने से उठने वाले मुद्दों का समाधान करता है। सिंह के अनुसार, साथ ही वैश्विक मंच पर राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रभाव चक्र यानी सर्कल ऑफ इन्फ्लुएंस की पहचान करनी चाहिए और उसका विस्तार करना चाहिए।

मौसम

अधिकतम तापमान 35.6°C

न्यूनतम तापमान 26.9°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार



बाजार

सोना 61,140

चांदी 73,500

सेंसेक्स 67,597

निफ्टी 20,133

संक्षिप्त खबरें

मोदी, खड़गे, राहुल व प्रियंका ने दी मनमोहन सिंह को जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को उनके 91वें जन्मदिन पर मंगलवार को बधाई दी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्सपर लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं। मैं उनकी दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पार्टी नेता राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को उनके 91वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने तथा स्वस्थ जीवन की कामना की। श्री खडगे ने ट्वीट कर अपने शुभकामना संदेश में कहा, मैं पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई देता हूं। राजनीति में उनकी जैसी सादगी, गरिमा और शालीनता दुर्लभ है। एक सच्चा राष्ट्रभक्त प्रधानमंत्री, जिनके कार्य उनके शब्दों से अधिक बोलते हैं, राष्ट्र के लिए उनके असाधारण योगदान के हमेशा आभारी हैं। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाल और लंबे जीवन की कामना करता हूं। श्री गांधी ने कहा, पूर्व प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की राष्ट्रीय अखंडता, राष्ट्र निर्माण और जनता के आर्थिक उत्थान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता मेरे लिए सदैव प्रेरणा बनी रहेगी।

मुख्यमंत्री ने विकास भवन एवं विश्वेश्वरैया भवन में अवस्थित कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

सबलोग समय पर आएं और ठीक ढंग से करें काम : नीतीश

- मंत्रियों के समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने पर जताई नाराजगी
- जांच के दौरान कई मंत्री व अधिकारी रहें अनुपस्थित

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को सुबह साढ़े नौ बजे विकास भवन पहुंचे और वहां का औचक निरीक्षण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री विश्वेश्वरैया भवन पहुंचे और वहां भी औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने विकास भवन तथा विश्वेश्वरैया भवन स्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर, गन्ना उद्योग मंत्री आलोक कुमार मेहता, उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत के कार्यालय पहुंचे लेकिन वे सभी मंत्री अपने कार्यालय कक्ष में उपस्थित नहीं थे। मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार अपने कार्यालय कक्ष में उपस्थित थे। भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं थे लेकिन जब मुख्यमंत्री उनके कक्ष में खड़े थे तो उसी समय भवन निर्माण मंत्री अपने कार्यालय पहुंचे और देर से पहुंचने की सफाई दी। मुख्यमंत्री जब शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के कार्यालय कक्ष पहुंचे और वहां वे उपस्थित नहीं थे तो मुख्यमंत्री ने शिक्षा मंत्री को फोन लगवाया और पूछा कि अभी तक कार्यालय क्यों नहीं पहुंचे हैं, सभी को साढ़े नौ बजे तक कार्यालय पहुंचना है। मंत्रियों के समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने अपनी नाराजगी व्यक्त की और निर्धारित समय पर कार्यालय आने के लिये निर्देशित किया।

निरीक्षण के बाद विश्वेश्वरैया भवन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि पहले से तय कर दिया गया है कि सभी लोगों को कार्यालय सुबह साढ़े नौ बजे तक पहुंच जाना है। उसी सिलसिले में हम सब जगह देख रहे हैं। हम देख रहे हैं कि सबलोग समय पर आते हैं अथवा नहीं, अगर कोई उपस्थित नहीं रहते हैं तो हम उसी समय फोन लगाकर उनसे बात करते हैं। विश्वेश्वरैया भवन को हम बड़ा और बेहतर बनवा रहे हैं। हम चाहते हैं कि सबलोग समय पर आएं और ठीक ढंग से काम करें।

कई अधिकारी रहे नदारद :

मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, सहकारिता विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, कृषि एवं परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, स्वास्थ्य विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह अपने कक्ष में उपस्थित नहीं थे। शिक्षा विभाग के सचिव वैद्यनाथ यादव भी कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। इन सभी की अनुपस्थिति पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौण्ड्रिक, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि अपने कार्यालय में उपस्थित थे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक भी अपने कक्ष में नहीं थे लेकिन जानकारी मिली कि वे आधिकारिक तौर पर दिल्ली गए हुए है। मुख्यमंत्री ने विकास भवन स्थित शिक्षा विभाग के कमांड एवं कंट्रोल सिस्टम का भी जायजा लिया।

सचिवालय के भवनों पर सोलर प्लेट लगाएं :

मुख्यमंत्री विश्वेश्वरैया भवन के सातवें तल्ले पर गए और वहां पथ निर्माण विभाग के कंट्रोल एवं कमांड सिस्टम का जायजा लिया। पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप पुडुक्कलकट्टी ने वहां मुख्यमंत्री को पथों की मॉनीटरिंग सिस्टम की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि को निर्देश दिया कि सभी सचिवालय के भवनों पर सोलर प्लेट लगाएं ताकि सौर ऊर्जा का उपयोग हो सके। मुख्यमंत्री ने सचिवालय परिसर में साफ-सफाई एवं वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उपस्थित कर्मियों से बातचीत की और कार्य पद्धति की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह उपस्थित थे।

भारत में क्षयरोग की दवाओं की कोई कमी नहीं : स्वास्थ्य मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि भारत में टीबी-रोधी दवाओं की कोई कमी नहीं है और इन दवाओं का छह महीने या उससे अधिक समय का पर्याप्त भंडार है। मंत्रालय ने भारत में क्षयरोग (टीबी) की दवाओं की कमी के आरोप वाली और राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत इन दवाओं के प्रभाव पर सवाल खड़ा करने वाली मीडिया में आई खबरों को भ्रामक बताया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस तरह की खबरें भ्रामक हैं, जिनमें टीबी की दवाओं की उपलब्धता पर कोई विशिष्ट जानकारी नहीं है। दवा के प्रति संवेदनशील क्षयरोग के उपचार में दो महीने के लिए 4 एफडीसी (आइसोनियाजिड, रिफैम्पिसिन, एथमब्यूटोल और पाइराजिनामाइड) के रूप में उपलब्ध चार दवाएं शामिल हैं, इसके बाद दो महीने के लिए 3 एफडीसी (आइसोनियाजिड, रिफैम्पिसिन और एथमब्यूटोल) के रूप में उपलब्ध तीन दवाएं शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा, ये सभी दवाएं छह महीने या उससे अधिक समय के भंडार के साथ उपलब्ध हैं।

मणिपुर में केंद्र सरकार को अपनी निष्क्रियता पर शर्म आनी चाहिए : प्रियंका

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मणिपुर में जुलाई से लापता हुए दो छात्रों के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया में आने के बाद मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उसे पूर्वोत्तर के इस प्रदेश में अपनी निष्क्रियता पर शर्म आनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मणिपुर से और चौंकाने वाली खबर आई है। बच्चे जातीय हिंसा के सबसे अधिक शिकार हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करें। उन्होंने दावा किया कि मणिपुर में हो रहे भयानक अपराध शब्दों से परे हैं, फिर भी उन्हें निरंतर जारी रहने दिया जा रहा है। कांग्रेस महासचिव ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा, केंद्र सरकार को अपनी निष्क्रियता पर शर्म आनी चाहिए। मणिपुर में जुलाई से लापता दो छात्रों के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आने के बाद राज्य सरकार ने लोगों से संयम बरतने और अधिकारियों को पूरे मामले की जांच करने देने की अपील की है। छात्रों की पहचान फिजाम हेमजीत (20) और हिजाम लिनथोइनगांबी (17) के रूप में की गई। दोनों जुलाई से लापता थे। लापता छात्रों की दो तस्वीरें सोमवार रात सोशल मीडिया पर आईं। इनमें से एक तस्वीर में कथित तौर पर छात्र दो हथियारबंद लोगों के साथ नजर आ रहे हैं और दूसरी तस्वीर में दो शव दिख रहे हैं।

केन्द्र सरकार ने अब तक नौ लाख से अधिक नौकरियां दीं : जितेंद्र

प्रात : किरण

नई दिल्ली। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि 2014 के बाद से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नौ लाख से अधिक लोगों की भर्तियां की हैं, जबकि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की पूर्ववर्ती सरकार के पहले नौ वर्ष के दौरान छह लाख लोगों को रोजगार दिया गया था। सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में यहां आयोजित रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले नौ साल में न केवल नौकरियां पैदा हुई हैं बल्कि प्रधानमंत्री ने युवाओं में इस बात को लेकर जागरूकता भी पैदा की है कि रोजगार का मतलब केवल सरकारी नौकरियां नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इसी लिए स्टार्ट-अप की संख्या लगभग 350-400 से बढ़कर 1.25 लाख हो गई है। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आपने (प्रधानमंत्री ने) अंतरिक्ष क्षेत्र को भी खोल दिया है और (इस क्षेत्र में) स्टार्ट अप की संख्या चार से बढ़कर 150 हो गई है। विशेष रूप से, चंद्रयान -3 की सफलता के बाद अंतरिक्ष क्षेत्र में युवाओं के बीच जबरदस्त रुचि देखी गई है। सिंह ने कहा कि राजग के कार्यकाल में रोजगार और पदोन्नति में काफी बढ़ोतरी हुई है। मंत्री ने कहा, संप्रग की सरकार के पहले नौ वर्ष में मुश्किल से छह लाख सरकारी नौकरियां पैदा हुईं। आपके (प्रधानमंत्री मोदी के) कार्यकाल में नौ लाख से अधिक पदों पर भर्तियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि संप्रग के शासन में कुछ लोग उसी पद से सेवानिवृत्त हो जाते थे, जिस पद पर उनकी भर्ती हुई थी, जिससे वे हतोत्साहित थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बड़े पैमाने पर पदोन्नति की। रोजगार मेला मंगलवार को देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया और प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे भारत में लगभग 51 हजार नियुक्ति पत्र वितरित किए।

स्कूल परिसर से बाहर निकलते छात्रा का अपहरण

मालसलामी थाना की पुलिस ने दो को लिया हिरासत में, छात्रा को बरामद करने को छापेमारी जारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना क्षेत्र के कटरा बाजार की रहने वाली छात्रा का अपहरण स्कूल परिसर से निकलने के दौरान कार सवार चार लोगों ने कर लिया। इस संबंध में मालसलामी थाना की पुलिस स्कूल के आसपास रहे सीसीटीवी का फुटेज निकाल कर चार में से दो की पहचान कर उसे हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ करने के बाद पुलिस छात्रा को बरामद करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। मंगलवार को करीब 12 साल की छात्रा वैष्णवी बाइपास थाना क्षेत्र के मरचा-मरची रोड स्थित केशव सरस्वती सैनिक स्कूल में सातवां की छात्रा है।

अपराह्न करीब दो बजे स्कूल से छुट्टी होने के बाद वह स्कूल परिसर से बाहर निकली ही थी कि कार में सवार चार लोगों ने छात्रा वैष्णवी का अपहरण कर वाहन में बैठा लिया और भाग निकले। कटरा बाजार के रहने वाले रंजीत मेहता और मां अंजन मेहता की पुत्री वैष्णवी जब अपराह्न चार बजे तक घर नहीं पहुंची, तब परिजनों को चिंता हुई। उन सबों ने

स्कूल प्रशासन से संपर्क किया और छात्रा के साथ घर लौटने वाली उसकी सहेलियों से भी जानकारी जुटाने लगे। परिजनों को इस बात का पता चल गया की छात्रा स्कूल गई थी और छुट्टी के बाद स्कूल से बाहर भी निकली है। इसके बाद परिजनों ने अपने स्तर से तहकीकात करते हुए स्कूल के बाहर में निजी तौर पर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने का काम शुरू किया। इस दौरान स्पष्ट हुआ कि एक कार में सवार चार लोग थे। इसमें से दो लोग छात्रा को खींच कर कार में बैठा लिया और वहां से फरार हो गए। इस संबंध में मालसलामी थाना की पुलिस को सूचित किया गया। पिता रंजीत मेहता ने लिखित में अपनी पुत्री का अपहरण किए जाने के संबंध में मामला दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने छात्रा को खींचकर कार में बैठाने वाले दो लोगों की पहचान की और उन दोनों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की है। वहीं कार में रहे दो लोगों का चेहरा स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि बताया जाता है कि हिरासत में लिए गए दोनों युवक ने पुलिस को उन दोनों का नाम और पता बताया है। इस संबंध में पूछे जाने पर मालसलामी थाना के थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने बताया कि घटना हुई है और उन सबों का प्रयास पहले छात्र को सकुशल बरामद करना है। इस दिशा में वे लोग लगातार छापेमारी कर रहे हैं। बाद में वे पूरी घटना से अवगत कराएंगे। बताया जाता है कि जिन दो अपहरणताओं को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया है, वह दोनों मालसलामी थाना क्षेत्र के नुरुद्दीनगंज के रहने वाले हैं। फिलहाल अपहृत छात्रा के परिजन और उसके ननिहाल वाले, जो बेगमपुर सती चौरा के पास के रहने वाले हैं, सभी अपने स्तर से पुलिस के सहयोग से छात्र को बरामद करने की दिशा में प्रयत्नशील हैं।

पुनपुन घाट हाल्ट पर 08 जोड़ी ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

नई दिल्ली, एजेंसी

पटना। पितृपक्ष मेला के दौरान श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा 28 सितंबर से 14 अक्टूबर तक पुनपुन घाट हाल्ट पर निम्नलिखित 08 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों का दो-दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया जा रहा है। गाड़ी सं. 18625/18626 पूर्णिया कोर्ट-हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 18623/18624 इसलामपुर-हटिया-इसलामपुर एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 13243/13244 पटना-भभुआ रोड-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 13347/13348 पटना-बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 13349/13350 सिंगरौली-पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 12365/12366 पटना-रांची-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 13329/13330 पटना-धनबाद-पटना गंगा दामोदर एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 14223/14224 राजगीर-वाराणसी-राजगीर बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस, इसके साथ ही 28 सितंबर से 14 दिसंबर तक अनुग्रह नारायण रोड और चिरैला पौथू के बीच स्थित अनुग्रह नारायण स्नान घाट पर भी निम्नलिखित 04 जोड़ी ट्रेनों का दो-दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया जा रहा है। गाड़ी सं. 03383/03384 गया-डीडीयू-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल, गाड़ी सं. 03691/03692 गया-डेहरी ऑन सोन-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल, गाड़ी सं. 03381/03382 गया-डेहरी ऑन सोन-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल, गाड़ी सं. 13305/13306 धनबाद-सासाराम-धनबाद इंटरसिटी पैसेंजर।

नियुक्ति पत्र प्रधानमंत्री ने 51 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र.....

लड़कियों के लिए भविष्य के नए दरवाजे खोलना सरकार की नीति : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि संसद के नए भवन में महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने से देश के नए भविष्य की शुरूआत हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लड़कियों के लिए भविष्य के नए दरवाजे खोलना उनकी सरकार की नीति है। मोदी ने विभिन्न सरकारी विभागों में 51 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से एक रोजगार मेले को संबोधित करते हुए शासन में प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने नवनियुक्त कर्मचारियों से कहा कि सरकारी योजनाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग से भ्रष्टाचार और जटिलताओं पर अंकुश लगा है तथा विश्वसनीयता और आराम में इजाफा हुआ है। प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को मिल रहीं प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), ट्रेन टिकट की बुकिंग और डिजिटल लॉकर सहित अन्य सुविधाओं का हवाला देते हुए उन्होंने नवनियुक्त कर्मियों को नागरिक-प्रथम की भावना से काम करने की सलाह दी। उन्होंने युवाओं से शासन में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग अधिक से अधिक करने के लिए कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार निरंतर निगरानी, मिशन मोड कार्यान्वयन और सरकारी योजनाओं में जन भागीदारी के आधार पर एक नई मानसिकता के साथ काम कर रही है और इसका उद्देश्य योजनाओं का 100 प्रतिशत क्रियान्वयन है। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए ऐतिहासिक फैसलों और उपलब्धियों का समय है और हाल में संसद द्वारा पारित महिला आरक्षण विधेयक से देश की 50 प्रतिशत आबादी को काफी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया है उनमें कई तो ऐसे भी होंगे जिनका जन्म भी नहीं हुआ होगा जब इस विधेयक को पहली बार संसद में पेश किया गया था। उन्होंने कहा कि नए भारत का सपना बड़ा है और अंतरिक्ष से लेकर खेलों तक लड़कियों की मौजूदगी बढ़ रही है। उन्होंने



कहा कि उन्हें अब सशस्त्र बलों में शामिल किया जा रहा है।

रोजगार मेला देशभर में 46 स्थानों पर किया गया आयोजित :

प्रधानमंत्री ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले को संबोधित किया और नवनियुक्त 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। देशभर से चुने गए युवा डाक विभाग, भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय एवं परिवार कल्याण सहित अन्य विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में शामिल होंगे। रोजगार मेला देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ऐतिहासिक उपलब्धियों का गवाह बन रहा है। नये भारत की बढ़ती आकांक्षाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस नये भारत के सपने ऊंचे हैं। भारत ने 2047 तक विकसित भारत बनने का संकल्प लिया है। उन्होंने रेखांकित किया कि अगले कुछ वर्षों में देश-दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा जहां सरकारी कर्मचारियों को आने वाले समय में बहुत योगदान देना होगा।

केन्द्रीय मंत्री पारस ने पटना में नियुक्ति पत्र का किया वितरण

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रोजगार मेला के तत्वाधान में पटना के शास्त्रीनगर ऊर्जा भवन ऑडिटोरियम में नियुक्ति पत्र का वितरण किया। श्री पारस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक साल में भारत सरकार द्वारा मिशन मोड में 10 लाख लोगों की नियुक्ति करने का निर्णय देश में ऐतिहासिक और खासकर युवाओं के लिए हितकारी है, जो युवाओं में आशा और उत्साह का संचार करेगा। 10 लाख नियुक्तियों के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हर माह लगभग 70 से 75 हजार युवाओं की नियुक्ति की यह प्रक्रिया साल भर जारी रहेगी। इसी संदर्भ में अगली कड़ी के रूप में मंगलवार को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में 45 विभिन्न जगहों पर विभिन्न विभागों में युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। इस केंद्र पर आज विभिन्न विभागों में 115 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है।

प्रेमनगर बाजार में शौचालय न होने से भटकते हैं खरीदार

रूड़की, एजेंसी। प्रेमनगर बाजार आसपास के करीब तीस से अधिक गांवों का मुख्य बाजार है। यहां प्रतिदिन काफी संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं। लेकिन बाजार में एक शौचालय तक नहीं है। जिससे खरीदारों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ती है। स्थानीय व्यापारी बाजार में एक शौचालय की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन न तो कैंट बोर्ड और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधि इसकी सुध ले रहे हैं। दरअसल, प्रेमनगर बाजार में मोहनपुर, श्यामपुर, ठाकुरपुर, बनियावाला, सेवली सहित करीब तीस गांवों के लोग खरीदारी करने आते हैं। साथ ही यहां कई, बैंक, स्कूल सहित अन्य सरकारी प्रतिष्ठान भी हैं। जिससे यहां रोज हजारों लोगों की आवाजाही होती है। बाजार में शौचालय की सुविधा न होने से खरीदारी करने वालों के साथ ही सरकारी कार्यालयों में आने-वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। खासकर महिलाओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कैंट बोर्ड की ओर से सालों पहले यहां सार्वजनिक शौचालय तो बनाया था, लेकिन वर्तमान में उसकी हालत ऐसी है कि वहां कोई जाना पसंद नहीं करता। स्थानीय लोग कई बार शौचालय की मांग कर चुके हैं, लेकिन आज तक यहां शौचालय नहीं बन पाया है।

सिंचाई विभाग के भवन में चल रहा त्यूणी थाना

रूड़की, एजेंसी। देहरादून जिले के दुर्गम क्षेत्र स्थित त्यूणी थाने को सात साल बाद भी अपना भवन नसीब नहीं हुआ है। थाना सिंचाई विभाग के भवन के तीन कमरों में चल रहा है। त्यूणी थाना खोले जाने के निर्णय के बाद प्रदेश की राजनीति भी खूब गरमाई थी। एक बार शासनादेश जारी होने के बाद तत्कालीन सरकार ने इसे निरस्त कर दिया था। लेकिन, बाद में विपक्षी दल समेत कई संगठनों ने इसका विरोध किया। अंतत- 18 दिसंबर 2016 को त्यूणी जिले का 20वां थाना बन गया। इस भवन का एक कमरा थाना प्रभारी का है। दूसरे में कार्यालय और तीसरे में पुलिस बैरक बनी हुई है। बैरक में सभी कर्मचारी एक साथ जमीन पर ही आराम करते हैं। त्यूणी देहरादून जिले की दुर्गम तहसील है। त्यूणी क्षेत्र की सीमा पड़ोसी राज्य हिमाचल के शिमला जिला और पड़ोसी जिला उत्तरकाशी की मोरी ब्लॉक से लगती है। जिसे देखते हुए यहां त्यूणी में थाना खोला गया। त्यूणी थाने में थाना प्रभारी और उपनिरीक्षक के साथ ही सिपाही के 14 पद हैं। पदों के सापेक्ष सभी पुलिस कर्मी तैनात हैं।

90 सैंपलों में से पांच मिले डेंगू के मरीज

हरिद्वार, एजेंसी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी की गई डेंगू की एलाइजा जांच रिपोर्ट में पांच डेंगू के नए मरीज मिले हैं। जिससे जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या का आंकड़ा बढ़कर चार सौ के करीब पहुंच गया है। जिला मलेरिया अधिकारी गुरनाम सिंह ने बताया कि 90 सैंपलों को एलाइजा जांच के लिए भेजा गया था। जिनमें से नगर निगम हरिद्वार क्षेत्र में तीन डेंगू के मरीज मिले हैं। इनमें जुनार बस्ती, ब्रह्मपुरी और राजपुर में एक-एक मरीज सामने आया है। बहादराबाद ब्लॉक के इब्राहिमपुर और रावली महदूद गांव में भी एक-एक मरीज डेंगू का नया मिला है। उन्होंने बताया कि जनपद में डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 387 पहुंच गई है।

पुलिस को चुनौती दे चोर लुटेरे छीन रहे शहरवासियों का चेन

रूड़की, एजेंसी। गली मोहल्लों और मुख्य मार्गों पर चोर लुटेरे पुलिस के चुनौती दे रहे हैं। बीते एक सप्ताह के भीतर शहर में जेवर और मोबाइल लूट की चार घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हालांकि, इन घटनाओं में से तीन का पुलिस ने खुलासा भी कर दिया है। इस बीच नए पुलिस कप्तान की सख्ती का असर भी देखने को मिल रहा है। अक्सर जिन घटनाओं को पुलिस दर्ज करने में परहेज करती थी उन्हें तत्काल दर्ज भी किया जा रहा है। इससे एकाएक घटनाओं में वृद्धि देखने को मिल रही है।

77 लाख में बनेंगे शौचालय, चेंजिंग रुम और का काउंटर

ऋषिकेश, एजेंसी। गंगा नदी राफ्टिंग प्रबंध समिति टिहरी गढ़वाल की ओर से राफ्टिंग के पांच स्थलों पर शौचालय, चेंजिंग रुम और काउंटर की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए समिति को शासन से करीब 77 लाख की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। महीने भर में इसका निर्माण कार्य शुरू होगा। रीवर राफ्टिंग के लिए मुनि की रेती, तपोवन, स्वर्गाश्रम, लक्ष्मणझूला और आस पास क्षेत्र में रोजाना हजारों तादाद में पर्यटक राफ्टिंग की लिए आते हैं। पर्यटकों को कोई असुविधा न हो इसके लिए मरीन ड्राइव, शिवपुरी, ब्रह्मपुरी, निम बीच, फूलचट्टी में शौचालय, चेंजिंग रुम और काउंटर का निर्माण होगा। राफ्टिंग व्यावसायियों की ओर से गंगा नदी राफ्टिंग प्रबंध समिति को प्रति पर्यटक 20 रुपये सुविधा शुल्क दिया जाता है। लेकिन राफ्टिंग प्वांइटों पर पर्यटकों ने लिए चेंजिंग रुम, शौचालय, रास्ते आदि की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मुंबई आदि प्रांतों के पर्यटक अपने को ठगा सा महसूस करते हैं।

पुलिस ने 67 मकान मालिकों का चालान किया

ऋषिकेश, एजेंसी। थाना मुनि की रेती पुलिस ने किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 67 मकान मालिकों का चालान किया है। छह लाख 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। थाना मुनि की रेती के प्रभारी निरीक्षक रितेश साह ने बताया कि क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन की कार्रवाई की गई। जिसके तहत रविवार को कैलाश गेट, चौदह बीघा, बंदा पुल, भजनगढ़ रोड, राजीव ग्राम, चीनी गोदाम रोड आदि क्षेत्रों में सत्यापन अभियान चलाया गया। पुलिस ने बाहरी व्यक्तियों और किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराने वाले 67 मकान मालिकों के दस-दस हजार रुपये का चालान किया है।

युवक ने दुकान में फांसी लगाकर दी जान, पुलिस कर रही मामले की जांच

ऋषिकेश, एजेंसी। ऋषिकेश में एक युवक की आत्महत्या का मामला सामने आया है। रेलवे रोड पर मोबाइल की दुकान का संचालन करने वाले एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान में ही फांसी लगा ली। परिवार वाले उसे तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सौरभ खट्टर (32 वर्ष) की रेलवे रोड पर व्हाट्सएप टेलीकॉम के नाम से मोबाइल की दुकान है। कोतवाल केआर पांडेय ने बताया की सोमवार की सुबह सौरभ ने दुकान खोली थी। कुछ देर बाद उसका भाई दुकान पर पंहुचा तो दुकान का शटर बंद मिला। जब उसने शटर खोलकर देखा तो सौरभ दुकान के भीतर फांसी पर लटका हुआ था।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सौरव को फंदे से नीचे उतारकर उसे राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पेंशन शंखनाद रैली में 1500 कार्मिक जाएंगे दिल्ली

अल्मोड़ा, एजेंसी। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन की रैमजे इंटर कॉलेज बैठक हुई। वक्ताओं ने कहा कि पेंशन कर्मचारी का हक है, इसे देने में सरकार हाथ पीछे खींच रही है।

संगठन के जिलाध्यक्ष गणेश भंडारी ने कहा कि विधायकों और सांसदों का एक दिन के लिए चुनाव होने पर उन्हें पेंशन मिलती है, लेकिन अपने जीवन को जनता की सेवा में समर्पित करने वाले कार्मिक को पेंशन नहीं दी जा रही। उन्होंने कहा कि जिले से 1500 से अधिक कार्मिक दिल्ली में आयोजित पेंशन शंखनाद रैली में जाएंगे।

इस दौरान एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन का कुमाऊं मंडल अध्यक्ष निर्वाचित होने पर पुष्कर सिंह भैसोड़ा का स्वागत किया गया। इसके बाद कार्मिकों ने आईटीआई अनुदेशक कुलदीप रावत के निधन पर शोक जताया। इस मौके पर भूपाल सिंह चिलवाल, प्रांतीय कोर कमेटी के सदस्य धीरेंद्र पाठक, जगदीश भंडारी, मनोज कुमार जोशी आदि मौजूद रहे।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक भिकियासैंण तहसील सभागार में हुई। इस दौरान अध्यक्ष प्रेम प्रकाश जोशी ने बताया कि 30 सितंबर को दिल्ली में होने वाली रैली में भाग लेने वाले शिक्षक और कर्मचारी ब्लॉक कार्यालय से पनपोला तक पदयात्रा निकालेंगे।

जयंती पर कुमाऊं के अंतिम राजा आनंद सिंह को किया याद

अल्मोड़ा, एजेंसी। कुमाऊं के अंतिम राजा चंद शासक राजा आनंद सिंह देव की 137वीं जयंती जगदंबा दरबार ड्योड़ीपोखर में मनाई गई। राज पुरोहित नागेश चंद्र पंत ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राज पुरोहित नागेश चंद्र पंत ने कहा कि राजा आनंद सिंह समाज सेवी, सर्वधर्म प्रेमी, मां जगदंबा के उपासक थे। वह 1921- 23 तक कुमाऊं के एमएलसी रहे। उन्होंने कुमाऊं रेजीमेंट (सेना) की स्थापना की। किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए भी काम किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए उस दौर में पौधरोपण कार्यक्रम भी चलाया था। 25 मार्च 1938 में वह पंचतत्व में विलीन हो गए। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, नरेंद्र चंद्र सिंह, हरीश पंत, दिनेश पंत, चंद्रेश पंत, आदित्य पंत, हेमा पंत, विजया पंत, ज्योत्सना पंत, कल्पलता पंत आदि मौजूद रहीं।

शेडवुड और सेंट जोसेफ कॉलेज ने जीती ट्रॉफी

नैनीताल, एजेंसी। न्यू क्लब में आयोजित सातवीं रोहित टंडन स्मृति अंतरविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में रविवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। बालिका वर्ग में शेरवुड कॉलेज ने जबकि बालक वर्ग में सेंट जोसेफ कॉलेज ने चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा किया। मुख्य अतिथि भारतीय साइकिलिंग फेडरेशन के उपाध्यक्ष विमल चौधरी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। बालिका वर्ग का युगल मुकाबला शेरवुड कॉलेज की तान्या, अनाद्या और सहेज, परिधि के मध्य खेला गया। सहेज व परिधि की जोड़ी ने मुकाबला जीत लिया। बालक वर्ग के युगल मुकाबले में शेरवुड कॉलेज के माधव, श्रद्धांश और अवीक, पार्थ आमने सामने रहे। इसमें अवीक और पार्थ ने मुकाबला जीता। इसके साथ ही बालिका वर्ग के एकल मुकाबले में सहेज गिल और रुहानिका गुलाटी आमने-सामने रहीं। जिसमें सहेज गिल विजयी रहीं। कनिष्ठ बालक वर्ग का मुकाबला सेंट जोसेफ कॉलेज के सुयश और कबीर के मध्य खेला गया, जिसमें कबीर जीते। बालक वर्ग में अंजीश और अंकुश सिंह आमने सामने रहे, जिसमें अंकुश ने जीत हासिल की।

ऑटो और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत

रूड़की, एजेंसी। कनखल थाना क्षेत्र में एक ऑटो और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है। दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घटना शुक्रवार देर रात की है। बुड्ढी माता मंदिर के पास एक ऑटो और बाइक आपस में टकरा गई। घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया। स्थिति गंभीर देखते हुए उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि मृतक बाइक चालक की पहचान किशोर (47 वर्ष) निवासी राजा गार्डन जगजीतपुर के रूप में हुई है।

संत पर महिला ने लगाए उत्पीड़न के आरोप

रूड़की, एजेंसी। एक महिला ने श्यामपुर गाजीवाली क्षेत्र के एक संत पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता करते हुए दिल्ली निवासी महिला ने बताया कि संत उनका लंबे समय से मानसिक व शारीरिक रूप से उत्पीड़न कर रहा है। जमीन खरीदने के नाम पर उससे लाखों रुपये हड़पे हैं। वाहन खरीदने व आश्रम निर्माण के नाम पर उससे धोखाधड़ी कर लाखों ऐंठ लिए हैं। उसके दामाद के नाम पर खरीदे गए वाहन की किश्ते संत ने चुकाने का वादा किया था। लेकिन, किश्तें नहीं चुकाने की वजह से बैंक का कर्ज बढ़ता जा रहा है।

नशे में वाहन चलाने पर दो कार और एक दोपहिया सीज

ऋषिकेश, एजेंसी। ऑपरेशन मर्यादा के तहत सार्वजनिक/धार्मिक स्थलों व नदी किनारे पर्यटक स्थलों पर अभियान चलाकर धार्मिक/ पर्यटन स्थलों को गंदा कर रहे व शराब का सेवन कर रहे व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 14 व्यक्तियों से पुलिस अधिनियम के तहत चालान कर कुल 3750 जुर्माना वसूला गया। तीन व्यक्तियो को नशे मे वाहन चलाते हुए गिरफ्तार कर दो कार व एक बाइक को सीज किया गया। थानाध्यक्ष उत्तम रमोला ने कहा कि सूर्यधार मार्ग पर पिछले हफ्ते नहाते हुए एक युवक की डूबने से मौत हो गई थी। जिसके बाद इस मार्ग पर पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है।

कांग्रेस नेता के खिलाफ राज्य आंदोलनकारियों का धरना

द्वाराहाट (अल्मोड़ा), एजेंसी। राज्य आंदोलनकारियों ने कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर प्रदर्शन करते हुए सांकेतिक धरना दिया। कहा कि उन्होंने पूर्व जिलाध्यक्ष के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। नगर पंचायत परिसर में संगठन अध्यक्ष मनोज अधिकारी के नेतृत्व में धरना दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह रावत उन्हें और क्षेत्र के लोगों को डराते-धमकाते रहते हैं। बीते दिनों उन्होंने विधायक के साथ इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक के साथ अभद्रता की। कहा कि उन्होंने पूर्व में उनके खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई। चेतावनी दी कि जल्द उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने सोमवार यानि आज से अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान भी किया है। यहां सुरेन्द्र लाल साह, गोपाल सिंह रांणा, विजय चौधरी, बीरेंद्र बजेठा, दान सिंह राणा, गोपाल सिंह रौतेला, कैलाश फुलारा, मोहन चंद्र तेवाड़ी आदि शामिल रहे।

निलंबित प्रधानाध्यापक के खिलाफ केस दर्ज

दिनेशपुर, एजेंसी। राजकीय प्राथमिक विद्यालय उदयनगर के प्रधानाध्यापक के खिलाफ पुलिस ने छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया है। एक पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने कार्यवाही की है। मामले में प्रधानाध्यापक को निलंबित किया जा चुका है। घटना के बाद से ही प्रधानाध्यापक भूमिगत बताया जा रहा है। शनिवार को स्कूल के प्रधानाध्यापक रामप्रकाश गंगवार पर छात्राओं और भोजन माता ने छेड़खानी व अश्लील हरकत करने के आरोप लगाया था। ग्रामीणों ने स्कूल पहुंचकर जमकर हंगामा करते हुए कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। लोगों का कहना था कि प्रधानाध्यापक के खिलाफ पहले भी ऐसी शिकायतें आई थीं। सूचना पर पहुंचे बीईओ और पुलिस ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया था। बीईओ की संस्तुति पर सीईओ आरसी आर्या ने आरोपी प्रधानाध्यापक को निलंबित कर बीईओ कार्यालय गदरपुर से संबद्ध कर दिया।

दून के त्यूणी में गुलदार ने पशुपालक की 3 बकरियों को बनाया निवाला, वन विभाग अधिकारियों से उचित मुआवजे की मांग

त्यूणी, एजेंसी।

चकराता वन प्रभाग से जुड़े देवघार व बावर रेंज की सीमा से सटे नुणाईथात के जंगल में गुलदार का आंतक छाने से ग्रामीण पशुपालकों की नींद उड़ गई। गुलदार ने जंगल में चुगान के समय मवेशी की टोली हमला कर तीन बकरियों को निवाला बनाया। प्रभावित पशुपालक ने वन विभाग अधिकारियों से नुकसान के एवज में उचित मुआवजे की मांग की है।

फनार निवासी स्थानीय पशुपालक गोविंद सिंह रोज की तरफ अपने पशु एवं मवेशी को चरान-चुगान के लिए नुणाईथात के जंगल में लेकर गया था। इस दौरान जंगल में गुलदार ने पशुपालक की तीन बकरियों को मार दिया। गुलदार के हमला करने से भयभीत ग्रामीण पशुपालक ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। पशुपालक के शोर मचाने से आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे।

सामाजिक कार्यकर्ता नीटू राणा ने कहा कि देवघार रेंज त्यूणी और बावर रेंज दारागाड़ के सीमा सटे नुणाईथात के आरक्षित जंगल में गुलदार की सक्रियता से क्षेत्र के लोग भयभीत हैं। ग्रामीण अपने पशुओं को जंगल में चुगाने को ले जाने से कतरा रहे हैं।

एशियाई खेलों में दिखेगा पांच का पंच

रुद्रपुर, एजेंसी। चीन के हांगझोऊ शहर में चल रहे एशियाई खेलों में जिले के पांच खिलाड़ी देशभर के खेल प्रेमियों की उम्मीदों को मुकाम तक पहुंचाने के लिए दमखम लगाएंगे। एशियाई खेलों में प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत कर ली है। खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पदक जरूर लाएंगे। इनमें से तीन खिलाड़ीर पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी में दमखम दिखाएंगे तो एक-एक खिलाड़ी पैरा लॉन बॉल और एक जु-जित्सु में देश का प्रतिनिधित्व करेगा। आइये जानते हैं इन खिलाड़ियों के बारे में...। 22 से 28 अक्तूबर तक चीन में होने वाले पैरा एशियन गेम्स के लिए रुद्रपुर के इंदिरा बंगाली कॉलोनी निवासी मनोज सरकार ने कड़ी मेहनत की है। मनोज सरकार एशियन गेम्स खेलने से पहले पेरिस में होने वाले पैरालंपिक खेल के क्वालीफायर राउंड में ऑस्ट्रेलिया में प्रतिभाग करेंगे। ऑस्ट्रेलिया में दो से छह अक्तूबर तक पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन होगा। उनका कहना है कि देश के खाते में पदक डालने के लिए वह पूरी शिद्दत से मेहनत कर रहे हैं। बाजपुर की गोल्डन गर्ल अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनदीप कौर पहली बार एशियन गेम्स में प्रतिभाग करने जा रही है। जिले की उभरती हुई खिलाड़ी मनदीप का लक्ष्य अगले साल पेरिस में होने वाले पैरालंपिक खेल का है। चीन के हांगझोऊ में खेलने से पहले मनदीप भी ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के लिए तैयारियां कर रही हैं।

भूकंप के झटकों से डोली धरती, रिक्टर स्केल पर 3.0 रही तीव्रता, मोरी ब्लॉक रहा केंद्र

उत्तरकाशी, एजेंसी। उत्तरकाशी में सोमवार सुबह तेज भूकंप का झटका महसूस किया गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.0 रही। उत्तरकाशी जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में सोमवार आज सुबह 8-35 बजे भूकंप के झटके महसूस किया गया। हालांकि भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का केंद्र हिमाचल राज्य से लगे मोरी ब्लॉक के कोठीगाड रेंज में जमीन से पांच किमी नीचे था। बता दें वर्ष 1991 के विनाशकारी भूकंप के बाद से अब तक जनपद में 70 से अधिक भूकंप के झटके आ चुके हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की ओर से भूकंप के पुष्टि की गई। इससे पहले भी उत्तरकाशी में भूकंप के झटकों से धरती डोली है। बीते 29 अगस्त को भी यहां 2.8 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया था। तब भूकंप का केंद्र बड़कोट स्यालना के जंगलों में जमीन से पांच किमी नीचे था।

जेके मोंगा अध्यक्ष और दर्शन बने महासचिव

हरिद्वार, एजेंसी। गोविंदपुरी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन एक होटल में किया गया। जिसमें नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। अध्यक्ष जेके मोंगा व महासचिव दर्शन कुमार शर्मा के निर्वाचित होने के बाद उनकी ओर से सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

उन्होंने बताया कि विनोद कुमार शर्मा सहायक सचिव, तेज सिंह प्रधान, केके शर्मा, दिनेश पुंज को संरक्षक, बृजलाल मनचंदा, नरेंद्र पाल, एसके महेंद्रा, डीएन जुयाल को उपाध्यक्ष, जगमोहन सिंह, नरपाल सिंह, विनोद नेगी को संगठन सचिव, प्रवक्ता एबी भारतीय को नियुक्त किया गया। मीडिया प्रभारी मोहित सारस्वत, वित्तीय सलाहकार ध्रुव मोंगा, एसएस यादव, एचसी कुकरेजा, हरमोहन सिंह, मुकेश जोशी, एनके शर्मा, मधु नानकानी को सलाहकार समिति सदस्य बनाया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची नगर निगम की अधिशासी अभियंता रचना पायल ने कहा कि समिति की ओर से सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। नए पदाधिकारी भी समिति और शहर के विकास के लिए कार्य करेंगे। ऐसी उन्हें उम्मीद है।

आरसीसी फोरलेन हाईवे में एक माह बाद ही गड्ढे

हल्द्वानी, एजेंसी। काठगोदाम से गौलापार होते हुए रुद्रपुर तक फोरलेन हाईवे का काम चल रहा है। एक महीने पहले बने हाईवे के कुछ जगह उखड़ने पर लोगों ने सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। उधर एनएचएआई का कहना है कि कंपनी को 15 वर्ष तक सड़क का रखरखाव करना है। खराब सड़क को सही करा दिया जाएगा। एनएचएआई ने 2017 से फोरलेन हाईवे पर काम शुरू किया था। सद्भाव कंपनी हाईवे का काम काम तय समय पर नहीं कर पाई। इस पर एनएचएआई ने 2023 में सद्भाव कंपनी से काम छीनकर गाबर कंपनी को दे दिया। अब गाबर कंपनी अधूरे पड़े फोरलेन हाईवे का निर्माण कर रही है। गाबर कंपनी ने एक महीने पूर्व जो सड़क बनाई थी। उसका सर्फेस कई जगह से उखड़ने लगा है। बेरीपड़ाव से लेकर मोटाहल्दू तक सड़क पर गड्ढे बन गए हैं। बता दें कि ये सीसी मार्ग है। ग्रामीणों ने हाईवे की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। उधर एनएचएआई की परियोजना इंजीनियर मीनू ने कहा कि सड़क मानकों के हिसाब से बन रही है। कंपनी को सड़क का रखरखाव 15 साल तक करना है। कहीं पर सड़क खराब होगी तो कंपनी उसे सही करेगी।

हल्दूचौड़ निवासी लक्ष्मी दत्त बमेटा ने कहा कि एक महीने पहले बने हाईवे पर गड्ढे होने लगे हैं। कहा कि कंपनी मानकों के हिसाब से काम नहीं कर रही है। मोटाहल्दू निवासी संदीप पांडे ने कहा कि कंपनी मानकों की अनदेखी कर रही है। मोटाहल्दू में सड़क चलने लायक तक नहीं बची है। ठेकेदार राजू भट्ट ने बताया कि कंपनी हाईवे बनाने में जो मिट्टी प्रयोग कर रही है।

स्वयंसेवियों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

काशीपुर, एजेंसी। उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवियों ने रविवार को स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। इनका शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य संजय अग्रवाल समेत कई अतिथियों ने किया। स्वयंसेवकों ने लक्ष्य गीत, लघु नाटिका प्रस्तुत की। एसएनए विनोद लाल शाह, प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता ने स्वयंसेवकों को एनएसएस बी एवं सी प्रमाणपत्र बांटे। कार्यक्रम अधिकारी दीपक शर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने कटोरातल, खालसा, लाहोरियान, डॉक्टर लाइन, मुख्य बाजार समेत कई बस्तियों में स्वच्छता जनजागरूकता रैली निकाली। वहां मेजर मुनीशकांत शर्मा, मनोज बिश्नोई, कौशलेश

गुप्ता, शुभम लोहनी आदि रहे।

राजकीय इंटर कालेज शांतिपुरी में एनएसएस स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया गया। सह प्रभारी सुनील कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वयंसेवकों का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य एनबी चंद और एसके श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्य और उसके कार्यक्षेत्र की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहां फकीर सिंह, राजेन्द्र शर्मा प्रीती रावत, पीटीए अध्यक्ष बीएस कोरंगा, सपना कोरंगा सहित अनेक मौजूद रहे।

आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित एनएसएस के स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेविका गीता खत्री ने किया। एनएसएस स्वयंसेवियों ने नाटक से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 27 सितंबर, 2023

समयानुसार कार्यालय पहुंचने का सीएम का निर्देश स्वागतयोग्य : विजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

वित्त, वाणिज्यिक कर एवं संसदीय मामलों के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा लगातार किये जा रहे सचिवालयों के निरीक्षण को स्वातयोग्य कदम बताया है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा समयानुसार कार्यालय पहुंचने का निर्देश को भी स्वागतयोग्य निर्णय बताया है। मंगलवार को जदयू मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में मंत्री श्री चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार के नियमानुसार कार्यालय का समय सुबह 9:30 से संध्या 6:00 बजे तक निर्धारित है और मुख्यमंत्री स्वयं सुबह 9:30 बजे अपने दफ्तर पहुंच जाते हैं इसलिए अगर उन्होंने सभी मंत्रियों और अधिकारियों को सुबह 9:30 बजे तक अपने-अपने कार्यालय पहुंचने का निर्देश दिया है तो यह स्वागतयोग्य निर्णय है और इसका अनुपालन भी होना चाहिए।

कानून को चुनौती देने वाला बख्शा नहीं जाएगा : जमा

केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस के द्वारा एनडीए गठबंधन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की वापसी वाले बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि उनका बयान केवल उनकी भावनाओं पर आधारित है। हकीकत से इसका कोई सम्बंध नहीं है और यह हमारे नेता नीतीश कुमार के विश्वसनीय व्यक्तित्व और असरदार छवि का परिणाम है कि हर कोई नीतीश कुमार को अपने खेमे में रखना चाहता है लेकिन मुख्यमंत्री ने स्वयं कई बार इसको लेकर अपनी स्पष्टता जाहिर की है। मुख्यमंत्री की अगुवाई में इंडिया गठबंधन गठन हुआ है और हम पूरी मजबूती से इंडिया गठबंधन के साथ हैं। विरोधियों के भ्रामक प्रचार और अफवाहों पर ध्यान देने की कोई आवश्यकता नहीं है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खां ने खुसरूपुर में दलित महिला के साथ हुई घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रशासन अपना काम कर रही है, जांचोपरांत जो भी लोग दोषी पाए जाएंगे उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सुशासन की सरकार है। कानून को चुनौती देने वाला व्यक्ति कभी भी बख्सा नहीं जाएगा चाहे कोई कितना भी रसूखदार क्यों न हो। कार्यक्रम में पार्टी के विधानपार्षद संजय कुमार सिंह गांधी जी एवं प्रदेश महासचिव अरुण सिंह सिंह भी उपस्थित थे। इस अवसर पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में पहुंचे आम लोगों की शिकायतों को सुनकर उसके त्वरित निष्पादन हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए सरकार प्रतिबद्ध : ललित

● गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व प्रशिक्षण के प्रति सरकार गंभीर : सुरेंद्र

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री ललित कुमार यादव ने कहा है कि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हर घर नल-जल योजना को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से पंचायती राज से हजारों वार्ड का स्थानांतरण लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में किया गया है। नल जल परियोजना का मेंटेनेंस विभाग के द्वारा किया जा रहा है। मंत्री मंगलवार को राजद कार्यालय में आयोजित सुनवाई कार्यक्रम के दौरा उक्त बातें कही। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में खराब पड़े चापाकल और नए चापाकल के लिए विभाग के स्तर से लगातार कार्य हो रहे हैं। और 14 हजार में चापाकल लगाने और मरम्मती के कार्य किये जा रहे है। 30 सरकारी भवन का निर्माण विभाग के द्वारा कराया गया है, जो पहले भाड़े के मकान से कार्यालय चलता था। साथ ही विभाग ने अपने जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराकर उसकी घेराबंदी भी करा दी है। इनहोने आगे बताया कि हाजीपुर के राघोपुर में गंगा-जल परियोजना से 10 हजार घरों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा भागलपुर के कहलगांव मे भी गंगा जल परियोजना के माधयम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसी तरह की परियोजना से बक्सर, आरा, मनेर, बेगूसराय के मटिहानी और चेरियाबरियारपुर मे इस परियोजना पर काम तेजी से चल रहा है। इस तरह के सरफेश वाटर स्कीम से सप्लाई का कार्य चल रहा है। इस अवसर पर श्रम संसाधन मंत्री सुरेंद्र राम ने कहा कि आईआईटी छात्रो को प्रशिक्षण के लिए टाटा कंपनी से समझौता हुआ उसी के तहत 21 इलेक्ट्रिक वाहन विभिन्न आईआईटी के लिए रवाना किया गया। आने वाले समय में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद टाटा कंपनी प्रशिक्षित को समायोजित भी करेगी। कहा कि राज्य सरकार श्रमिक के द्वार कार्यक्रम के तहत पूरे राज्य भर में पंचायत स्तर पर विशेष अभियान और कैंप लगाकर श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन करवाया जा रहा है, जिसमें एक्सीडेंट, सामान्य मृत्यु, विवाह योजना, बच्चियों के शिक्षा के लिए योजना के साथ-साथ 16 तरह के पात्र को श्रमिक विभाग ने चिन्हित किया है और इस योजना का लाभ आमलोगो को दिया जा रहा है। श्री सुरेन्द्र राम ने आगे कहा कि नियोजन मेला और नियोजन कैंप के माध्यम से 70 हजार नौजवानों को विभिन्न कंपनियों में समायोजित किया गया है। और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इसके प्रति सरकार गंभीर है और इस दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार श्रमिकों के आर्थिक और समाजिक उत्थान के प्रति पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रतिवेदन मंत्री के समक्ष रखा, जिसे सुनकर कार्रवाई की गई। और आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभाग और जिला के अधिकारियों को दिये। बताया कि अगले मंगलवार 03 अक्टूबर, 2023 को विधि मंत्री डाक्टर मो शमीम अहमद एवं आईटी मंत्री मो इसराईल मंसूरी सुनवाई कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार राम एवं संजय यादव भी सुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित थे।

गांधी के भारत को नफरत की भूमि बना रही भाजपा : राजीव

● रमेश विधूड़ी की गलियों पर भाजपा मौन क्यों?

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

रमेश विधूड़ी प्रकरण पर भाजपा के शीर्ष नेताओं की चुप्पी पर सवाल खड़े करते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि नये संसद भवन में विशेष सत्र का अल्पसंख्यक समाज को गलियां दे कर आगाज करने वाले भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी और उसपर ठहाके लगाने वाले दो पूर्व मंत्रियों पर अभी तक न तो कोई कारवाई हुई है और न ही प्रधानमंत्री मोदी या गृहमंत्री अमित शाह जैसे भाजपा के शीर्ष नेताओं ने इसकी निंदा की है। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा भी उन्हें सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत में गांधी के भारत को नफरत की भूमि बनाने का खेल अब खुल कर शुरू हो गया है। भाजपा से सवाल पूछते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि नये संसद भवन को पूरे विश्व के सामने शर्मसार करने रमेश विधूड़ी पर उन्होंने अभी तक कोई कारवाई क्यों नहीं की है? वह बताएं कि किस नेता के दबाव में आकर भाजपा के नेता इस प्रकरण पर कुछ बोलना तो दूर विधूड़ी के बयान की भर्त्सना तक नहीं कर रहे? वह बताएं कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह की चुप्पी को रमेश विधूड़ी के बयान का मौन समर्थन क्यों न समझा जाए? वह बताये कि क्या मोदी जी के नए भारत में अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को इसी तरह खुलेआम गलियां दी जायेंगी? उन्होंने पूछा कि भाजपा के नेता बताएं कि अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को गालियां दिलवा कर भाजपा नई पीढ़ी को कौन सा संदेश देना चाहती है? उन्हें बताना चाहिए कि क्या प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत में अल्पसंख्यक समाज के लोगों को इसी तरह से दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ेगा? क्या इसी तरह भाजपा भारत को विश्वगुरु बनाएगी?

दस गरीबों का मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन

पटना। लायंस क्लब ऑफ सेंटेनियल द्वारा राधा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से दस गरीबों का निःशुल्क फेको विधि से मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया गया। सभी मरीजो का चयन लायंस क्लब ऑफ सेंटेनियल द्वारा आयोजित वृहद आंख जांच शिविर में किया गया था। सभी मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन राधा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री बालाजी नेत्रालय में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया। डॉ मोहनका ने बताया कि इनमें से पांच मरीजो को मोतियाबिंद के कारण एक आंख से बिल्कुल नही दिखाई देता था। मौके पर लायंस क्लब ऑफ सेंटेनियल सचिव अल्पना अग्रवाल ने कहा कि सभी मरीजों को दवा, खाना इत्यादि क्लब की तरफ से दिया जा रहा है। अल्पना अग्रवाल ने कहा कि क्लब द्वारा लगातार गरीबों की सेवा के कार्य किये जा रहें हैं।

जदयू नेता जन अधिकार पार्टी में हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा जिला के पूर्व जदयू जिला अध्यक्ष सोहैलूउद्दीन अंसारी ने मंगलवार को जन अधिकार पार्टी की सदस्यता ग्रहण की हैं। जाप राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने उन्हें माला पहनाकर कर पार्टी में स्वागत किया। जाप राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सोहैलूउद्दीन अंसारी जी को पार्टी में आने से जन अधिकार पार्टी को मिथिला क्षेत्र में मजबूती मिलेगी। जाप राष्ट्रीय महासचिव ने राजेश पप्पू ने सोहैलूउद्दीन अंसारी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाते हुए कहा कि मैं उम्मीद करता हूँ कि वे पार्टी के नीतियों को लेकर गांव गांव जाएंगे और संगठन को मजबूत करेंगे। आपकी सामाजिक सक्रियता एवं पार्टी के प्रति निष्ठा को ध्यान में रखकर आपको जन अधिकार पार्टी (लो) बिहार का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया जाता है। विश्वास है कि आप पूर्ण मनोयोग एवं संघर्ष से संगठन के दायित्वों का निर्वहन पार्टी की नीतियों व सिद्धांतों के अनुरूप घोषित कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुँचाने में अपना योगदान देंगे। साथ ही पार्टी संगठन को सुचारू रूप से चलाने में भी अपना भरपूर सहयोग एवं समर्थन देंगे।

देश में युवाओं को तेजी से मिल रहा रोजगार : मंगल पांडेय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर देश के हजारों युवाओं को सरकारी नौकरी की सौगात दी। पीएम मोदी मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 9वें रोजगार मेले से जुड़े और उन्होंने 51 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र सौंपा। मैं केंद्र सरकार की इस उपलब्धि पर उन्हें दिल से आभार प्रकट करता हूं। देश के युवाओं को रोजगार देने के अपने वादे के प्रति पीएम श्री नरेंद्र मोदी लगातार कृतसंकल्पि हैं। जिससे युवाओं में एक नयी आशा की किरण जगी है। आज रोजगार सृजन से लेकर देश की आर्थिक विकास को लेकर पूरी दुनिया में भारत का नाम रौशन हो रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि जिन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिले हैं। उन सभी को बहुत बहुत-बधाई। देशभर के कुल 46 स्थानों पर रोजगार मेला आयोजित किया गया। केंद्र सरकार रोजगार देने के अपने वादे के प्रति लगातार कार्यरत है। जिससे मौजूदा सरकार के प्रति आमजन का विश्वास बढ़ा है। पीएम ने अधिकारियों को सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों को जल्द से जल्द भरने का निर्देश दिया था। उसी क्रम में सरकार की ओर से समय-समय पर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले भी 8 रोजगार मेले का आयोजन हो चुका है। जिसमें देष के लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं।

केन्द्र का 10 लाख लोगों की नियुक्ति करने का निर्णय ऐतिहासिक : पारस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रोजगार मेला के तत्वाधान में पटना के शास्त्रीनगर ऊर्जा भवन ऑडिटोरियम में नियुक्ति पत्र का वितरण किया। श्री पारस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक साल में भारत सरकार द्वारा मिशन मोड में 10 लाख लोगों की नियुक्ति करने का निर्णय देश में ऐतिहासिक और खासकर युवाओं के लिए हितकारी है, जो युवाओं में आशा और उत्साह का संचार करेगा। 10 लाख नियुक्तियों के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हर माह लगभग 70 से 75 हजार युवाओं की नियुक्ति की यह प्रक्रिया साल भर जारी रहेगी। कहा कि मंगलवार को विभिन्न विभागों में 115 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। इन सभी नए नियुक्त युवाओं को सरकार में शामिल होकर राष्ट्र की सेवा करने का अवसर मिलेगा जिससे कि देश के सभी युवाओं में आशा और उत्साह का संचार होगा। श्री पारस ने कहा कि अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी- 20 सम्मेलन का भव्य समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसने भारत को एक कीर्तिमान भविष्य का अनुगामी देश बनाकर वैश्विक स्तर पर एक अलग पहचान प्रदान की है। बीते दिनों हमारे वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 का सफल परीक्षण किया और चाँद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग करने वाला विश्व का प्रथम देश बन गया। साथ ही भारत का पहला सौर मिशन आदित्य-एल 1 भी अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक लॉच किया गया, सभी वैज्ञानिकों व इंजीनियर्स तथा इस मिशन से जुड़े तमाम कारीगरों के बिना संभव नहीं था। प्रधानमंत्री द्वारा शिल्पकार, वास्तुकारों, कारीगरों व मूर्तिकारों को बढ़ावा देने तथा इन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। कहा कि प्रदेश में काफी सुधार दिख रहा है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्र कल्याण योजनाओं के तहत संभव हो पाया है। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि रोजगार मेला कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के अलावे बीजेपी सांसद रविशंकर सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, पूर्व मंत्री नन्द किशोर यादव, सुबोध कुमार, डाक निदेशक पवन कुमार, डाक महाप्रबंधक परिमल कुमार, पूर्वी डाक महाप्रबंधक मनोज कुमार, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

आईजीआईएमएस में मुफ्त इलाज से गरीब मरीजों को बड़ी राहत : जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश प्रवक्ता और आईजीआईएमएस शासी निकाय के सदस्य डॉ0 सुनील कुमार सिंह ने आईजीआईएमएस अस्पताल में मरीजों का मुफ्त इलाज किए जाने की बात को लेकर राज्य सरकार की जमकर सराहना की है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता डॉ0 सुनील कुमार सिंह ने कहा आदरणीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सच्चे मायनों में गरीबों और समाज में आर्थिक तौर पर कमजोर लोगों के हितैषी हैं। उन्होंने कहा कि आदरणीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने हमेशा गरीबों के हक में फैसला लिया है और वो हमेशा चाहते हैं कि समाज के कमजोर वर्गों को बिना किसी आर्थिक परेशानियों के बेहतर इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फैसले से राज्य के लाखों गरीबों को इसका सीधा फायदा होगा और अब वो बिना किसी शुल्क के आईजीआईएमएस जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में बेहतर इलाज करा सकेंगे। पार्टी प्रवक्ता डॉ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार के इस फैसले से केवल मरीजों को मुफ्त में ओपीडी की सुविधा ही नहीं मिलेगी बल्कि गंभीर मरीजों का मुफ्त में ऑपरेशन भी हो सकेगा और उन्हें दवाईयां भी मुफ्त में मिलेंगी। उन्होंने कहा कि गरीबों के हित में हमेशा से फैसला लेने वाली मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार इस दौरान इलाज और दवाईयों में होने वाले सारे खर्च वहन करेगी। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि मरीजों को मुफ्त इलाज के साथ-साथ दवाईयां भी मिल सके इसको लेकर राज्य सरकार का ये फैसला खासकर गरीब मरीजों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

पूर्व मध्य रेल में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

पटना। स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल में 16 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय के प्रांगण में मंगलावार को महाप्रबंधक अनुपम शर्मा तथा मुख्यालय के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में स्वच्छता पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक का मंचन कर कलाकारों द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आज पूर्व मध्य रेल के मंडलों में स्वच्छ नीर दिवस के अवसर पर ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में पानी की पर्याप्त उपलब्धता तथा जल स्त्रोतों यथा नलों, वाटर वेंडिग मशीन, वाटर कुलर एवं वाटरबूथ आदि की जांच की गयी। विदित हो कि स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व मध्य रेलवे में 16 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में साफ-सफाई, वाटर-बूथ की स्वच्छता एवं पेयजल की गुणवत्ता, प्रसाधन की साफ-सफाई, डस्टबिन की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता, कचरे का निष्पादन, एनजीओं एवं चैरिटेबुल संस्था के सहयोग से आम लोगों के बीच स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाना जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर अंकुश लगाने एवं अन्य प्रकार के प्लास्टिक का प्रयोग न करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

रानी कमलापति एवं जबलपुर से गया के लिए स्पेशल ट्रेन

पटना। गया में लगने वाले पितृपक्ष मेला के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रानी कमलापति एवं जबलपुर स्टेशनों से गया के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-गया स्पेशल दिनांक 28 सितम्बर, 03, 08 एवं 13 अक्टूबर को रानी कमलापति से 13.20 बजे खुलकर कर अगले दिन 05.10 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., 06.30 बजे सासाराम, 06.53 बजे डेहरी ऑन सोन एवं 07.18 बजे अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर रूकते हुए 80.20 बजे गया पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 01662 गया-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन दिनांक 01, 06 एवं 11 अक्टूबर को गया से 14.15 बजे खुलकर 15.13 बजे अनुग्रह नारायण रोड, 15.30 बजे डेहरी ऑन सोन, 15.45 सासाराम एवं 17.20 बजे पं.दीन दयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए अगले दिन 10.55 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। इस स्पेशल में कुल 20 कोच होंगे। रानी कमलापति और गया के बीच यह स्पेशल विदिशा, गंज बसोदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मनिकपुर, प्रयागराज छेवकी, मिजार्पुर, पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशनों पर रूकेगी।

जबलपुर-गया-जबलपुर स्पेशलः

गाड़ी संख्या 01705 जबलपुर-गया स्पेशल दिनांक 30 सितम्बर, 05 एवं 10 अक्टूबर को जबलपुर से 19.45 बजे खुलकर कर अगले दिन 05.10 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., 06.30 बजे सासाराम, 06.53 बजे डेहरी ऑन सोन एवं 07.18 बजे अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर रूकते हुए 80.20 बजे गया पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 01706 गया-जबलपुर स्पेशल दिनांक 29 सितम्बर, 04, 09 एवं 14 अक्टूबर को गया से 14.15 बजे खुलकर 15.13 बजे अनुग्रह नारायण रोड, 15.30 बजे डेहरी ऑन सोन, 15.45 सासाराम एवं 17.20 बजे पं.दीन दयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए अगले दिन 04.15 बजे जबलपुर पहुंचेगी। इस स्पेशल में कुल 20 कोच होंगे। जबलपुर और गया के बीच यह स्पेशल सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मनिकपुर, प्रयागराज छेवकी, मिजार्पुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशनों पर रूकेगी।

भाकपा-माले और ऐपवा की प्रतिवाद सभा

पटना। पटना जिले के खुसरूपुर प्रखंड के मोसिमपुर में एक दलित महिला के साथ अमानवीय घटना के खिलाफ मंगलवार को पटना के बुद्ध स्मृति पार्क के समीप भाकपा-माले व ऐपवा की ओर से संयुक्त प्रतिवाद आयोजित किया गया। अरवल के कुर्था में भी मार्च निकाला गया। प्रतिवाद सभा को पालीगंज विधायक संदीप सौरभ, फुलवारी विधायक गोपाल रविदास, सरोज चौबे, रामबली प्रसाद, राखी मेहता, अनुराधा देवी आदि ने संबोधित किया। संचालन ऐपवा की बिहार राज्य सचिव अनिता सिन्हा ने किया। मौके पर जितेन्द्र कुमार, मुर्तजा अली, अनय मेहता, शंभूनाथ मेहता, संजय यादव, राजेश कुशवाहा, सत्येन्द्र शर्मा, विनय कुमार, गौतम घोष, प्रमोद यादव, संतोष आर्या, हेमंत कुमार, नीलम देवी, रीता गुप्ता, आबदा खातून, ममता, किरण आदि शामिल थे। सभा को संबोधित करते हुए संदीप सौरभ ने कहा कि खुसरूपुर में जो घटना हुई, वह मनुस्मृति वालों की घटिया मानसिकता का निकृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में एक महिला को जैसे नंगा करके घुमाया गया इस कारण ऐसी मानसिकता बढ रही है। देश में एक ऐसी सरकार चल रही है जो महिलाओं के बलात्कार व हत्या पर चुप रहती है। गोपाल रविदास ने कहा कि सभी अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी हो। यदि अपराधी फरार हैं तो उनके घरों की कुर्की जब्ती की जाए। एक भी अपराधी बचना नहीं चाहिए। अन्य वक्ताओं ने कहा कि सूदखोरी एक काफी गंभीर समस्या है। इसके कुचक्र में दलित-गरीब उलझे हैं। कहा है कि सूदखोरी का अंत होना चाहिए, लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। इस घटना के खिलाफ अरवल के कुर्था में भी मार्च निकाला गया। जिसका नेतृत्व स्कीम फेडरेशन की नेता शशि यादव, लीला वर्मा और अन्य महिला नेताओं ने किया।

गरीबों के साथ हकमारी कर रही केन्द्र सरकार : भाकपा

पूंजीपतियों के हाथों बेचा जा रहा गेहूं

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों की हकमारी कर पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से खुले बाजार में गेहूं बेच रही है जिससे आटे की कीमत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आने वाले दिनों में और महगांई बढ़ेगी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रत्येक लाभार्थियों को प्रत्येक महीने पांच किलो अनाज देने का प्रवधान है जिसमें तीन किलो चावल और दो किलों गेहूं की आपूर्ति करने की व्यवस्था की गई है, लेकिन मोदी सरकार प्रति लाभार्थी एक किलों की दर से ही गेहूं की आपूर्ति कर रही है और गेंहू खुले बाजार में पूंजीपतियों के हाथों बेच रही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी केंद्र सरकार द्वारा लाभार्थियों को गेहूं देने के बजाए खुले बाजार में बेचने की निंदा करते हुए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभार्थियों को पूर्व की भांति प्रति यूनिट दो किलों गेहूं की आपूर्ति करने की मांग करती है। भाकपा राज्य सचिव ने बयान जारी कर कहा कि केंद्र सरकार ने खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत 13 ई- नीलामी में थोक ग्राहकों को केंद्रीय पूल से 18.09 लाख टन गेहूं बेचा है। गेहूं 2125 रुपये प्रति क्विंटल के आरक्षित मूल्य पर बेचा गया है, जो मौजूदा न्यूनतम समर्थन मूल्य के बराबर है। थोक ग्राहकों के हाथों गेंहू बेचे जाने के कारण आने वाले दिनों में गेहूं के आटे की कीमत और बढ़ेगी। जिसका असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पूंजीपतियों के हाथों गेंहू बेचे जाने के कारण सरकार को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ेगा। इसलिए केंद्र सरकार पूंजीपतियों के हाथों गेंहू बेचने के बजाय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना और अंत्योदय योजना के लाभार्थियों को ही गेंहू की आपूर्ति करें ताकि गरीबों को बाजार से आटा नहीं खरीदना पड़े।

3 अक्टूबर को शहीद दिवस मनाएगा जाएगा : किसान सभा

पटना। 3 अक्टूबर को लखीमपुर खीरी की घटना में शहीद किसानों की याद में संपूर्ण भारत में शहीद दिवस मनाने के लिए पटना में बिहार राज्य किसान सभा ने एक किसान संगोष्ठी का आयोजन केदार भवन मे की। 3अक्टूबर को बिहार के सभी जिला समाहर्ता के समक्ष किसानों एवं मजदूरों के द्वारा अपना मांग पत्र सौंपा जाएगा तथा पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे मो अहमद अली तमन्ना ने दी। बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव अशोक प्रसाद सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है, जब किसानों को आर-पार की लड़ाई लरनी होगी। उक्त कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने बिहार में 5 लाख किसानों की सदस्यता भर्ती कर अगला राज्य सम्मेलन बेगूसराय में करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। किसान संगोष्ठी को किसान नेता मनोज कुमार मिश्रा,लक्ष्मण चौधरी,रविंद्र नाथ राय, जयप्रकाश यादव,राम नरेश महतो,भोला यादव,बृजभूषण सिंह,वशिष्ठ सिंह,गोविंद प्रसाद, राम यतन कुमार राकेश,रघुनाथ सिंह,बैजनाथ शर्मा,हरि बल्लभ सिंह,अशोक कुमार सिंह,मैनेजर सिंह,कृष्ण नन्दन यादव ने संबोधित किया। 10 अक्टूबर को केंद्र सरकार की किसान विरोधी और कोऑपरेटिव विरोधी नया केंद्रीय सहकारिता कानून वापस लेने की मांग के साथ सभी जिला समाहर्ता के समक्ष जोरदार धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। नवंबर माह में कृषि और पशुपालन की समस्याओं को लेकर एक विशाल सेमिनार आयोजित किया जाएगा। देशव्यापीआंदोलन के तहत 26, 27 एवं 28 नवंबर 2023 को पटना में किसानों का महापराव लगाने का आह्वान किया गया।

शिक्षक बच्चों को अच्छा इंसान के रूप में तैयार करें : आर्लेकर

राज्यपाल ने स्वामी दयानन्द सरस्वती के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने स्वामी दयानन्द सरस्वती जी के 200वें जन्म दिवस पर डीएवी पब्लिक स्कूल, बीएसईबी कॉलोनी पटना में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे बच्चों को अच्छा इंसान के रूप में तैयार करें, क्योंकि एक अच्छा व्यक्ति हमेशा अच्छा और समाजपयोगी कार्य करता है, चाहे वह किसी भी पेशे से संबंध रखता हो। उन्होंने बच्चों में मोबाईल आदि के अत्यधिक प्रयोग की आदत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे बचने के लिए उन्हें खेलकूद और पढ़ने-लिखने के कार्य में लगाएँ। शिक्षक इसमें अधिक योगदान दे सकते हैं। उन्होंने उनसे बच्चों को पाठ्यक्रम से बाहर की विभिन्न विषयों से संबंधित अच्छी पुस्तकें एवं समाचार पत्र आदि पढ़ने के लिए प्रेरित करने को भी कहा। इससे पूर्व राज्यपाल ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद किया तथा उन्हें अपने पाठ्यक्रम की पुस्तकों के अलावा अन्य सद्साहित्य के अध्ययन की सलाह दी। इससे होनेवाले लाभ की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमारे मित्र और मार्गदर्शक हैं। उन्होंने उनसे समाचार पत्र भी पढ़ने को कहा। राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे जाने पर उन्हें बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं पेड़ों को बचाने के उद्देश्य से उन्होंने गोवा विधानसभा को पेपरलेस किया था। उन्होंने इसके तरीके भी बताये। उन्होंने राज्यपाल की नियुक्ति, योग्यता आदि के बारे भी बताया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपनी ओर से पुस्तकें वितरित की और अध्ययनोपरान्त पत्र लिखकर उस पुस्तक के विषय में अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराने को कहा। इस अवसर पर लेडी गवर्नर अनघा आर्लेकर, डीएवी पब्लिक स्कूल्स, बिहार जोन के उप क्षेत्रीय पदाधिकारी-सह-प्रबंधक शशिकांत झा, डीएवी पब्लिक स्कूल, बीएसईबी, पटना के प्राचार्य अविनाश चन्द्र झा एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं, बीएसपीएचसीएल के जीएम होल्डिंग अनिरूद्ध कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

बिहार सरस मेला का समापन आज, खरीदारों की उमड़ी भीड़

● 6 दिनों में लगभग 1 करोड़ 84 लाख की हुई खरीद बिक्री

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ज्ञान भवन में 20 सितंबर से शुरू सरस मेला का आज समापन है। इस बार आठ दिनों के लिए आयोजित सरस मेला से लोग जमकर खरीददारी कर रहे हैं। 131 स्टॉल्स से बिहार समेत 22 राज्यों के हस्तशिल्प, कलाकृतियाँ एवं देशी व्यंजनों की जमकर खरीददारी हो रही है। आधुनिकता से परे मेला के कद्रदान अपनी संस्कृति, लोक कला, हस्तशिल्प और देशी व्यंजनों से सरस मेला में ही मुखातिब होते हैं। लिहाजा आगंतुक घर सजाने से लेकर, पहनने के लिए परिधान और स्वाद के लिए देशी व्यंजनों को स्टॉक भी कर लेते हैं। क्यूंकि यहां उपलब्ध उत्पाद एवं व्यंजन अगले सरस मेला में ही मिलेंगे। सरस मेला, बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) के तत्वाधान में प्रतिवर्ष दो बार आयोजित होता है। इस वित्तीय वर्ष का प्रथम संस्करण होकर 27 सितंबर तक पटना में आयोजित है। मेला में खादी, सिल्क, कोशा, मलबरी, कॉटन, आर्गेजा, मश्लिन, चंदेरी, फुलकारी, चिकेन कारी आदि के परिधान, हैण्डलूम, कपड़े, दुपट्टा, लंहगा, साड़ी, नाइटी और कुर्ती मैटेरिअल, टेराकोटा से बने घर के सजावट के उत्पाद, कागज, बांस एवं सिक्की से बने सामान, कारपेट एरिया में कालीन, रनर और रग्स के प्रति लोगों का खास आकर्षण है। पैमाने पर इन उत्पादों की बिक्री हो रही है। वहीं, बेडशीट, सोफा कवर, तकिया कवर, टेबल क्लॉथ, दीवान कवर की भी खूब बिक्री हो रही है। जीविका दीदियों द्वारा संचालित जीविका दीदी की रसोई के स्टॉल पर आगंतुक देशी, स्वादिष्ट, एव, पौष्टिक व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे हैं। इसके साथ ही व्यंजनों के स्टॉल पर अद्वरी, दनौरी, विभिन्न प्रकार के अचार, पापड़, अमावट, मिक्चर और आयुर्वेदिक पाचके लोगों को लुभा रहे हैं। लोग घर के लिए भी ले जा रहे हैं। 6 दिनों में लगभग 1 करोड़ 84 लाख रुपये के उत्पादों एवं व्यंजनों की खरीद बिक्री हुई है। बिहार सरस मेला के छठे दिन सोमवार को लगभग 36 लाख रुपये के उत्पादों एवं व्यंजनों की खरीद-बिक्री हुई है। अब तक एक लाख 29 हजार से ज्यादा लोग आये और खरीददारी की सरस मेला में कैशलेश खरीददारी की व्यवस्था है। जीविका दीदियों द्वारा संचालित शिल्पग्राम से देशी परिधानों एवं उत्पादों के प्रति लोगों का अलग ही क्रेज है। मधुग्राम से मध की भी मांग इस बार बढ़ी है। सतत जीविकोपार्जन योजना के स्टॉल पर बिहार में हुए गरीबी उन्मूलन अभियान एवं महिला सशक्तिकरण तथा स्वावलंबन की झलक दिख रही है।

संक्षिप्त खबरें

रंगदारी नहीं देने पर मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर वार्ड तीन निवासी परमेश्वर राय के पुत्र अरुण कुमार राय ने रंगदारी नहीं देने पर मारपीट करने एवं पिस्टल का भय दिखाकर 22 हजार रुपए ले लेने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें चकहबीब गांव के रामबली राय, लूटन राय, रंजीत राय, उपेंद्र राय, नबोध राय को नामजद किया है। फिर इतने बताया कि मैं दूध का कारोबार करता हूं। घर-घर जाकर दूध नापता हूं। रामबली राय एवं लूटन राय रंगदारी मांगा। मना करने पर 26 अगस्त को उपर्युक्त सभी नामित मिलकर मारपीट किया एवं पिस्टल का भय दिखाकर 22 हजार रुपए ले लिया।

नाच देखने के दौरान हुई मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र में नाच देखने के दौरान हुई मारपीट की घटना को लेकर महिषी वार्ड 06 निवासी भोला राय ने प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें गांव के ही गोविंद कुमार, संतोष कुमार, गुंजन कुमार, पवन कुमार सहित 6-7 लोगों को आरोपित किया है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से पीड़ित ने बताया कि 19 सितंबर को मेरा पुत्र कृष्ण कुमार और दीपक कुमार सड़क किनारे खड़े होकर नाच देख रहा था। तभी तीन मोटरसाइकिल पर उपर्युक्त नामित सहित 6-7 की संख्या में सवार जो नशे में धूत था। कृष्ण कुमार के पैर पर मोटरसाइकिल चढा दिया एवं उल्टे गाली-गलौज करते हुए रॉड से नाक एवं जबरा पर मारा। उसका भाई बचाने आया तो उसके साथ भी बेहरमी से मारपीट किया। तथा गर्दन से सोने का हनुमानी चक्ति व रुपया लेकर फरार हो गया।

महान समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जयंती मनी

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड के मध्य विद्यालय गंगापुर में मंगलवार को देश के महान समाज सुधारक व शिक्षाविद् ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश ठाकुर ने कहा कि ईश्वर चंद्र विद्यासागर भारत के प्रसिद्ध समाज सुधारक, शिक्षा शास्त्री व स्वाधीनता सेनानी थे। वे गरीबों व दलितों के संरक्षक थे। उन्होंने स्त्री शिक्षा और विधवा विवाह पर काफी जोर दिया। उन्होंने मेट्रोपॉलिटन विद्यालय सहित अनेक महिला विद्यालयों की स्थापना करवाई। उनका संपूर्ण जीवन हमेशा हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा। समारोह को शिक्षक संजीत कुमार, राज कुमार, रूबी कुमारी, नूतन कुमारी, ज्योति कुमारी आदि ने संबोधित किया।

आदेश के अवहेलना के कारण शिक्षक निलंबित

विभूतिपुर प्रखंड शिक्षक नियोजन इकाई के सचिव सह प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी चंदन कुमार ने आदेश के अवहेलना करने के कारण एक शिक्षक को निलंबित किया है। बताया गया बिहार पंचायत प्रारंभिक विद्यालय सेवा नियमावली 2020 के कंडिका 17, नियुक्त प्राधिकार के आदेशों का अनुपालन नहीं करने के आलोक में कंडिका 18 के तहत मध्य विद्यालय केराई के प्रखंड शिक्षक राम सेवक राय को निलंबन किया जाता है। निलंबन अवधि में मूल वेतन का 50 प्रतिशत राशि जीवन निर्वाह भत्ता के रूप में देय होगा। साथ ही निलंबन अवधि में उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुसवर निलंबन कार्यालय में योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित निलंबन विद्यालय में योगदान कर योगदान संबंधी सूचना कार्यालय को भी उपलब्ध कराएंगे। इसकी सूचना प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षक नियोजन समिति के अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) को पत्र के माध्यम से दी गई है।

विश्व गर्भनिरोधक दिवस के मौके पर "विकल्पों की शक्ति", विषय पर विस्तार से हुई चर्चा

कार्यक्रम में में पीएमसीएच के गायनिक विभाग के कई महिला चिकित्सकों ने लिया भाग

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। पीएमसीएच में मंगलवार को स्त्री एवं प्रसूति विभाग, पीएसआई-इंडिया एवं स्वास्थ्य विभाग बिहार के तत्वधान में विश्व गर्भनिरोधक दिवस मनाया गया। इस वर्ष विश्व गर्भनिरोधक दिवस का विषय, ह्वविकल्पों की शक्तिह्व,पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया है। जो गर्भनिरोधक विकल्प व्यक्तियों को उनके प्रजनन एवं स्वास्थ्य पर नियंत्रण रखने के लिए सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाता हैं। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के गर्भनिरोधक तरीकों तक पहुंच सुनिश्चित करती है। जैसा कि लोग अपने जीवनशैली, स्वास्थ्य संबंधी विचारों और भविष्य की योजनाओं जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए वे गर्भनिरोधक को चुन सकते हैं। जो उनके लिए सबसे अच्छा काम करता है।गर्भनिरोधक महिलाओं और किशोरियों को गर्भवती होने, उनके बच्चों की संख्या और अंतर रखने का निर्णय लेने और अनपेक्षित गर्भधारण के जोखिम के बिना आनंददायक और सुरक्षित यौन अनुभव प्राप्त करने के अपने अधिकार का उपयोग करने में सक्षम बनाते हैं। उक्त बात की जानकारी विश्व गर्भनिरोधक दिवस पर आयोजित कार्यशाला में डॉ. मीनू शरण , सह प्राध्यापक एवं डॉ रानु सिंह सीनियर मेडिकल ऑफिसर राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने कही। उन्होंने बताया कि भारत के रजिस्ट्रार जनरल, जनसंख्या प्रक्षेपण के तकनीकी समूह की रिपोर्ट 2020 एवं सैंपल सर्वे 2020, के अनुसार लगभग आधे जन्मों के बीच अपर्याप्त अंतर होता है (अर्थात अंतर 36 महीने से कम होता है) इसके अलावा, गर्भावस्था के बाद की अवधि में परिवार नियोजन और गर्भनिरोधक की लगातार अपूर्ण आवश्यकता बनी रहती है। वैश्विक साक्ष्य से पता चलता है कि आबादी के लिए उपलब्ध कराई गई प्रत्येक अतिरिक्त गर्भनिरोधक विधि के लिए, गर्भनिरोधक का उपयोग करने वाले ग्राहकों के प्रतिशत में समग्र वृद्धि हुई है। भारत हर गुजरते दशक के साथ अपनी गर्भनिरोधक साधनों का विस्तार कर रहा है। 2016 में, अंतरा कार्यक्रम के तहत इंजेक्टेबल मेड्रोक्सी प्रोजेस्टेरोन एसीटेट (एमपीए) और एक गैर-हार्मोनल गोली, सेंटक्रोमन (छाया) की शुरूआत के साथ गर्भनिरोधक टोकरी का विस्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि गर्भनिरोधक साधनों को और अधिक विस्तारित करने, प्रसवोत्तर अवधि में अधिक विकल्प प्रदान करने और एक प्रभावी लंबे समय तक काम करने वाले प्रतिवर्ती गर्भनिरोधक विकल्प प्रदान करने के लिए, सबडर्मल गर्भनिरोधक प्रत्यारोपण (एकल रॉड) को राष्ट्रीय कार्यक्रम में जोड़ा गया है` अभी सबडर्मल गर्भनिरोधक प्रत्यारोपण (एकल रॉड) राज्य के दो जिले के मेडिकल कौलेज एवं जिला अस्पताल में सुविधा दिया जा रहा है , जिसमे पटना के पीएमसीएच एवं गुरुगोवींद सिंह सादर अस्पताल में शुरू किया गया है` इस कार्यक्रम में पीएसआई झइंडिया के तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। सबडर्मल गर्भनिरोधक प्रत्यारोपण (एकल रॉड) को अभी पायलट फेज के तहत सीमित केन्द्रों पर हीं उपलब्ध कराया गया है` वहीं इस दौरान पीएमसीएच के महिला एवं प्रसूति विभाग में पदस्थापित गायनिक विभाग के आधा दर्जन से अधिक महिला चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया गया है। इससे पहले डॉ. मीनू शरण , सह प्राध्यापक एवं डॉ रानु सिंह सीनियर मेडिकल ऑफिसर और राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं डॉ.के. मंजु एवं डॉ सुजाता सहायक प्राध्यापक ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण का उदघाटन किया। इस मौके पर विभाग के 10 सह प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक को सबडर्मल गर्भनिरोधक प्रत्यारोपण (एकल रॉड) लगाने हेतु प्रशिक्षित किया गया ।

सब्जी के खेत में महिला का अंग वस्त्र और श्रृंगार का सामान मिलने से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के लगुनिया रघुकंठ पंचायत स्थित, रामपुरा गांव के मुरकट्टा चौड़ में से मंगलवार की अहले सुबह सड़क किनारे से महिला के अंगवस्त्र व श्रृंगार का सामान मिलने के बाद ईलाके में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते सैकड़ों लोगों की भीड़ महिला के कपड़े और श्रृंगार के मिले सामान को देखने के लिए वहां भीड़ जुट गई। वहीं इस तरह का सामान मिलने के बाद स्थानीय लोगों के बीच कौतूहल मचा रहा। मौके पर मौजूद स्थानीय लोग भी तरह तरह की बातें करते नजर आए। इस मामले में स्थानीय लोगों का बताना है कि, उनलोगों का इसी मुरकट्टा चौड़ में खेत है। जिसमें वह लोग सब्जी की खेती करते हैं। सुबह जब वह लोग अपने खेतों की ओर घुमने आए तो, उन्होंने देखा कि, रामपुरा गांव से बालाजी चौक की तरफ जाने वाले रास्ते में सड़क किनारे परवल खेत के पास साड़ी, ब्लाउज, चप्पल, श्रृंगार का सामान, लेडी पर्स, लेडी स्वेटर व शर्ट फेंका हुआ है, तथा उसके सामने के खेत में दो लोगों के पैरों के निशान भी पाए गए हैं। जिसमें से एक पैर बड़ा व एक पैर छोटा है। स्थानीय लोगों ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा है कि, इन दोनों पैरों में से एक पैर किसी महिला तथा दुसरा पैर किसी पुरूष का है। हालांकि इस दौरान स्थानीय लोगों ने आसपास के खेतों का भी जायजा लिया लेकिन कुछ नही मिला। वहीं कुछ लोग इस घटना को चोरों की करतूत तो, कुछ लोग इसे किसी मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति का कारनामा बता रहे थे। वहीं मुफ्फसिल थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ऐसी कोई सूचना नहीं मिली है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सरायरंजन नगर पंचायत में डोर-टू-डोर सफाई अभियान का हुआ शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन नगर पंचायत अंतर्गत साफ-सफाई एवं डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह कार्य वार्ड 13 से वार्ड 23 के लिए इनवाईरॉन सोलूशन संस्था के द्वारा विधिवत शुभारंभ फीता काट कर एवं नारियल फोड़ के कार्यपालक पदाधिकारी नीतू प्रियदर्शिनी गुप्ता सरायरंजन के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नगर उपाध्यक्ष सुष्मिता कुमारी, वार्ड पार्षद संघ के अध्यक्ष नीरज झा, मुकेश मनी, पार्षद मंटून दास, संजय झा, कुंदन कुमार, रंजीत पासवान, तंजील ईमाम, रंजीत सादा, राकेश चौधरी, नीतीश राय, मोहम्मद शमशाद, पार्षद रंजन दास, सत्यनारायण राय, लालबाबू ईश्वर, मोहम्मद सरवर, सिकंदर ईमाम, मंडोल दास, शंभू राय, मोहन झा, अजय कुमार सिंह, विशाल कुमार, मुरारी झा, आदि लोग उपस्थित थे।

कमल ज्योति संकल्प पदयात्रा का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भाजपा द्वारा आहूत संपर्क अभियान के तहत नगर मंडल भाजपा ने कमल ज्योति संकल्प पदयात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कारा मंडल के शक्तिकेंद्र कंचनपुर के बूथ संख्या 220 के गोरी महादलित टोला में घर घर संपर्क कर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल के विकास कार्यों को बताया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा जी ने जिला मंत्री धर्मेंद्र शर्मा जी मण्डल अध्यक्ष कृष्णदान शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न गांवों में कमल ज्योति संकल्प पदयात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा नेताओं ने केन्द्र सरकार की योजनाओं से सबको रूबरू कराया। विभिन्न गांवों सोनवर्षा, गोरी , बिहारी बिगहा में जनसंपर्क करने के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए कई महत्वपूर्ण कार्य आयुष्मान भारत , जन धन योजना , प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना विश्वकर्म योजना मुद्रा योजना के लाभ के बारे में बताया को बताया समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए नरेंद्र मोदी जी प्रयासरत हैं। धरातल पे इन योजना का लाभ दलित समुदाय के लोगों से मिलकर उनसे मोदी सरकार की विभिन्न जनकल्याण योजनाओं की वास्तविकता का पता लगाया गया सभी योजना को लागू कराने के लिए मण्डल के कार्यकर्ता को बताया गया माननीय प्रधानमंत्री के मूल्य मंत्र उनका जो ध्य्य है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास को सार्थक करने का उत्तरदायित्व को निर्वाहन करना है इस मौके पे सोशल मीडिया के जिला संयोजक राहुल कुमार युवा मोर्चा के जिला मंत्री सतीष कुमार भाजपा युवा नेता विकाश काली, ददन सिंह, ईश्वरधारी सिंह, विश्वनाथ पासवान, संजय राम, छोटन सिंह, नीरज,निर्मल , सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित रहें।

रजिस्ट्रेशन शुल्क हो कम नही तो कॉलेज में होगा तालाबंदी: अभाविप

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। अखिल भारतीय विधार्थी परिषद गया कॉलेज इकाई के द्वारा 22 - 25 रजिस्ट्रेशन फार्म भरने के नाम पर छात्र-छात्राओ से जो अत्यधिक शुल्क लिया जा रहा है उसके खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। अभाविप के छात्र नेताओं ने कहां कि अगर जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन शुल्क कम नही किया जाता है तो अभाविप कॉलेज में तालाबंदी करेगी। वही अभाविप गया कॉलेज गया इकाई के अध्यक्ष विनायक कुमार ने कहा कि रजिस्ट्रेशन शुल्क कम करने को लेकर प्राचार्य से बात हुई थी पर प्राचार्य छात्र-छात्राओ कि समस्याओ को ध्यान नही दिये और मनमाना शुल्क वसूल रहे है जिसे अभाविप कभी बर्दाश्त नही कर सकता है। गया महाविद्यालय में माइग्रेशन के नाम पर भी अत्यधिक शुल्क लिया जा रहा है जो कि गलत है। इंटर में पढने वाले छात्र-छात्राओ को उन्हे आईडी कार्ड नही दिया गया जो कि गया कॉलेज प्रशासन कि दयनीय स्थिति को दर्शार्ता है। कॉलेज में छात्र-छात्राओ को मूलभूत सुविधाओ से दुर रखा जा रहा है जिससे वर्ग करने आ रहे छात्र-छात्राओ को महाविद्यालय में समस्याओ का सामना करना पड रहा है। इन सभी समस्याओ कि लिखित शिकायत कॉलेज प्रशासन से कि गई है जिस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। अगर जल्द से जल्द समस्याओ का समाधान नही होता तो कॉलेज में तालाबंदी होगी। जिसके जिम्मेवार कॉलेज प्रशासन होगी।वही अभाविप गया महाविद्यालय के अभाविप उपाध्यक्ष हर्ष कुमार ने कहां कि गया कॉलेज के पूर्व प्राचार्य ने जो लुट का खेल खेला था उसे खेल को खत्म करने के बजाय वर्तमान प्राचार्य उसमे शामिल होते जा रहे है। अगर कॉलेज प्रशासन गया कॉलेज में शैक्षणिक माहौल नही बनाती है तो अभाविप जोरदार प्रदर्शन करेगी। सभी छात्र-छात्राओ को पढ़ाई करने योग्य वर्ग जल्द तैयार किया जाए एवं सारी मुलभूत सुविधाओ को उपलब्ध कराई जाए। मगध विश्वविद्यालय प्रशासन ने जो रजिस्ट्रेशन और माइग्रेशन में छात्र-छात्राओ को परेशान करने का काम कर रही है उसके खिलाफ भी विश्वविद्यालय में आन्दोलन होना तैय है। वही गया कॉलेज प्राचार्य ने कहा कि इन सभी समस्याओ को जल्द दुर कर दिया जाएगा। समस्याओ के समाधान हेतु कठोर कदम उठाए जायेगें और गया कॉलेज गया को एक नई पहचान देने हेतु सभी छात्र-छात्राओ से मदत लि जाएगी और उनकी समस्याओ का समाधान किया जाएगा। मौके पर विनायक कुमार,हर्ष कुमार, अंकित सागर, लक्ष्मीकांत कुमार, अंकित कुमार, सौरव कुमार,आदित्य कुमार,अनुज कुमार,विवेक कुमार आदि मौजूद थे।

एलजी ने लॉन्च किया वाई-फाई कन्वर्टिबल साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर

LG

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। एयर कण्डीशनर ब्राण्ड एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इण्डिया ने अपने क्रांतिकारी वाई-फाई कन्वर्टिबल साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर को लॉन्च किया है। वर्तमान में 9 मॉडल के साथ पेश किए गए हैं, जो मैट और ग्लास दोनों फिनिश में उपलब्ध हैं। रेफ्रिजरेटर मॉडल 650 लीटर की क्षमता के साथ उपलब्ध होंगे। इसकी कीमत 122,999 से 152,999 रुपए तक होगी। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के होम अप्लायंसेज और एयर कण्डीशनर्स के निदेशक ह्योंग सुबजी ने कहा कि हम उक्त रेफ्रिजरेटर पेश करते हुए रोमांचित हैं, जो घरेलू उपकरणों में इनोवेशन और सुविधा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एलजी थिनक्यू ऐप के माध्यम से दूर से संचालित होने की क्षमता के साथ यह रेफ्रिजरेटर लचीलेपन और नियंत्रण के एक नए युग की शुरूआत करता है। चाहे काम के दौरान अपने फ्रीजर को फ्रिज में बदलना हो या अपने सोफे पर आराम से बैठकर तापमान सेटिंग्स को समायोजित करना हो। इस लांच के साथ ही निश्चित तौर पर यूजर्स का एक्सपीरिएंस बदलेगा साथ ही वे इसे अपने अनुसार कनवर्ट कर सकेंगे।

जागरूकता सेमिनार का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरिस के परिसर में पशु बाँझपन निवारण शिविर - सह - जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बिहार पशु विज्ञान विश्वविधालय, पटना एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरिस तथा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, पटना से संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम का उद्द्घाटन कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरिस के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ विनय कुमार मण्डल, बिहार पशु विज्ञान विश्वविधालय के उप - निदेशक डॉ पंकज कुमार, मुखिया प्रतिनिधि कमलेश सिंह तथा पंचायत समिति सदस्य बलजीत कुमार ने संयुक्तरूप से किया। जागरूकता सेमिनार को सम्बोधित करते हुए डॉ पंकज कुमार ने कहा की वर्तमान समय में दुधारू पशुओ में बाँझपन की समस्या बहुत बढ़ी है, बाँझपन को दूर करके ही दुग्ध उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है।

डॉ मण्डल ने बताया की किसानो के बिच जागरूकता के द्वारा ही समस्या से निजात पाया जा सकता है। बिहार पशु विज्ञान विश्वविधालय के वरीय वैज्ञानिक डॉ सरोज कुमार रजक ने पशुओं में कृमिनाशक दवा एवं टीकाकरण करने को अतिआवश्यक बताया। कार्यक्रम को डॉ मृत्युंजय कुमार, डॉ चंद्रशेखर आजाद एवं डॉ निकिता सिंह ने भी कार्यक्रम में किसानो कोसम्बोधित किया। डॉ राजीव रंजन सिंह, भ्रमणशील पशु चिकित्सक पदाधिकारी, सिरिस ने कहा कि आज कल पशुओं में लम्पि बीमारी का प्रकोप अधिक बढ़ता जा रहा है यह विषाणु जनित बीमारी है इसमें पशुओं के को बुखार, दर्द, सूजन, भूख में कमी, तथा शरीर पर गाँठ बन जाते है। इसके बचाव हेतु चिकित्सीय सलाह दिए।

इस अवसर पर पशु बाँझपन शिविर एवं 120 पशुओ को चिकित्सीय परामर्श तथा दवा का निःशुल्क वितरण किया गय। शिविर में मुख्यतः पशुओं के गर्भधारण नहीं करना, हिट (मादा चक्र) में कमी, पेट के कीड़े, अढैया बुखार इत्यादि रोगो का उपचार किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यबाद ज्ञापन केन्द्र के शस्य वैज्ञानिक पंकज कुमार सिन्हा ने किया साथ ही किसान भाइयो को बताया कि पशुओं को वर्ष भर हराचारा उत्पादन करके खिलाना चाहिए जिससे पशुओं का स्वस्थ ठीक रहे। कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ अनूप कुमार चौबे ने कहा कि फसल, सब्जी, पशु पालन, जीव जन्तु इस जलवायु परिवर्तन से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होते जा रहे हैं। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ते हुए तापमान, अनियमित मानसून, अत्यधिक ठंड, ओले, तेज हवा आदि पशुओं के स्वास्थ्य, शारीरिक वृद्धि और दुग्ध उत्पादकता को प्रभावित करते हैं। मौसम में तनाव के कारण डेयरी पशुओं की प्रजनन क्षमता कम हो रही है।

सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी एएनएम स्कूल मधुबनी सदर अस्पताल में सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण का आयोजन किया हुआ इस आयोजन का आगाज प्रिंसिपल पूनम महतो के द्वारा ही किया गया प्रशिक्षण पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलोज रितिका सिंह व मुदित पाठक द्वारा दिया गया आयोजन एक लीड यंग वीडियो के साथ शुरू किया गया जिसे छात्रों को नेतृत्व और टीम काम की बारीकी से समझने के लिए दिखाया गया मुख्य रूप से टीम काम संचार संघर्ष प्रबंधन निर्णय लेने की कौशल सहानभूति और अन्य नेतृत्व के गुणों पर चर्चा की गई दो गतिविधियों का आयोजन किया गया था जिसमें संचार टीम काम के नेतृत्व के गुण प्रैक्टिकल रूप से दिखाए गए छात्रों ने अपनी मूल्यवान प्रति क्रिया भी दी जिनमें उन्होंने सत्र के संबंध में अपने भावनाओं को साझा किया और सत्र में उत्सुकता से भाग लिए पहली गतिविधि संचार और इसके महत्व के बारे में थी जिसमें छात्रों को संचार में आने वाली बाधाओं के बारे में प्रैक्टिकल रूप से बताया गया और यह कैसे लोगों के काम को हानि पहुंचा सकता है।दूसरी गतिविधि टीम काम के बारे में थी जिसमें आठ के छात्रों के ग्रुप बनाए गए और उन्हें एक सेट की गतिविधि का प्रदर्शन करने के लिए कहा गया जिससे उन्होंने टीम बॉन्डिंग और समूह में काम करने के महत्व को बारीकी से समझा इस आयोजन में करीब पचास से अधिक छात्र उत्साह से भाग लिए ।

पीपी वाई कॉलेज में शांतिपूर्ण स्नातक पार्ट वन एवं टू की परीक्षा आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

चकाई मंगलवार को भी प्रखंड के फाल्गुनी प्रसाद महाविद्यालय में स्नातक पार्ट वन एवं स्नातक टू की सब्सिडरी परीक्षा शांतिपूर्ण ली गईं। इस बारे में जानकारी देते हुए फाल्गुनी प्रसाद यादव महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ.रविशंकर यादव ने बताया कि मंगलवार को स्नातक पार्ट वन में प्रथम पाली में 104 परीक्षार्थियों में सें 78 परीक्षार्थियों नें परीक्षा में भाग लिया जबकि 26 परीक्षार्थियों अनुपस्थित रहें। वही दूसरी पाली में स्नातक पार्ट टू में 80 परीक्षार्थियों में सें 66 परीक्षार्थियों नें परीक्षा दिया।वही 14 परीक्षार्थियों अनुपस्थित पाए गए।उन्होंने आगे बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त सम्पन्न हुई।मौके पर परीक्षा नियंत्रक चंद्रशेखर पंडित,प्रो रामनारायण यादव,भूदेव राय, विजय कुमार सिन्हा, शरदेंदु शेखर,कामेश्वर यादव,सुजाता कुमारी,संगीता कुमारी,रोहित कुमार,राजीव कुमार,रमेश कुमार,नरेश चन्द्र हैम्बरम,रघुवंश राय, नन्दकिशोर यादव,श्याम नन्दन यादव सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

दसवीं की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का प्रयास, ग्रामीणों के सहयोग से बची इज्जत

सरायरंजन, प्रात: किरण संवाददाता

● ग्रामीणों ने एक युवक को नशे की हालत में पड़कर किया पुलिस के हवाले, दो युवक फरार

मुसरीघरारी थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दशवीं की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर छात्रा एवं उसे बचाने वाले लोगों को भी आरोपितों ने मारपीट कर घायल कर दिया है। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से छात्रा की इज्जत बच पाई है। वहीं ग्रामीणों ने एक आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया है। घटना के बाबत पीड़िता ने बताया कि विद्यालय से वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में गांव का ही एक युवक व तीन अन्य लोग जबरदस्ती रास्ते से पकड़ कर छात्रा को घर में ले जा रहा था। छात्रा के विरोध करने पर मारपीट करने लगे। पीछे से पांचवी क्लास का छात्र भी विद्यालय से घर लौट रहा था। छात्रा के साथ जबरदस्ती होता देख बचाने का प्रयास किया। तब उसके साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। बैंक से लौट रही एक ग्रामीण महिला शोर सुनकर मौके पर पहुंचकर बीच बचाव करने गई तब आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। इसी दौरान पीड़िता की मां को घटना की जानकारी मिली। जब पीड़िता की मां घटनास्थल पर पहुंची तब आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट किया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचने लगे तो दो लोग मौके पर से भागने में सफल रहे। वहीं एक युवक को ग्रामीणों ने नशे की हालत में पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। सभी घायलों का इलाज मुसरीघरारी स्थित निजी क्लीनिक में चल रहा है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। वहीं मुसरीघरारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो लोग फरार हैं। वहीं पीड़िता द्वारा आवेदन दिए जाने के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि फरार आरोपियों की पहचान में पुलिस जुट गई है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती मनी

प्रात: किरण संवाददाता

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड के सरायरंजन भाजपा दक्षिणी मंडल के द्वारा झखड़ा स्थित शक्ति केंद्र पर जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके कृत्यों को याद किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए दक्षिणी भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलू झा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के प्रणेता थे एवं अंत्योदय से अभ्युदय में विश्वास रखते थे। भारतीय राजनीतिक बदलाव में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शशिधर झा, महेंद्र प्रसाद सिंह, राम सागर सिंह कुशवाहा, विनोद बाजपेयी, रामयाद शांडिल्य, नंदकिशोर झा, शिव कुमार झा, महेश रजक, मणिकांत झा, सुदर्शन साह, विष्णु महतो, कोमलकांत झा, धीरेंद्र झा आदि मौजूद रहे।

गुजरात के मुख्यमंत्री ने एक्सिस बैंक की शाखा का किया उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। एक्सिस बैंक ने गुजरात के अहमदाबाद में अपनी 5000वीं शाखा के उद्घाटन के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस शाखा का उद्घाटन गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल ने किया। इस मौके पर एक्सिस बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अमिताभ चौधरी और बैंक के समूह कार्यकारी एवं प्रमुख - शाखा बैंकिंग, खुदरा देनदारी तथा उत्पाद रवि नारायणन मौजूद रहे। इस मौके पर अमिताभ चौधरी ने कहा, इस उपलब्धि का विशेष महत्व है। अहमदाबाद में पहली शाखा से लेकर 5000वीं शाखा तक हमने विकास और प्रगति का एक चक्र पूरा कर लिया है। पिछले कुछ वर्षों में हमने देश भर में हजारों शाखाएं खोली हैं। हर नई शाखा आर्थिक विकास, वित्तीय समावेशन और उस इलाके के लोगों के सशक्तिकरण, भारत के अनगिनत नागरिकों के जीवन को छूने और बदलने के हमारे दृष्टिकोण की दिशा में एक और कदम है। उन्होंने कहा कि एक्सिस बैंक का शाखा का नेटवर्क 30 जून, 2023 तक के आंकड़े के मुताबिक 4,945 शाखाओं, 9,434 एटीएम और 6,317 रिसाइक्लर तक मजबूती के साथ फैला हुआ है। इसकी लगभग 29% शाखाएं महानगरों में हैं, जबकि 23% शहरी क्षेत्रों में, 31% अर्ध-शहरी में और 17% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। बैंक ने, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों (आरयूएसयू) में प्रवेश करने के लिए भारत बैंकिंग का एक विशिष्ट मॉडल बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

बुजुर्ग युवक का हुआ पहचान, स्वस्थ्य होने के बाद स्वजन ले गए घर

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद : सदर अस्पताल में जहानाबाद जिले के निवासी 65 वषीय मनोज कुमार को कांग्रेस नेता मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान को होश आने पर बोला कि आज भी जिंदा है, इंसानियत जो मेरे धक्का मार कर भग गया। वह मर गया लेकिन हमको किनारे दुकान पर यह कर छोड़ दिया कि मौत हो चुकी है। मगर जिसके ऊपर वाले नहीं मारना चाहता है तो नीचे वाले का क्या ताकत है। लोग देखते रहे, मगर किसी ने मुझे मदद नहीं किया। इंसानियत की बात की जाए तो अभी भी इंसानियत जिंदा है। बुजुर्ग ने कहा कि मेरे अपने बच्चे से सेवा का सोचा था मगर किसी कारण मेरे पुत्र ने सेवा नहीं किया क्योंकि वह बदनसीब थे। अनजान से शहर में एक अनजान से सल्लू ने सेवा किया। शायद किसी को नसीब होता। सल्लू खान ने शुक्रवार की शाम में मुझे टांग कर अपने से सदर अस्पताल में भर्ती कराया और इलाज 36 घंटा तक मुझे बेहोश रहना पड़ा, मगर किसी ने मेरा सुध नहीं लिया। सल्लू खान ने जो किया है वह काफी सराहनीय योगदान रहा है और मैं हमेशा एक याद जरूर करूंगा कि औरंगाबाद शहर में कोई एक और बेटा मेरा सल्लू खान देखा वह जो सेव किया, उसे कभी नहीं भूल सकता हूं जो इंसानियत दिखाया है अब सचमुच इंसानियत आज भी जिंदा है। बता दें कि सल्लू बुजुर्ग का हाल-चाल लेने गए थे। बुजुर्ग ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमेशा तुम खुश रहो बाबू, हमारी दुआएं आप लोगों के साथ है। इंसानियत आज भी जिंदा किया है। बता दें कि उक्त वृद्ध शंकरपुर गांव के निवासी रमेश कुमार है। स्वजन उन्हें अपने घर ले गए।

संक्षिप्त खबरें

नगर आयुक्त ने शहर का किया निरक्षण

गया। पितृपक्ष मेला को ध्यान में रखते हुए सोमवार को नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा गया नगर निगम द्वारा वार्ड संख्या 32,24,18,17,15,16 की सफाई व्यवस्था एवं स्टेशन स्थित स्टोर एवं गया क्लब के पीछे स्थित स्टोर का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के साफ सफाई नदारत देख काफी नारजगी जताते हुए साफ सफाई मुकम्मल करने का निर्देश दिया है।

फरार युवती को पुलिस ने किया बरामद

शेरघाटी।थाना क्षेत्र के ढाव रामपुर से फरार युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया है. काफी दिनों से गायब युवती की पुलिस तलाश कर रही थी. मामले को लेकर परिजनों ने शेरघाटी थाने में मुकदमा दर्ज किया था. थानाध्यक्ष विमल कुमार ने बताया कि युवती का न्यायालय में बयान दर्ज करवाया गया है. कोर्ट के आदेश के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है

पितृपक्ष मेला को लेकर तैयारिया हुई पूरी

गया। इसी सप्ताह से शुरू होने वाले विश्व प्रसिद्ध प्रत्यक्ष मेला में देश दुनिया के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर किया गया वेहतर व्यवस्था। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र को 329 सेक्टर एवं 43 जोनो में बांटा गया है। सभी स्थलों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारी की भी तैनाती की गई है, ऐसे में अलग-अलग तिथि पर तिथियां तो की भीड़ आएगी। इसके अलावा पितृपक्ष मेला की पूरी अवधि में देवघाट विष्णुपद मंदिर में यात्रियों की भीड़ रहेगी। इसके लिए एनडीआरएफ व गोताखोर पानी में लगातार कार्य करता रहेगा ताकि कोई गहरा पानी मे नही जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि विष्णु मंदिर के दुर्गी देवघाट के जाने वाले रास्ते काफी संकीर्ण इस सभी बिंदु को चौक पॉइंट चिन्हित किया गया है।भीड़ नियंत्रण के लिए पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की टीम रहेगी जिससे ताकि कहीं भी भगदड़ की स्थिति उत्पन्न नहीं हो सके। शमशान घाट से लेकर गया जी डैम तक एक समय में एक साथ 30000 हजार यात्री पिंड दान करेंगे। सको लेकर विधिव्यवस्था दुरुस्त किया जाएगा।

पुलिस ने नहर से 47 किलो गांजा बरामद किया, तस्कर फरार

बनियापुर (सारण) थाना क्षेत्र के पूछरी नहर पर तस्करी के लिए रखे गए 47 किलो गांजा बरामद कर लिया है।वही पुलिस की भनक गांजा तस्कर भागने मे सफल रहा।पुलिस ने पूछ ताछ के क्रम मे गांजा तस्कर की पहचान कर लिया है। इस संबंध मे थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पूछरी नहर पर गांजा तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी,जिस पर त्वरित करवाई करते उक्त स्थल पर पुलिस पहुंचने पर नहर पर 47 किलो गांजा बरामद किया गया।जहा पुलिस की भनक पर गांजा तस्कर बाईक से फरार हो गया था,पूछ ताछ से जानकारी मिली की स्थानीय निवासी धर्मेंद्र साह बताया गया है।

अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पितृपक्ष यात्रियों को हर सुविधा हो उपलब्ध : पूर्व मंत्री

प्रात: किरण संवाददाता

गया।पितृ पक्ष मेला 2023 तैयारी को लेकर पूर्व कृषि मंत्री सह गया विधायक डॉ प्रेम कुमार ने अपने शिष्ट मंडल के साथ गया एयरपोर्ट डायरेक्टर एवं गया एयरपोर्ट सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट सहित विभिन्न अधिकारियों के साथ वीआईपी लाउंज में भी बैठक किया गया है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पितृ पक्ष मेला में अन्य राज्यों एवं देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों एयरपोर्ट के विकास एवं पर्यटकों के लिए एयरपोर्ट पर जन सुविधा एवं डायरेक्ट फ्लाइट के संबंध में रहा है। विधायक ने एयरपोर्ट के विस्तारीकरण डायरेक्ट फ्लाइट सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया है। इस बैठक के क्रम में विधायक ने कहा कि गयाजी, बोधगया में हिंदू धर्मावली, बौद्ध धमार्वाली सहित विभिन्न धर्मो के तीर्थ यात्रियों पर्यटकों का सालों भर आगमन होता है।तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों का भी मांग है। कि देश के प्रमुख महानगर सहित प्रमुख स्थलों अयोध्या, उज्जैन, गुवाहाटी और पूर्वोत्तर के राज्यों से आने वाली तीर्थ यात्रियों को गया पहुंचने के लिए डायरेक्ट फ्लाइट की सुविधा उपलब्ध कराना अति आवश्यक है। मालूम हो कि अगले माह से थाईलैंड, लंका, भूटान, म्यांमार सहित अन्य देशों से अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट का परिचालन शुरू हो जाएगा। दुनिया के कोने-कोने से आने वाले पर्यटकों यात्रियों के सुविधा के लिए गया एयरपोर्ट से देश के विभिन्न राज्यों से धार्मिक स्थलों से गया एयरपोर्ट को विमान की सुविधा उपलब्ध कराना अति आवश्यक प्रतीत होता है। इसके साथ ही बता दें की वर्तमान में चेन्नई बेंगलुरु मुंबई सहित देश के कोने-कोने से जो यात्री पर्यटकों का आगमन हो रहा है वह कनेक्टिंग(भाया)फ्लाइट से आ रहे हैं। जिससे यात्रियों के आने-जाने में असुविधा हो रही है । विधायक ने भारत सरकार के मंत्री नगर विमानन से पत्राचार के माध्यम से आग्रह किया है कि देश के विभिन्न महानगरों से एवं प्रमुख स्थानों से डायरेक्ट गया के लिए फ्लाइट उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही विधायक ने गया एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को लेकर कहा कि गया एयरपोर्ट का विस्तारीकरण का मुद्दा बिहार सरकार को एयरपोर्ट के लिए 100 एकड़ जमीन उपलब्ध कराना था जो अभी तक नहीं हुआ है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया विस्तार करने के लिए तैयार है।जमीन के अभाव में गया एयरपोर्ट का विस्तार रुका हुआ है हम बिहार सरकार से मांग करते हैं कि गया एयरपोर्ट के लिए जल्द से जल्द जमीन मुहैया कराए जा सकें जिससे गया एयरपोर्ट का विस्तार हो सके। इसके ही साथ पितृ पक्ष मेल को लेकर जिला प्रशासन की तरफ से 28 सितंबर से हेल्प डेस्क भी लगा दिया जाएगा।इस बैठक में मौजूद बोधगया नगर परिषद के अध्यक्षा ललिता देवी, जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, बोध गया नगर अध्यक्ष मुन्नीलाल, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष देवानंद पासवान, दलित महाप्रकोष्ट के प्रदेश संयोजक विजय मांझी मौजूद रहे।

बच्ची को बचाने में पिता की हुई मौत, गाँव मे पसरा मातम

प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटी। प्रखंड के जमुआइन गांव में सोमवार की रात कुआं में डूब रही 5 साल बेटी को बचाने के क्रम में पिता की मौत हो गई. मृतक की पहचान 25 वर्षीय वीरेंद्र मांझी के रूप में हुई है. घटना के बाद गांव एवं घर में मातमी सन्नाटा पसर गया. जानकारी के अनुसार कर्मा पूजा के लिए 5 वर्षीय करिश्मा कुमारी की मां पड़ोस में गई हुई थी. करिश्मा अपनी मां को ढूंढते हुए चली जा रही थी. तभी अंधेरा होने के कारण वह कुएं में गिर गई. बच्ची को कुआं में गिरने के बाद आसपास के लोगों ने शोर किया. लोगों की भीड़ जमा हो गई लोग बच्ची को निकालने का प्रयास कर रहे थे. तभी घटना का पता उसके पिता को चला आनंद-फानन में उसने कुएं में चलांग लगा दी. इसके बाद कुएं के दलदल में वह फंस गया. बच्ची को तो लोगों ने किसी प्रकार बाहर निकाल लिया परंतु उसका पिता काफी देर तक कुएं में रह गया जिसके वजह से उसकी मौत हो गई. मृतक वीरेंद्र मांझी की बेटी इकलौती थी जिसके वजह से उसे बचाने के लिए कुएं में चलांग लगा दी. बेटी तो बच गई परंतु उसकी जान चली गई. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने 100 को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल गया भेज दिया है. वही वीरेंद्र के मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है

कांग्रेस पार्टी का परिवर्तन संकल्प रैली का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। परिवर्तन संकल्प रैली कांग्रेस मैदान शहीद भवन आरा में जिला अध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में आहुत की गई जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष आदरणीय डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी शिरकत किए मुख्य अतिथि के आगमन पर जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद डॉ अजय कुमार सिंह जी जो इस कार्यक्रम के संयोजक भी हैं के नेतृत्व में सैकड़ो गाड़ियों के साथ कोईलवर में रिसीव कर भव्य स्वागत करते हुए सकड़ी धनुपरा धरहरा दूध कटोरा वली गंज अबरपुल शीश महल चौक गोपाली कुआं आरा नगर थाना से शहीद भवन तक गाजे बाजे साथ आगमन हुआ । आगमन के पश्चात कांग्रेस प्रांगण में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात झंडातोलन का कार्यक्रम हुआ उसके बाद मंच पर आसीन कर प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ पटना से आए आगत अतिथियों जिसमें माननीय तारीक अनवर साहब सी डब्लु सी के सदस्य माननीय निखिल कुमार जी पूर्व राज्यपाल एवं बिहार राजनीतिक मामलों के अध्यक्ष डॉ शकील अहमद खां जी कांग्रेस सीएलपी लीडर माननीय मदन मोहन झा जी पूर्व अध्यक्ष बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी कृपानाथ पाठक जी पूर्व मंत्री बिहार सरकार नरेंद्र सिंह जी पूर्व सदस्य बिहार विधानसभा डॉ श्रीमती ज्योति जी पूर्व मंत्री बिहार सरकार डॉ समीर कुमार सिंह प्रभारी भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी डॉक्टर अंशुल अभिजीत राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदेश के वरिष्ठ नेता बृजेश पांडे जी बिहार सरकार के पुर्व मंत्री विणा शाही जी बिहार सरकार के मंत्री मुरारी गौतम जी बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष सरवत जहां फातिमा जी युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गरिब दास सेवा दल के अध्यक्ष संजय कुमार एवं सेवा दल के पुर्व अध्यक्ष अजय चौधरी आदि नेताओं का अंग वस्त्र माला एवं बुके और भोजपुर जिला का आन बान और शान तलवार देकर सम्मानित किया गया इसके बाद अपने सम्बोधन में ।डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह जी ने कहा कि आज मैं भोजपुर की ऐतिहासिक धरती पर इस तरह का अभिनंदन स्वागत देखकर अभिभूत हूं जिला का शुरू से एक अपना इतिहास रहा है इसकी अपनी एक गरिमामयी परंपरा है जिसे आज भी जीवंत रूप में दिख रहा है भोजपुर जिला संगठनात्मक रुप से काफी मजबूत सशक्त है और चुनाव से पूर्व इसे और ताकतवर और धारदार बनाना है यहां के लोग और कांग्रेस के कार्यकताओं पर पुरा भरोसा है । आज हम शाहबाद के सभी जिले के दौर पर निकले हैं उस में आज मेरा भोजपुर में आगमन हुआ है राहुल गांधी जी के नीतियों सिद्धांतों और उनके संदेशों को जन जन तक पहुंचाना लोगों को कांग्रेस के साथ जोड़ना और कांग्रेस को सशक्त और मजबूत विकल्प बनाना ही मेरा मुख्य लक्ष्य है। पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश संवैधानिक संकट के दौर से गुजर रहा है इसके विरोध में एकमात्र विपक्ष की आवाज पूरे देश में हम सबों के नेता राहुल गांधी जी है

चेरकी सरकार पंचायत भवन में जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटी।प्रखंड के चेरकी पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में मंगलवार को जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया उक्त दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद ने सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दिया उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता और पदाधिकारी सीधे एक-दूसरे से रुबरू हो रहे हैं. ग्रामीणों को कई अन्य महत्वपूर्ण योजना की जानकारी मिल रही है. साथ ही पदाधिकारी भी ग्रामीण की समस्या से ऑन द स्पॉट अवगत हो रहे हैं. ताकि समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके. उन्होंने बताया कि जन संवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीएम आवास योजना, जल नल योजना, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, राशन कार्ड, कल्याण, संखिकी, श्रम प्रवर्तन, छात्रवृति, आंगनबाड़ी, राजस्व विभाग व अन्य विभाग के पदाधिकारी अपने-अपने विभाग द्वारा पंचायतों में चलाई जा रही है. सभी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को विभाग के अधिकारियों ने दिया. वही जन संवाद के तहत ग्रामीणों ने मुख्य रूप से राशन कार्ड नहीं बनने और जल नल योजना के बदहाली की शिकायत के साथ सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन की व्यवस्था में सुधार के अलावा ओवर बिलिंग एवं लो वोल्टेज को लेकर अपनी बात रखी. मौके पर मुखिया फुलवा देवी,प्रतिनिधि जावेद खां, सुधीर तिवारी, बीपीआरओ विजय कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह, पीओ योगेंद्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि जावेद खां, पंचायत समिति सदस्य अरमानउल्लाह खां, प्रकाश मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का भोजपुर के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का बक्सर कार्यक्रम मे जाने के दौरान भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व मे भव्य स्वागत किया गया। भोजपुर जिला के प्रवेश द्वार कोईलवर मे प्रवेश करते ही प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। फूल-माला, अंगवस्त्र के साथ कोईलवर नगर मंडल सहित जिले के कार्यकर्ताओ द्वारा स्वागत किया गया। कोईलवर के बाद कायमनगर मे उसके बाद आरा बामपाली जिला कार्यालय मे जिला पदाधिकारियो और महिला मोर्चा और गजराजगंज मंडल द्वारा ढोल-बाजे,अंगवस्त्र और फूल-माला के साथ प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम मे मिथिलेश कुशवाहा,ई.धीरेन्द्र सिंह,उदय प्रताप सहि,मीरा यादव,वंदना राजवंशी,लव पांडेय, पुनम कुशवाहा, सीडी शर्मा, संजय कुमार सिंह, मधु मिश्रा, संतोष चंद्रवंशी,रमेश कुमार कर्ण, रामदिनेश यादव,दीपक सिंह,विरेन्द्र कुमार,भरत चौधरी,धनंजय तिवारी, भिखारी सिंह,कुमार गौतम सहित दर्जनों कार्यकर्ता थे। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का स्वागत बिहिया नगर,बिहिया पूर्वी,शाहपुर नगर,शाहपुर पश्चिमी मंडल के कार्यकताओ द्वारा भी भव्य स्वागत किया गया।

पंचायत स्तर पर ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

गया । महिला एवं बाल विकास निगम बिहार समाज कल्याण विभाग के निर्देश के आलोक में जिला प्रोग्राम कार्यालय क्आइसीडीसी जिला प्रशासन गया एवं महिला सशक्तिकरण हब गया के तत्वावधान में पंचायत स्तर पर ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।इस आयोजन महादेव स्थान आंगनबाड़ी सेंटर, प्रखंड गया ग्रामीण में किया गया है।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं और वन स्टॉप सेंटर की सेंटर प्रशासक आरती कुमारी के द्वारा दिप प्रज्जवलित कर किया गया है। आरती कुमारी ने वन स्टॉप सेंटर के क्रियाकलापों और दी जाने वाली सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया है। महिलाओं एवं किशोरियों की सुरक्षा और अधिकार के लिए बनाये गये कानून और योजनाओं की जानकारी दी गई है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास निगम के जिला परियोजना प्रबंधक मोहम्मद गौस अलि खान ने महिला हेल्प लाइन नंबर 181 और 112, पुनर्वासकोष, यूपीएससी, बीपीएससी के प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण महिला विद्यार्थी को प्राप्त होने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया है। जिला महिला सशक्तिकरण हब के जिला मिशन समन्वयक ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के बारे में जानकारी दिया है। जेंडर स्पेशलिस्ट ने मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान एवं महिलाओं से संबंधित अन्य योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दिया गया है। इस अवसर पर पोषण माह के तहत शपथग्रहण का भी आयोजन किया गया है।

राष्ट्रीय लोक जनता दल जिला कार्यकर्ता कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

गया ।शहर के संग्रहालय सभागार में राष्ट्रीय लोक जनता दल की ओर से जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा शामिल हुए जिनका कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत भी किया वहीं इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक जनता दल के जिला अध्यक्ष राजीव प्रकाश और बंटी कुशवाह ने और प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने अंगवास एवं पुष्प कुछ देकर उनका स्वागत किया इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने जदयू जयदेव पर पर तंज करते हुए अपने संबोधन ने कहा कि नीतीश कुमार और उनकी पार्टी पर जयदेव अंदर से पूरी तरह खोखला हो चुकी है और सिर्फ डब्बा ही बचा है आगे उन्होंने कहा कि वीडियो की समाप्ति के बाद उनकी पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल ही कल्प बनेगी टीवी पर जब देखता हूं तो नीतीश कुमार पर दया आती है वह बुरी तरह से परेशान है राष्ट्रीय जनता दल के लोगों ने उन्हें चक्रव्यूह में फसा लिया है अब अब या उन पर निर्भर करता है कि वह कहां निकल पाते हैं कि नहीं नीतीश कुमार काफी परेशान है और जब भी परेशान होते हैं तब कोई बड़ा निर्णय लेते हैं इसीलिए राजनीतिक गलियारों में और चर्चा है कि वह पुणे एनडीए में लौट सकते हैं हमारा प्रयास है कि लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार के सभी 40 सीटों पर एचडी की जीत हो ताकि एक बार फिर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो किस पार्टी को कितनी सीट मिलेगी या आगे आने वाला समय में तय होगा लेकिन लोकसभा चुनाव की जीत को लेकर हम लोग अभी से प्रयासरत हैं यह कहना राष्ट्रीय लोक लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने गया में पत्रकारों से कहा। स्तर पर इस जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुशवाहा पूर्व सांसद मुनाजिर हसनपुर विधायक रणविजय सिंह ठाकुर धर्मेंद्र सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुशवाहा रामकुमार मेहता आकाश दयाल धर्मेंद्र कुमार वर्मा जितेंद्र पासवान पियूष गुप्ता डिक अड सहित गया जिला के नेट का नाम कार्यकर्ता काफी संख्या में शामिल थे

डॉ. सिताराम सिंह एसोसिएन ऑफ सर्जन के प्रदेश अध्यक्ष बने

प्रात: किरण संवाददाता

जलालपुर प्रखण्ड के रामपुरनूर नगर निवासी एवम जदयू किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष भोला सिंह के बड़े भाई डॉ0 सिताराम सिंह एसोसिएशन ऑफ के अध्यक्ष बनने पर जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा की श्री सिंह के एसोसिएशन ऑफ सर्जन के अध्यक्ष बनने से सारण जिला में खुशी की लहर है वर्तमान में सितामढी जिला के प्रसिद्ध चिकित्सक है श्री सिंह को ऑल इण्डिया द एसोसिएशन ऑफ सर्जन के अध्यक्ष बनाकर महतुपूर्ण जवाब दे हि दिया गया है श्री सिंह सांत स्वभाव एवम मिलनसार ब्यक्ति है बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री गैतम सिंह,जयप्रकाश यादव,किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रमेश चौरसिया,मो0 फिरोज,ई0 प्रभास शंकर,ललनदेव तिवारी, मनोज सिंह,अनिल कुमार सिंह वसीम अकरम, रेयाजुद्दीन मंसूरी आदि प्रमुख रूप से शामिल है।

नागरिक अधिकार बहाल नही होता है तो बड़े आंदोलन में जाएंगे : मनोज मंजिल

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। अगिआंव विधायक मनोज मंजिल के नेतृत्व में हाउसिंग कॉलोनी नागरिक मंच,चंदवा आरा के डेलिगेट्स नगर आयुक्त से मिले । कॉलोनी के जीर्णोद्धार को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा पत्र । इस मौके पर भाकपा - माले केंद्रीय कमिटी सदस्य व अगिआंव विधायक मनोज मंजिल ने कहा कि सैकड़ों परिवार एक बेहतर जीवन जीने की चाह में आरा नगर के हाउसिंग कॉलोनी में बसे। यहाँ के निवासी एक बेहतर जीवन जीने के चाह में आसियाना लिए थे और आज लगभग 30 वर्ष गुजर गए लेकिन उनका यह सपना सपना ही रह गया और हाउसिंग कॉलोनी की हालात बद से बदत्तर होती चली गईं। आज तो यहाँ के निवासी नारकीय परिस्थिति में रहने को विवस हैं। नाली का पानी घरों मे जाने लगा, सड़कें तलाब में तब्दील हो गई है और पार्क पार्क नही रहा। सड़कें इतनी खराब है कि हमारी माँ - बहने, बुजुर्ग माता - पिता, बच्चे को घरों से निकलना/चलना मुश्किल होता है। नाली की पानी घरों में जा रहा है पूरे कॉलोनी के पानी बाहर नही निकलता है जिसे से पार्क मैदान मे गन्दे तालाब बना हुआ है। हम नागरिक हैं तो नागरिक अधिकारों से वंचित क्यों ?, हाउसिंग कॉलोनी के उपेक्षा अब हमें मंजूर नहीं !, हाउसिंग कॉलोनी के सभी सड़कों का पुनर्निर्माण कराओ, हाउसिंग कॉलोनी के पार्कों का सौंदर्यीकरण काराओं। मैंने और यहां के नागरिक मंच पिछले एक वर्ष से विधानसभा से लेकर जिलाधिकारी, भोजपुर तक अपनी बातों को रखा है। लेकिन आश्वासन के अलावें अभी तक जमीन पर कोई ठोस कदम नही उठाया गया। इस स्थिति पर गंभीरता से विचार कर हाउसिंग को इस नारकीय स्थिति से मुक्त कराया जाए। नही तो यहाँ के नागरिक बड़े जनांदोलन के लिए बाध्य होंगे। इसका जिम्मेवार नगर निगम होगा। प्रतिनिधिमंडल में अगिआंव विधायक मनोज मंजिल, इंकलाबी नौजवान सभा एवम नागरिक मंच के संयोजक धीरेन्द्र आर्यन,माले के मीडिया प्रभारी चंदन कुमार, माले नगर कमिटी सदस्य हरीनाथ राम,नागरिक मंच से अर्चना कुमारी,शांति देवी, बिस्वामित्र शर्मा,अमरेंद्र कुमार,सत्यनारायण राम,संजय सिंह, गुड्डू उपाध्या,अमोद कुमार,कौशल कुमार,शकल्दीप गुप्ता,पुतुल उपाध्याय,शशि शेखर, सुरेंद्र श्रीवास्तव जय प्रकाश यादव,गोलु जी,मुना तिवारी,संतोष पाठक इत्यादि लोग थे।

प्रमुख मांगें

- हाऊसिंग कॉलोनी के सभी सड़कों का पुनर्निर्माण!
- सड़क के दोनों तरफ नाला निर्माण!
- पानी निकासी की समुचित व्यवस्था!
- हाऊसिंग कॉलोनी के पार्कों का सौंदर्यीकरण
- सभी बिजली के जर्जर तारों को कवरयुक्त तथा स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था किया जाए।

खुसरूपुर की शर्मनाक घटना के जिम्मेवार अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी हो : माले

प्रात: किरण संवाददाता

पटना । जिले के खुसरूपुर के मोसिमपुर में एक सूदखोर और उसके सहयोगियों द्वारा एक दलित महिला को निर्वस्त्र कर पीटने और उसके मुंह पर पेशाब करने की वीभत्स घटना के खिलाफ भाकपा-माले एवं ऐपवा के राज्यव्यापी प्रतिरोध दिवस के तहत आरा में माले जिला कार्यालय श्रीटोला आरा प्रतिवाद मार्च मार्च निकालकर सब स्टैंड में सभा आयोजित की गई !सभा का संचालन इंनौस राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन ने किया !सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले नेताओं ने कहा कि कहा है कि पूरे देश में भाजपा और आरएसएस ने हिंसा व घृणा का जो माहौल बनाया है, उसकी वजह से दलितों व महिलाओं पर हमले की घटना में लगातार वृद्धि हो रही है. बेगूसराय में भी वहां के भाजपा सांसद गिरिराज सिंह लगातार नफरत का माहौल बनाने में लगे हुए हैं ! आगे माले नेताओं ने कहा कि बिहार में सूदखोरी काफी गंभीर समस्या है !हमने बिहार सरकार से भी बारंबार कहा गया कि सूदखोरी का अंत होना चाहिए,लेकिन गरीब लोग इसकी चपेट में आते जा रहे हैं !खुसरूपुर की घटना तो सूदखोरों के आतंक का एक ऐसा उदाहरण है जिसकी मिसाल भी नहीं मिलेगी ! आगे माले नेताओं ने कहा कि जिस महिला को अपमानित किया गया उन्होंने दो साल पहले सूदखोरों से कुछ ऋण लिया था,जिसका भुगतान दो से तीन दिन में ही कर दिया था. सूदखोर उस दो-तीन दिन का भी सूद चाहते थे और लगातार दबाव बनाए हुए थे !साहूकार की इस अनुचित मांग को लेकर पीड़िता ने पुलिस में कई बार शिकायत भी की थी ! आगे माले नेताओं ने कहा सूदखोर के आतंक से रविदास जाति के 8 घरों का टोला आतंक के साए में हैं !5 लोग बाजाप्ता अपने घर में ताला लगा चुके हैं !हाल ही में 2 और लोग गांव छोड़कर भागने पर मजबूर हुए !सिर्फ यही परिवार बचा हुआ था ! विगत 21 सितंबर को आरोपी प्रमोद सिंह और उसका बेटा अंशू सिंह एक बार फिर सूद का तकादा करने पहुंच !पुलिस आई और उसने मामले को रफा-दफा कर दिया !23 सितंबर को सूदखोर दिन भर महिला पर हमले के लिए घात लगाए बैठे रहे !दिन भर वह महिला अपना घर बंद करके रही !बाद में सूदखोरों ने कहा कि यदि वह बाहर नहीं निकलती है तो उसके पति की हत्या कर देंगे. तब महिला घर से बाहर निकली और उसे निर्वस्त्र किया गया तथा मुक्कों एवं लाठियों से पीटा गाा !बाद में पुलिस आई और प्राथमिक इलाज करवाया गया ! अस्पताल में भर्ती पीड़िता ने दावा किया कि उधार ली गई 1500 रूपए की रकम ब्याज समेत चुकाने के बावजूद उसे यह प्रताड़ना सहनी पड़ी है !महिला ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि प्रमोद सिंह ने अपने बेटे से मेरे मुंह पर पेशाब करने के लिए कहा उसने वैसा ही किया ! भाकपा-माले एवं ऐपवा ने बिहार सरकार से मांग की है कि जिम्मेवार अपराधी प्रमोद सिंह और अंशू सिंह की तत्काल गिरफ्तारी,पीड़ित महिला का समुचित इलाज सूदखोरी पर रोक लगाने व उसकी माफी तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने व पुनर्वास की मांग बिहार सरकार से की है ! प्रतिवाद मार्च में भाकपा-माले राज्य कमेटी सदस्य विजय ओझा,राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी,नगर सचिव दिलराज प्रीतम,जिला कमेटी सदस्य अमित कुमार बंटी,ऐपवा नगर सचिव शोभा मंडल,संगीता सिंह,बालमुकुंद चौधरी,जसम के जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह,इंनौस जिलाध्यक्ष निरंजन केशरी,आइसा जिला सचिव सुशील कुमार,नगर कमेटी सदस्य बब्लू गुप्ता,नगर कमेटी सदस्य हरिनाथ राम,आइसा जिला सह सचिव रौशन कुशवाहा,संतविलास राम,छोटे लाल सिंह,धंन्नजय सिंह, रणधीर कुमार राणा,छोटे लाल सिंह, प्रमोद रजक,लालजी शर्मा शामिल थे !

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का आरा में किया गया भव्य स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के आगमन को लेकर कोईलवर प्रखंड कोईलवर थाना मोड़ के पास कांग्रेस नेत्री रीता सिंह अपने समर्थकों के साथ प्रदेश अध्यक्ष को भव्य स्वागत किया स्वागत करने में डॉ रियाज अहमद सलामा खातून वैजयंती देवी आशा देवी प्रभावती देवी रिंकू देवी मंजू रिंकू सरिता गायत्री किरण सत्येंद्र चौधरी महेंद्र मुकेश पासवान राकेश शर्मा भोजपुर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अशोक राम ने भी अपने समर्थकों के साथ कोईलवर के पास प्रदेश अध्यक्ष को भव्य स्वागत किया।

गया में हेल्प काउंटर का हुआ शुरूआत तीर्थ यात्रियों को मिलेगी सुविधा

प्रात: किरण संवाददाता

गया। पितृपक्ष मेला को लेकर टेंट सिटी में उपलब्ध निःशुल्क सुविधाएं तीर्थयात्री के लिए कि गयी है आवासन की व्यवस्था।,समान रखने के लिए लॉकर की व्यवस्था।, में आई हेल्प यू काउंटर का हुआ शुरूआत सुरक्षा के लिए पर्याप्त सिक्योरिटी गार्ड एवं सीसीटीवी की व्यवस्था।,शुद्ध पेयजल की व्यवस्था।, पर्यपत चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था है।, टेंट सीटी में यात्रियों के गंगा जल आपूर्ति योजना के अंतर्गत गंगा जल अपूर्तित करवाया जा रहा, देश विदेश से आये यात्री जो टेंट सिटी में आवासन करेंगे उन्हें भी गंगा जल पीने हेतु व्यवस्था किया गया है। वहीं पर्याप्त संख्या में डीलक्स शौचालय की व्यवस्था है। 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति। टेंट सिटी के अंदर जीविका एवं सुधा डेयरी द्वारा अशुल्क शुद्ध शाकाहारी भोजन की व्यवस्था। पूरे मेला अवधि में भजन किर्तन के साथ साथ रामलीला की भी व्यवस्था की गई है। और गांधी मैदान में सूचना जनसंपर्क विभाग द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में व्यापक प्रदर्शनी भी लगवाया जा रहा है। जिसके माध्यम से देश-विदेश से आने वाले सभी तीर्थ यात्री सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत हो सके।सभी तीर्थयात्रियों से जिला प्रशासन अपील करता है कि गांधी मैदान में आपके आवासन के लिए बनाए गए टेंट सिटी का भरपूर प्रयोग अवश्य करें।

विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 27 सितंबर, 2023

सम्पादकीय

ये कैसा हार्ड स्टेट?

नरेंद्र मोदी सरकार दुनिया में भारत की छवि हार्ड स्टेट की बनाना चाहती है। भाजपा का पुराना आरोप है कि अन्य पार्टियों के शासनकाल में भारत सॉफ्ट स्टेट था। लेकिन चीन की जब बात आती है, तो हार्ड स्टेट का वह नैरेटिव क्यों मद्धम पड़ जाता है?बीते जुलाई में चीन में वुशु वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था, तब चीन ने अरुणाचल प्रदेश के तीन एथलीटों को स्टेपल्ड वीजा दिया था। यानी उसने अन्य भारतीय नागरिकों को दिया जाना वाला सामान्य वीजा उन्हें देने से इनकार कर दिया था। तब भारत ने उस पर कड़ा विरोध जताया और वर्ल्ड कप टूनामेंट में भाग लेने से इनकार कर दिया। चीन जा रहे भारतीय खिलाडियों को तब हवाई अड्डे से लौटा लिया गया था। यह एक सही प्रतिक्रिया थी। कोई देश यह मंजूर नहीं कर सकता कि उसके किसी क्षेत्र को कोई अन्य देश इस तरह विवादास्पद बनाने की कोशिश की जाए। अब चीन ने वही हरकत एशियाई खेलों के सिलसिले में दोहराई है, लेकिन इस बार भारत की प्रतिक्रिया अलग नजर आई है। इस बार सिर्फ अरुणाचल के तीन खिलाड़ी चीन नहीं भेजे गए, जबकि बाकी पूरी टीम को वहां जाने दिया गया। फिर यह खबर आई कि विरोध जताने के मकसद से खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने उद्घाटन समारोह में भाग लेने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया है।मुद्दा यह है कि जब पूरे टूनामेंट के बायकॉट के भारत के फैसले की चीन ने परवाह नहीं की, तो एक मंत्री के ना आने की वह कितनी परवाह करेगा? हालांकि ऐसा फैसला खिलाडिंयों के साथ बड़ा अन्याय होता, लेकिन किसी का कोई नुकसान राष्ट्र को होने वाली क्षति से बड़ा तो नहीं हो सकता। अगर भारत एशियाई खेलों के बहिष्कार का एलान करता, तो उससे चीन की मेजबानी पर जरूर एक धब्बा लगता-साथ ही उससे चीन के इस तरह के रवैये पर दुनिया में चर्चा भी होती। जहां तक खिलाडिंयो के साथ अन्याय की बात है, तो ऐसा जुलाई में वुशु के बाकी खिलाडिंयों के साथ भी हुआ था। एक जैसी ही घटना पर कोई देश अलग-अलग मौकों पर अलग रुख कैसे अपना सकता है? नरेंद्र मोदी सरकार दुनिया में भारत की छवि हार्ड स्टेट की बनाना चाहती है। भाजपा का पुराना आरोप है कि अन्य पार्टियों के शासनकाल में भारत सॉफ्ट स्टेट था। लेकिन चीन की जब बात आती है, तो हार्ड स्टेट का वह नैरेटिव क्यों मद्धम पड़ जाता है?

नए युग के लिए दिव्य ज्ञान लेकर आया ब्रह्माकुमारीज का वैश्विक शिखर सम्मेलन!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

ब्रह्माकुमारीज संस्थान के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा ने भाग लिया। नए युग के लिए दिव्य ज्ञान विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारा देश हजारों वर्षों से आध्यात्मिकता का केंद्र रहा है। भारत में बहुत लोग हैं जो यह मानते हैं कि भारत 15 अगस्त 1947 से शुरू हुआ है और हमारा संविधान ही भारत का मूलभूत है। लेकिन मैं समझता हूं कि भारत की सनातन सभ्यता और संस्कृति पांच हजार साल पुरानी है जो भारत का मूलभूत गौरव है। हमने जो ज्ञान ऋषि-मुनियों से सीखा है वही ज्ञान हमारे संविधान में समाहित किया है। भारत का संविधान हमारे ही देश की शिक्षा, सभ्यता और संस्कार से प्रेरित है, जो कहता है कि हमें संविधान के आधार पर चलना चाहिए। लेकिन मैं कहता हूं कि उससे पहले हम भारत की पुरातन शिक्षा के आधार पर चलें तो अच्छा इंसान बन सकते हैं। सदाचार, सच्चाई, सद्भाव, अहिंसा, दया, प्रेम, करुणा, क्षमा और धैर्य हमारे मूल्य हैं। इनके आधार से ही व्यक्ति के चरित्र का निर्धारण किया जाता रहा है। श्रीमद्भागवत गीता के अनुसार कर्म ही हमारा मूल धर्म होना चाहिए। गीता कहती है कि आप कर्म करो और भगवान को अर्पण करो। यही जीवन का मार्ग है। इससे ही जीवन सफल होगा। गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है कि मानव मात्र निमित्त होता है जो करते हैं भगवान करते हैं। हमारा मूल ज्ञान यही है कि परमात्मा एक हैं और हम सभी आत्माएं हैं। हमारे गलत कर्म हमें परमात्मा से दूर कर देते हैं। लेकिन जब हम परोपकार, पुण्य कर्म करते हैं तो परमात्मा से पुनः मिल सकते हैं। सेवा से आत्मा निर्मल होती है। निर्मल आत्मा, परमात्मा की सबसे प्रिय और पास होती है। ब्रह्माकुमारीज में हमें आत्मा को परमात्मा से मिलाने का ज्ञान दिया जाता है। वर्ष 1937 में इस संगठन की शुरूआत की गई थी जो आज विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक संगठन बन चुका है। ये भारत की गौरवगाथा को विश्व में प्रसारित कर रहा है। महावीर स्वामी, गौतम बुद्ध, स्वामी विवेकानंद, आदि शंकराचार्य जैसे संत-महात्मा, ऋषि मानव जाति के लिए अध्यात्म की विरासत छोड़ गए हैं। ब्रह्माकुमारीज संगठन लोगों में आंतरिक शांति और बदलाव लाने में जुटा है। यहां के ज्ञान और शिक्षा से लोगों में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन का यह नारा साकार हो रहा है। लोगों का जीवन बदला है और सुख-शांति आई है।ब्रह्माकुमारीज विश्वभर में यौगिक खेती, नशामुक्ति, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है।ब्रह्माकुमारीज की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मोहिनी दीदी ने कहा कि आज विश्व ने सभी क्षेत्रों में बहुत प्रगति की है। लेकिन इस प्रगति के साथ जागृति का बैलेंस नहीं है, नई सोच नहीं है तब तक परिवर्तन नहीं हो सकता है। वर्ष 1937 में ब्रह्मा बाबा को साक्षात्कार हुए और उन्होंने विश्व परिवर्तन की नींव रखी। उन्होंने सभी को ज्ञान दिया कि हम सभी आत्माएं हैं। शरीर तो एक वस्त्र है। सतयुग में हम सभी का अनादि स्वरूप होता है।

ब्रह्माकुमारीज के मीडिया निदेशक बीके करुणा भाई ने कहा कि 1937 में हम सभी को परमात्मा द्वारा प्रजापिता ब्रह्मा के माध्यम से दिव्य ज्ञान मिला। मात्र 87 वर्ष में यह ज्ञान माताओं-बहनों ने पूरे विश्व में पहुंचा दिया। आत्मा की शिक्षा ही यहां का मुख्य आधार है। ईश्वर हम सभी के माता-पिता हैं। इस विद्यालय की सफलता का राज सहज राजयोग मेडिटेशन है। संस्था के कार्यकारी सचिव डॉ. बीके मृत्युंजय भाई ने कहा कि आपका अपने घर में, परमात्मा के घर में स्वागत है। इस सम्मेलन में देशभर से 50 से अधिक विधायक, सांसद, राज्यों के कैबिनेट मंत्री, शिक्षाविद और निजी कंपनियों के सीईओ, निदेशक भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। दादी का सान्निध्य पाकर मुख्यमंत्री गदगद हो गए। दादी ने उनका शॉल पहनाकर और परमात्मा का स्मृति चिंह्न भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने ज्ञान चर्चा की।

सम्मेलन में केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री भगवंत खुबा ने कहा कि भारत ऋषि-मुनियों, तपस्वियों, योगियों का देश है। भारत ज्ञान-विज्ञान और अध्यात्म से विश्वगुरु था। कई कारणों से बीच में विकृति आई, इस कारण दुनिया में अशांति, अधर्म, असत्य आया। भारत ही एकमात्र देश है जो विश्व को दिशा, शांति और धर्म दे सकता है। एक बार फिर से दुनिया को प्रेरित करने का समय आया है।उन्होंने कहा कि हमे पानी, ऊर्जा का उपयोग सावधानी से करना होगा,साथ ही कहा कि जब तक नारी शक्ति का उपयोग विश्व पूर्ण क्षमता के साथ नहीं करता है तब तक पूरा विकास नहीं कर सकता है।

हरिद्वार से सांसद एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने माना कि ब्रह्माकुमारीज आत्मा को परमात्मा से जोड़ रही है। मनुष्य को मनुष्य बनाए रखने और संकल्प से सिद्धी की ओर की ब्रह्माकुमारीज की यह यात्रा प्रेरणास्रोत है। यहां से जुड़े ब्रह्माकुमार भाई-बहनें इस यात्रा के साक्षी बन रहे हैं। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि यत्र नार्यस्ते पूज्यंते रमंते तत्र देवताः अर्थात जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। नारियों को जो सम्मान और स्थान इस विश्व विद्यालय में दिया जाता है वह और कहीं देखने को नहीं मिलता है। हमने पूरी पृथ्वी को मां कहा है। हमने वसुधैव कुटुम्बकम् की बात की, लेकिन सिर्फ कुटुम्ब नहीं माना है बल्कि सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः सबके सुख और स्वस्थ होने की कामना भी की है। यह विचार सिर्फ हमारे भारत में है। नए युग का भारत विश्वगुरु के रूप में उभर रहा है। मृत्यु को जीतकर जो अमरता की बात करता है वह सिर्फ हमारा भारत ही करता है। उन्होंने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी- 2020 का जिक्र करते हुए कहा कि आज हम जिस यात्रा और लक्ष्य की बात कर रहे हैं उसमें हमने उन बातों और सिद्धांतों को इसमें शामिल किया है। इसकी सराहना ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने भी की है।

नेपाल सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश नहाकुल सुबेदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज आध्यात्मिक ज्ञान द्वारा भारत सहित नेपाल में लोगों का जीवन बदलने में जुटी है। अध्यात्म हमें सकारात्मक बना देता है। ऐसे प्रयासों से ही विश्व शांति आएगी। उत्तर प्रदेश के पशुपालन डेयरी विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना ब्रह्माकुमारीज के माध्यम से साकार हो रही है। यहां से लोगों को बदलाव का संदेश दिया जा रहा है। नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री व सांसद प्रकाश मान सिंह ने कहा कि धर्म से ऊपर उठकर हमें एक विचारधारा के साथ आगे बढ़ना होगा, तभी विश्व शांति आएगी। ब्रह्माकुमारीज शांति का संदेश देकर सामाजिक बदलाव में बड़ी भूमिका निभा रही है।

जीत की गारंटी मोदी हार का ठीकरा किसके सिर!

जीत की गारंटी नरेंद्र मोदी लेकिन कोई चूक हुई तो फिर हार का ठीकरा किसके सिर फोड़ा जाएगा। क्योंकि भाजपा ने शिवराज के मुख्यमंत्री रहते इस बार सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने का ऐलान पहले ही कर दिया ही। जो जन आशीर्वाद यात्रा का चेहरा बनकर माहौल बनाने और समझने मतदाताओं के बीच पहुंचे थे वो गिने-चुने वक्ताओं के बीच मोदी की मौजूदगी में सिर्फ फोटो फ्रेम का हिस्सा बनकर रह गए। भाजपा की नीव के पत्थर माने जाने कुशाभाऊ ठाकरे प्यारेलाल खंडेलवाल का जिक्र कुछ पूर्व मुख्यमंत्री के साथ मोदी ने किया जरूर लेकिन सत्ता संगठन के नीति निर्धारकों के अलावा सीएम इन वेटिंग की दौड़ में शामिल नेताओं को भी इस मंच से कोई महत्व नहीं दिया गया। मोदी के उद्बोधन से पहले प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को जरूर अपनी बात रखने का मौका दिया गया। सवाल क्या इसे भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व खासतौर से मोदी शाह की जोड़ी की रणनीति माना जाए। जो 2024 के लिए मोदी के अनिवार्य स्वीकार्य नेतृत्व में निखार लाने के लिए एक अलग माहौल बना रहे।तो क्या 2023 में विधायक से लेकर मंत्री और सरकार और नेतृत्व कर्ता के खिलाफ एंटी इनकमेंसी अभी भी समस्या बनी हुई है। जो एक चेहरे पर कई चेहरे लगाते हुए मोदी के भरोसे ही चुनाव जीतना चाहती है।

राकेश अग्निहोत्री
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

जंबूरी मैदान में आयोजित भाजपा महाकुंभ के सहभागी बने पार्टी कार्यकर्ताओं की नब्ज पर हाथ रख मोदी ने बखूबी मतदाता और नेतृत्व के बीच की अहम और निर्णायक कड़ी को खूब साधा। लेकिन उन्होंने जाने अनजाने या चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए सोची समझी रणनीति के तहत मंचासीन नेताओं के महत्व को नजरअंदाज कर पार्टी के अंदर और बाहर एक नई बहस जरूर छेड़ दी। जीत की गारंटी नरेंद्र मोदी लेकिन कोई चूक हुई तो फिर हार का ठीकरा किसके सिर फोड़ा जाएगा। क्योंकि भाजपा ने शिवराज के मुख्यमंत्री रहते इस बार सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने का ऐलान पहले ही कर दिया ही। जो जन आशीर्वाद यात्रा का चेहरा बनकर माहौल बनाने और समझने मतदाताओं के बीच पहुंचे थे वो गिने-चुने वक्ताओं के बीच मोदी की मौजूदगी में सिर्फ फोटो फ्रेम का हिस्सा बनकर रह गए। भाजपा की नीव के पत्थर माने जाने कुशाभाऊ ठाकरे प्यारेलाल खंडेलवाल का जिक्र कुछ पूर्व मुख्यमंत्री के साथ मोदी ने किया जरूर लेकिन सत्ता संगठन के नीति निर्धारकों के अलावा सीएम इन वेटिंग की दौड़ में शामिल नेताओं को भी इस मंच से कोई महत्व नहीं दिया गया।

मोदी के उद्बोधन से पहले प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को जरूर अपनी बात रखने का मौका दिया गया। सवाल क्या इसे भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व खासतौर से मोदी शाह की जोड़ी की रणनीति माना जाए । जो 2024 के लिए मोदी के अनिवार्य स्वीकार्य नेतृत्व में निखार लाने के लिए एक अलग माहौल बना रहे।तो क्या 2023 में विधायक से लेकर मंत्री और सरकार और नेतृत्व कर्ता के खिलाफ एंटी इनकमेंसी अभी भी समस्या बनी हुई है। जो एक चेहरे पर कई चेहरे लगाते हुए मोदी के भरोसे ही चुनाव जीतना चाहती है। वह भी तब जब 15 महीने के मुख्यमंत्री कमलनाथ का चेहरा सामने ला चुकी कांग्रेस भाजपा में नेतृत्व पर सवाल खड़ा कर चुटकी ले रही है। सिर्फ मोदी का चेहरा सामने रखकर समस्या और दूसरी चुनौतियां से क्या भाजपा को निजात मिल जायेगी। या फिर क्षेत्रीय और स्थानीय फेक्टर पार्टी की परेशानी बढ़ा सकते।सवाल क्या कर्नाटक की लाइन पर ही बीजेपी हाई कमान सामूहिक नेतृत्व का हवाला देकर मध्य प्रदेश में चुनावी बिसात बिछा रहा है। ऐसे में क्या गारंटी पीढ़ी परिवर्तन के दौर में अनुभवी और युवाओं की महत्वाकांक्षा की टकराहट के चलते मोदी की मेहनत और उनका मिजाज क्या मध्यप्रदेश की जनता को रास आएगा। वह भी तब जब पार्टी में भगदड़ को उसके नीति निर्धारक कोई तवज्जो नहीं दे रहे। डैमेज कंट्रोल को लेकर खड़े हो रहे सवालों के बीच बड़ा सवाल जीत का सेहरा यदि नरेंद्र मोदी के सिर पर बंधेगा और यदि कोई चूक हुई तो नया सवाल 24 के पहले हार का ठीकरा किसके सिर पर फोड़ा जाएगा। जीत की गारंटी मोदी फिर भी शिवराज को लगातार कमजोर और अलग-थलग साबित कर विधायक के उम्मीदवार क्या चुनाव जीत पाएंगे। या फिर भाजपा नेतृत्व ने जन आशीर्वाद यात्रा में दूसरे राज्यों के चेहरों को आशीर्वाद मांगने के लिए उतार कर पहले ही बड़ा संदेश दे दिया है। पार्टी के लिए स्थानीय मुद्दे क्षेत्रीय जातीय समीकरण क्या कोई मायने नहीं रखते हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन 25 सितंबर पर भाजपा का कार्यकर्ता महाकुंभ यह पहला नहीं था। जो अभी तक चुनाव आचार संहिता लगने से ठीक पहले जन आशीर्वाद यात्रा के समापन का मंच और चुनाव के शंखनाद का साक्षी बनता रहा।2008 में शिवराज का नेतृत्व और आडवाणी,सुषमा,उमा की मौजूदगी हो या फिर 2013 का जंबूरी मैदान जब पार्टी की कमान राजनाथ के पास थी और चेहरा शिवराज खासतौर से मोदी आए थे।2018 में भाजपा का ताना-बाना मोदी और शाह के इर्दगिर्द बुन चुका था। वोट ज्यादा फिर भी सरकार बचाने और बनाने के लिए सीटे कम पड़ गई थी। इस बार इस मंच से ना तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन आशीर्वाद यात्रा का कोई जिक्र करना मुनासिब समझा । ना ही मुख्यमंत्री शिवराज और मंचासीन किसी और दूसरे नेता का नाम लिया गया। गेम चेंजर बनकर चर्चा में आई लाडली बहना योजना जिसे शिवराज सरकार का मिशन 23 का मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा। इस उपलब्धि का भी कोई जिक्र नहीं और ना ही संसद से पास हुए महिला आरक्षण बिल पर पिछड़े वर्ग के कोटे की मांग कर रही उमा भारती के ट्वीट को नोटिस किया गया। ज्योतिरादित्य सिंधिया और नरेंद्र तोमर को विशेष महत्व। अलबत्ता मंच पर पहुंचने से पहले रथ पर मोदी के साथ शिवराज और विष्णु दत्त यानी मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष की जोड़ी जरूर अभिवादन करती हुई नजर आई। मध्य प्रदेश की चुनावी जमावट में दिल्ली के हस्तक्षेप का एहसास करने वाले नेताओं की मंच से आश्चर्यजनक दूरी जरूर चर्चा में आई।

प्रदेश भाजपा के केंद्रीय और प्रदेश नेताओं की सोशल इंजीनियरिंग के साथ उनका दबदबा जरूर नजर आया। पिछड़ा, आदिवासी, ब्राह्मण,ठाकुर, चेहरे मौजूद। आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिला के आरक्षण की खूब चर्चा लेकिन मंच पर संचालनकर्ता महिला पधाधिकारी को छोड़ दिया जाए तो कोई भी दूसरी महिला नेत्री नजर नहीं आई। नजर आया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मविश्वास।दूर दृष्टि. दृढ़ इरादे ।उनका अपना विकास के साथ राष्ट्रवाद और राष्ट्रव्यापी चुनावी एजेंडा पूरा करने का संकल्प।मोदी ने कांग्रेस के मुकाबले सीमित कार्यकाल में अपनी लाइन को बड़ी साबित कर भविष्य के मध्यप्रदेश और भारत निर्माण में भाजपा सरकार की आवश्यकता को जरूरी बताया।पिछले दो माह में मध्य प्रदेश के सातवें दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी से कार्यकर्ता महाकुंभ के मंच से फस्ट टाइम वोटर, समर्पित पार्टी कार्यकर्ताओं से भावनात्मक पारवरिक रिश्तों की प्रगाढ़ता का वास्ता दे खासतौर से महिलाओं और युवाओं का आवाहन कर प्रदेश के साथ देश में भाजपा सरकार की जरूरत और उसके महत्व को रेखांकित किया। बड़ी बेबाकी और साफगोई से आत्मविश्वास का लोहा मनवाते हुए मोदी ने अपनी गारंटी गिनाते हुए मोदी है तो मुमकिन है पर न सिर्फ. मोहर लगाई बल्कि कांग्रेस की नीति नीयत पर सवाल खड़े करते हुए बदलते भारत की तस्वीर को एक ग्लोबल लीडर के साथ सामने रखा। उन्होंने नारी शक्ति के लिए आरक्षण, उनके उत्थान, योगदान को गिना कर आधी आबादी यानी महिलाओं को सावधान किया कि वो विरोधियों की नारी एकता को विखंडित करने की साजिश पर सतर्क रह एक जुट बने रहे। बीजेपी और कांग्रेस सरकार की तुलना करते हुए मोदी ने बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का ठेका अर्बन नक्सलियों के पास है।

मोदी ने कांग्रेस और उसके नेताओं के साथ इंडिया गठबंधन को भी जम कर कोसा। अपनी सरकार की उपलब्धियां और देश में आए बड़े परिवर्तन का ब्योरा सामने रखते हुए उन्होंने कार्यकताओं को उनकी भूमिका और महत्व की याद दिलाते हुए कहीं ना कहीं लगे हाथ चुनाव का एजेंडा भी सेट कर दिया । महिला आरक्षण के मुद्दे पर नारी शक्ति की एक जुटता का पाठ पढ़ाते हुए आरक्षण में ओबीसी कोटा की मांग को इशारों इशारों में फिलहाल नकार दिया। मोदी ने कार्यकर्ता महाकुंभ के मंच से अपनी धमक का एहसास कराया।साख कसौटी पर फिर भी निश्चिंत। चिंता 2024 की लेकिन माथे पर सिकन नहीं।कौन क्या उनके बारे में सोचता इससे शायद कोई फर्क उन्हें नहीं पड़ता। कमल चुनाव चिन्ह। चेहरा कोई भी हो। जीत की गारंटी मोदी यही बदलती बीजेपी की तश्वीर देश के हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश से एक बार फिर नजर आई। जब मोदी पार्टी कार्यकताओं से संवाद कर रहे थे।वह बात और है कांग्रेस और उसके राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मोदी के इस उद्बोधन पर चुटकी ली और शिवराज सरकार की घेराबंदी कर सवाल खड़े किए। तो उधर भाजपा के अंदर से दूरी बना कर चल रही मुख्यमंत्री उमा भारती ने भी अपने ट्वीट के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मान दिया लेकिन महिला आरक्षण पर पिछड़ों की भागीदारी पर अपनी बात पर अड़े रहकर सियासी संदेश दिए। देखना दिलचस्प होगा जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान जारी पोस्टर। के जरिए सामूहिक नेतृत्व का संदेश देने वाली बीजेपी अब मध्य प्रदेश के मन में मोदी की लाइन बढ़ाते हुए चुनाव में विरोधी कांग्रेस पर खुद को कैसे भारी साबित करती है। क्योंकि अभी भी चुनौती सिर्फ विपक्ष से नहीं बल्कि पार्टी के अंदर से मिलने से इनकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि विरासत की राजनीति में नेत्र पुत्रों को भी अपनी पारी का इंतजार है। तो 2018 के नतीजे यह सोचने को मजबूर करते हैं कि छत्रपों और अनुभवी को नजरअंदाज करना भी पार्टी को चुनाव में महंगा पड़ सकता है।

पाकिस्तानी जायरीनों को वक्फ बोर्ड देगा गीता और गंगाजल!

उत्तराखंड के पिरान कलियर शरीफ में हजरत साबिर मखदूम शाह का 755 वां सालाना उर्स शुरू हो चुका है।हर साल यहां लाखों की तादाद में जायरीन यानि श्रद्धालु देश विदेश से आते है।जिनमे बांग्लादेश पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका जैसे देशो से आने वाले जायरीन भी शामिल हैं।उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने बताया कि उन्होंने मोहब्बत का पैगाम देने की पहल की है।पूरी दुनिया एक परिवार है, इसका संदेश भी हम दे रहे है।तभी तो हम उर्स के मौके पर पाकिस्तान से आए तमाम पाकिस्तानियों को गीता और गंगाजल भेंट करेंगे, ताकि पाकिस्तानी इस अनूठे उपहार को ले जाकर अपने देश के मंदिरों में दे सकें।इससे उनका अपने देश के मंदिरों के प्रति जुड़ाव बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि, हम चाहते हैं कि सारी दुनिया एक हो और इसी को लेकर हम लोगों ने यह फैसला लिया है। उत्तराखंड में पांचवें धाम के नाम से मशहूर साबिर मखदूम शाह की दरगाह हरिद्वार जिले के पिरान कलियर में मौजूद है।

डॉ श्रीगोपाल नारसन
लेखक आध्यात्मिक चिंतक व वरिष्ठ पत्रकार है

देवभूमि उत्तराखंड के पिरान कलियर शरीफ की दरगाह पर पाकिस्तान से आए जायरीनों को इस बार गीता और गंगाजल भेंट किया जाएगा।वक्फ बोर्ड इस अनूठी भेंट को देंकर वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दुनिया को देना चाहता हैं। उत्तराखंड के पिरान कलियर शरीफ में हजरत साबिर मखदूम शाह का 755 वां सालाना उर्स शुरू हो चुका है। हर साल यहां लाखों की तादाद में जायरीन यानि श्रद्धालु देश विदेश से आते है।जिनमे बांग्लादेश पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका जैसे देशो से आने वाले जायरीन भी शामिल हैं।उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने बताया कि उन्होंने मोहब्बत का पैगाम देने की पहल की है। पूरी दुनिया एक परिवार है, इसका संदेश भी हम दे रहे है। तभी तो हम उर्स के मौके पर पाकिस्तान से आए तमाम पाकिस्तानियों को गीता और गंगाजल भेंट करेंगे, ताकि पाकिस्तानी इस अनूठे उपहार को ले जाकर अपने देश के मंदिरों में दे सकें।इससे उनका अपने देश के मंदिरों के प्रति जुड़ाव बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि, हम चाहते हैं कि सारी दुनिया एक हो और इसी को लेकर हम लोगों ने यह फैसला लिया है।उत्तराखंड में पांचवें धाम के नाम से मशहूर साबिर मखदूम शाह की दरगाह हरिद्वार जिले के पिरान कलियर में मौजूद है।यह दरगाह 755 साल से भी ज्यादा पुरानी है। दरगाह की मान्यता न केवल अपने देश में,बल्कि दुनिया के अन्य कई देशो में भी है। हर साल उर्स के मौके पर पाकिस्तान से भी सैकड़ों लोग इस दरगाह पर सजदा करने अपनी आस्था के कारण पहुंचते हैं। इस बार भी 110 पाकिस्तानी जायरीन पिरान कलियर अपना पंजीकरण कराकर आए है।वे यहां 2 अक्टूबर तक रहेंगे। पिरान कलियर में एक ऐसी प्रसिद्ध दरगाह भी है जहां भूतों की पिटाई होती है। इस दरगाह में हर धर्म के श्रद्धालु आते हैं।यह देश की दूसरी सबसे बड़ी दरगाह है। यहां सूफी संत अलाउद्दीन अली अहमद साबिर की कब्र है। मुस्लिम के साथ-साथ हिंदू धर्म के लोग भी इस दरगाह पर चादर चढाने आते हैं। ऐसी मान्यता है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं की समस्याएं दूर होती हैं और मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं।इस दरगाह में नकारात्मक ऊर्जा और भूत-प्रेतों के शाये से छुटकारा मिलता है। जिन लोगों पर भूत बाधा होती है, उनके परिवार वाले उन्हें इस दरगाह में लेकर आते हैं। यह दरगाह रुड़की शहर के बाहरी इलाके में है,यह जगह हिंदू और मुस्लिम धर्मों के बीच एकता का उदाहरण भी है।हजरत अलाउद्दीन अली अहमद साबिर पाक की यह दरगाह काफी प्रसिद्ध है।

हजरत ख्वाजा गरीब नवाज अजमेर शरीफ के बाद यह दूसरी सबसे बड़ी दरगाह है। बचपन में ही साबिर पाक के पिता का देहांत हो गया था। जिसके बाद उनकी मां उन्हें अपने भाई हजरत बाबा फरीद के यहां ले आई। मामा ने उन्हें गरीबों को लंगर खिलाने की जिम्मेदारी सौंपी। साबिर रोजाना गरीबों के लिए खाना बांटा करते थे, पर खुद उसमें से कुछ नहीं खाते थे। बाद में हजरत बाबा फरीद ने उन्हें अपना उत्तराधिकारी बना कर पिरान कलियर भेज दिया।तभी से वे पिरान कलियर के होकर रह गए। मेहंदी डोरी की रस्म में शिरकत करने वाले जायरीन देश विदेश से बड़ी संख्या में पिरान कलियर पहुंचते हैं। सज्जादानशीन के कदीमी घर से जुलूस के रूप में दरगाह शरीफ आते हैं। जहां पर मेहदी डोरी की रस्म को अदा किया जाता है। इसके बाद सालाना उर्स का विधिवत आगाज होता है। भारत के पिरान कलियर उर्स में शामिल होकर साबिर साहब की दरगाह पर सजदा करने के लिए पाकिस्तान में इस्लामाबाद स्तिथ भारतीय दूतावास में 161 पाकिस्तानी लोगों ने वीजा के लिए आवेदन किया था। जिनमे से भारतीय दूतावास ने 110 पाकिस्तानियों को पिरान कलियर उर्स का वीजा दिया है।जिनमें 108 जायरीन और 2 पाकिस्तान धर्मस्व विभाग के अधिकारी शामिल हैं। ये पाकिस्तानी जायरीन 25 सितंबर को पाकिस्तान बॉर्डर पार करके 26 सितंबर को लाहौरी एक्सप्रेस ट्रेन से रुड़की पहुंचें।रेलवे स्टेशन पर इन जायरीनों का जोरदार स्वागत किया गया।जायरीनों को जवाइंट मजिस्ट्रेट एवं मेला अधिकारी अभिनव शाह ,वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स, सीईओ सैय्यद सिराज उसमान, एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह और खुफिया विभाग द्वारा कड़ी सुरक्षा के बीच रुड़की से कलियर ले जाया गया। 110 पाकिस्तानी जायरीनों को दिल्ली स्तिथ पाकिस्तान दूतावास के दो लाइजनिंग अधिकारी शफकत जलबानी और मोहम्मद उस्मान अटारी बॉर्डर से रिसीव करके ट्रेन द्वारा पिरान कलियर तक लेकर आए है।जिनकी अपने वतन के लिए वापसी अब 2 अक्टूबर को होगी।

भारत की अध्यक्षता व जी-20 के परिणाम

डा. अश्विनी महाजन

जी-20 शिखर सम्मेलन 10 सितंबर 2023 को भारत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह आयोजन भारत के लिए महत्वपूर्ण था, क्योंकि यह भारत के लिए अपनी विविध प्रकार की उपलब्धियों का प्रदर्शन करके दुनिया को प्रभावित करने का एक अवसर था। भारत के कौशल की भी परीक्षा चल रही थी कि क्या हम वैश्विक नेताओं को रूस-यूक्रेन संघर्ष जैसे विवादास्पद मुद्दों पर आम सहमति पर पहुंचा सकते हैं, और विकासशील देशों, जिन्हें हम ग्लोबल साउथ कहते हैं, के सामने आ रही आर्थिक और पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान ढूंढ सकते हैं। राजनयिक हलकों में इसे आश्चर्य के रूप में लिया गया कि जी-20 के पिछले बयान की तुलना में, जिसमें रूस की ह्यआक्रामकता के लिए उसकी निंदा की गई थी, दिल्ली घोषणापत्र में विश्वास की कमी की बात की गई है और वर्तमान में चल रहे रूस-यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर इस विश्वास की कमी को हल करने की आवश्यकता है। हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय देश यह नहीं मान सकते कि जी-20 का रुख नरम हो गया है, लेकिन हम लिखित में यही देखते हैं। भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन और उसके निष्कर्षों को लेकर न केवल भारत बल्कि अन्य विकासशील देशों में भी काफी उत्सुकता थी। भारत की ओर से इसके लिए न केवल भौतिक तैयारी, बल्कि बौद्धिक तैयारी भी पूरी गंभीरता से की गई थी। अब जब यह सम्मेलन संपन्न हो गया है तो यह समझना महत्वपूर्ण होगा कि इस सम्मेलन के निष्कर्ष दुनिया के लिए क्या मायने रखते हैं?यह समझना होगा कि यह सम्मेलन कई मायनों में बहुत महत्व रखता है। जी-20 दिल्ली शिखर सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण परिणाम, समूह में अफ्रीकी संघ का प्रवेश रहा। अफ्रीकी संघ के शामिल होने से पहले, जी-20 दुनिया की दो-तिहाई आबादी, दुनिया की 85 प्रतिशत जीडीपी और 75 प्रतिशत वैश्विक व्यापार का प्रतिनिधित्व करता था। लेकिन जी-20 में अफ्रीकी संघ के प्रवेश के बाद, अब यह दुनिया की 82 प्रतिशत आबादी, दुनिया की 88 प्रतिशत जीडीपी और लगभग 84 प्रतिशत वैश्विक व्यापार का प्रतिनिधित्व करता है। इस बदलाव का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अब ग्लोबल साउथ न केवल बहुसंख्यक आबादी का ही प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि सकल घरेलू उत्पाद और वैश्विक व्यापार में भी उसका बड़ा हिस्सा है। यह उम्मीद करना उचित है कि यह बदलाव अब जी-20 के कामकाज और निर्णयों में दिखाई देने लगेगा। वैश्विक तनाव और उथल-पुथल के बावजूद, न केवल घोषणा पर आम सहमति बन सकी, बल्कि जो निष्कर्ष निकले, वे इस सम्मेलन में भारत द्वारा दिए गए ध्येय वाक्य एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के अनुरूप प्रतीत होते हैं। इस जी-20 शिखर सम्मेलन की खासियत यह रही कि भारत ने शुरूआत से ही ह्यग्लोबल साउथ के हितों की रक्षा की बात की। इसके मुताबिक, सम्मेलन के अंत में निर्मला सीतारमण ने कहा, ह्यभारत अपनी बात पर खरा उतरा। यानी भारत ने जो कहा, वो किया। जी-20 सम्मेलन की खासियत यह रही कि इसमें विकासशील देशों की आकांक्षाओं पर न सिर्फ बात की गई, बल्कि उस दिशा में कदम भी उठाए गए। अब यह देखने का समय है कि दिल्ली घोषणापत्र किसी भी तरह से विकसित देशों की ओर झुका हुआ नहीं था, बल्कि हम कह सकते हैं कि इस बार इसका फोकस वैश्विक दक्षिण यानी ग्लोबल साउथ पर अधिक था। सम्मेलन की पहली उपलब्धि यह रही कि सदस्य देश इस बात पर सहमत हुए कि बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को बेहतर, बड़ा और अधिक प्रभावी बनाया जाए, ताकि वे दुनिया के देशों की अपेक्षाओं के अनुरूप अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकें। भारत हमेशा से वैश्विक वित्तीय ढांचे में सुधारों का पक्षधर रहा है। इस संदर्भ में, इस बात पर सहमति हुई कि बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) की पूंजी संरचना में बदलाव होना चाहिए। इस शिखर सम्मेलन में, एक स्वतंत्र पैनल की सिफारिशों के अनुसार, पूंजी पर्याप्तता ढांचे (सीएएफ) के माध्यम से इन एमडीबी में सुधार सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की गई है। इस शिखर सम्मेलन की दूसरी सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि क्रिप्टो को विनियमित करने को लेकर है। भारत ने कराधान के माध्यम से क्रिप्टो को विनियमित और नियंत्रित करने के लिए अपने स्वतंत्र प्रयास किए हैं। गौरतलब है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पहले भी इस संबंध में दुनिया से समन्वय और आपसी सहयोग का आह्वान किया था। जी-20 शिखर सम्मेलन इस संबंध में वैश्विक सहमति बनाने का एक उपयुक्त अवसर था। दिल्ली घोषणा में कहा गया है कि जी-20 देश क्रिप्टो परिसंपत्ति पारिस्थितिकी तंत्र में तेजी से हो रहे बदलावों के जोखिमों पर बारीकी से नजर रखना जारी रखेंगे। घोषणा में कहा गया, हम क्रिप्टो-परिसंपत्ति गतिविधियों और बाजारों और वैश्विक स्थिर कॉइन व्यवस्था के विनियमन, पर्यवेक्षण और निरीक्षण के लिए वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) की उच्च स्तरीय सिफारिशों का समर्थन करते हैं।ह्न इसके अलावा घोषणा में विशेष रूप से, सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी), डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण, डिजिटल इको-सिस्टम को बढ़ावा देने पर अलग-अलग उप-खंड हैं। इन मुद्दों के बारे में महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भारत पहले से ही इन मुद्दों पर अपने समकक्ष देशों से बहुत आगे है। लंबे समय से विकसित और विकासशील दोनों प्रकार के देश बहुराष्ट्रीय कंपनियों, खासकर तकनीकी कंपनियों, सोशल मीडिया कंपनियों और ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा कर परिहार (टैक्स अवॉयडेंस) की समस्या से जूझ रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

देशी चुलाई शराब के साथ चार गिरफ्तार

बोचहा । थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में गरहां थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की। छापामारी के दौरान पुलिस ने 36 लीटर अवैध देशी चुलाई शराब बरामद की है, साथ ही एक मोटर साइकिल को भी जप्त किया है ।मौके पर अवैध शराब का कारोबार चला रहे चार कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए धंधेबाज की पहचान थाना क्षेत्र के सनाठी गांव निवासी रंजन कुमार, एवं पंकज कुमार, पटियासा महमदपुर के दिनेश राम , रविंद्र कुमार के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी करते हुए पुलिस ने 36 लीटर देसी जुलाई शराब के साथ चार व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वही एक मोटरसाइकिल को भी जप्त किया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

परीक्षा के दौरान दो छात्रों के बीच मारपीट

झाझा-बलियाडीह गांव में स्थित सरकारी स्कूल में परीक्षा के दौरान कुछ बात को लेकर दो स्कूली छात्रो के बीच मारपीट की गई जिसमें एक पक्ष से अभिषेक कुमार तथा दूसरे पक्ष से मो.मुकाम घायल हो गया जिसे इलाज के लिये रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा सभी घायलों का इलाज किया गया ।एक पक्ष से घायल बलियाडीह गांव के रहने वाले अभिषेक कुमार ने बताया कि विद्यालय में 12 वीं की टेस्ट परीक्षा संचालित हो रहा था तभी कुछ लोगों ने मेरे साथ मारपीट करने लगा और लाठी से मेरे सर पर मारकर घायल कर दिया जबकि दूसरे पक्ष से घायल टहवा गांव के रहने वाले मो.मुकाम ने बताया कि परीक्षा के दौरान स्कूल में गाली गलौज किया जा रहा था तभी मै वहां पहुँचा तो विद्यालय में कार्यरत कंप्यूटर शिक्षक लाठी निकालकर पहले पक्ष के लोगों को दे दिया और पहले पक्ष के लोगों ने मेरे उपर लाठी से प्रहार कर घायल कर दिया ।वही घायल दोनो छात्र का अस्पताल में इलाज किया गया।

बिहार लोहार संवाद यात्रा का शुभारंभ

औरंगाबाद ।बिहार लोहार संवाद यात्रा का शुभारंभ गया जिले के पावन नगरी विष्णुपथ नगरी से शुरू होकर महात्मा गांधी के कर्मभूमि भीतिरहवा, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया, वैशाली, छपरा, अरवल, रामायण काल के राक्षसी तारकासुर के नगरी बक्सर से होकर यह यात्रा औरंगाबाद जिले के भगवान भास्कर के पावन नगरी देव में समापन की जाएगी ।वहीं इस यात्रा के निर्देशक एवं बिहार प्रांत के यशस्वी नेता उमेश विश्वकर्मा ने कहा की पूरे बिहार में बिहार लोहार संवाद यात्रा में हजारों हजार की संख्या के काफिला के साथ पूरे बिहार में भ्रमण किया गया और कहा कि लोहार का जो अनुसूचित जनजाति का आरक्षण वापस करो तथा बिहार सरकार द्वारा जारी जाती जनगणना कोड लोहार कर्मकार कोड जारी कर लोहार के साथ अन्याय किया है ,जो लोहार का स्पेशल कोड जारी करी इस तमाम ज्वलंत मुद्दे को लेकर बिहार लोहार संवाद यात्रा किया जा रहा है एवं यह यात्रा लोहार के ज्वलंत मुद्दे को लेकर पटना गांधी मैदान में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के खिलाफ एक कड़ी आंदोलन करेगी।

नौ दिवसीय गणेश महोत्सव के छठे दिन राधा कृष्ण झांकी का आयोजन

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में नौ दिवसीय गणेश महोत्सव के छठे दिन राधा कृष्ण झांकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन औरंगाबाद विधानसभा के विधायक आनंद शंकर सिंह,विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य अजय कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। संबोधन के क्रम में विधायक ने कहा कि गणेश महोत्सव हमारे संस्कृति का अमूल्य धरोहर के रूप में बहुचर्चित है। यह हमें सामाजिक एकता में जोड़ने का काम करती है। कार्यक्रम के मौके पर अध्यक्ष शुभम गुप्ता द्वारा विधायक एवं अन्य अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र पुष्प गुच्छ देकर किया गया। आचार्य प्रेमचंद पांडेय,उपाध्यक्ष कुंदन कुमार, सचिव लव कुमार शर्मा,उपसचिव राहुल कुमार, संचालक राजेश रंजन ने सराहनीय भूमिका निभाई। मौके पर सत्यम कुमार गुप्ता, रवि कुमार, गगन गुप्ता, प्रिंस कुमार, बंटी कुमार, प्रियांशु कुमार, रोशन कुमार सोनी, सुमन कुमार गुप्ता,अभिषेक सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

स्वास्थ्य शिविर मेला का किया गया आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी सीएचसी खजौली के परिसर में मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर मेला का आयोजन किया गया इस स्वास्थ शिविर मेला का उद्घाटन विधिवत फीता काटकर संयुक्त रूप से सीएचसी प्रभारी व चिकित्सा पदाधिकारी डा. जोतिंद्र नारायण डा. साहिद एकवाल डा. जितेंद्र कुमार हेल्थ मैनेजर अर्चना भट्ट बीसीएम शंभू कुमार एवं यूनिसेफ के बीएमसी कालीचरण झा द्वारा किया गया. इस स्वास्थ्य शिविर मेला के दौरान दवा वितरण काउंटर ओपीडी एम.टी.ई.पी. कालाजार मलेरिया डेंगू कोबिड जेनरल टेस्ट परिवार कल्याण सलाह टीकाकरण कुष्ठ रोग सहित अन्य रोग से ग्रस्त मरीज को लगाए गए काउंटर डॉक्टरों द्वारा जांच कर लगभग दुसो से ज्यादा मरीजों का इलाज कर मुफ्त में दवा दिया गया. वही स्वास्थ शिविर मेला के दौरान क्षेत्र से आए सभी प्रकार के बीमारी से ग्रस्त पुरुष महिला नौजवान बच्चे मरीजों को सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बारीकी से जांच कर मुफ्त में दवा मुहैया कराया वही परिवार कल्याण सलाह काउंटर पर जीएनएम सम्भवी कुमारी पूजा तिर्की द्वारा महिलाएं को परिवार नियोजन महिला बध्याकरण के बारे में जानकारी दी.एलटी मनोज कुमार राघवेंद्र कुमार व महेश कुमार यादव द्वारा डेंगू कोबिड एव जेनरल टेस्ट किया गया. वही मेला के दौरान टीकाकरण काउंटर पर जीएनएम अनामिका आर्य एव रिंकी कुमारी एव यूनिसेफ के बीएमसी कालीचरण झा द्वारा बच्चों की टीकाकरण किया गया. वही कुष्ठ रोग के काउंटर पर रंजना शर्मा द्वारा कुष्ठ रोग का इलाज कर मुफ्त में दवा भी दीया .वही सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य मेला के दौरान सभी प्रकार के बीमारी से ग्रस्त मरीजों को समुचित इलाज कर दवा मुहैया कराया गया.इस शिविर मेला के मौके पर सीएचसी के चिकित्सक डा. साहिद एक वाल डा. जीतेन्द्र कुमार फार्मा सित उमेंद्र कुमार बीसीएम शंम्भू कुमार डाटा ऑपरेटर बबलू कुमार बीएमई राजन प्रसाद रजत उपेंद्र यादव यूनिसेफ के बीएमसी कालीचरण झा सहित सभी एएनएम जीएनएम मौजूद थे।

पंचायत समिति की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

प्रात : किरण संवादाता

बोचहा । प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में आयोजित पंचायत समिति सदस्यों की बैठक में मुखिया शामिल नहीं हुए। वे अपने अधिकारों में कटौती किये जाने से नाराज और काफी गुस्से में हैं। इसलिए पंचायत समिति की बैठक में आकर अपना प्रस्ताव व विचार उपस्थित समिति सदस्यों व अधिकारियों को देकर चलते बने। हालांकि बाद में बैठक को सुचारू रूप से संचालित करते हुए पंचायत समिति सदस्यों ने मीनापुर विधायक मुन्ना यादव एवं स्थानीय विधायक अमर पासवान की मौजूदगी में जन समस्याओं को लेकर कई प्रस्ताव पारित किए गए। देवगन पंचायत के समिति सदस्य बबलू कुमार ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 98 पर प्रतिनियुक्ति एएनएम के नहीं आने के कारण पिछले 9 माह से टीकाकरण कार्य बाधित है। वही पिछले बैठक में पारित की गई प्रस्ताव का निराकरण का कोई भी जानकारी अधिकारियों द्वारा नहीं दी गई है, जो एक गंभीर समस्या है। सभी पंचायतों में संचालित नल जल योजना को पीएचईडी को सौंप दिया गया है, लेकिन उस पर काम नहीं हो रहा है। इस पर विधायक मुन्ना यादव ने पीएचईडी के अधिकारी को अविलंब सुचारू रूप से काम कराने की सलाह दी। बैठक में प्रखंड प्रमुख साजन पासवान, बीडीओ प्रिया कुमारी, ब्लॉक एग्रीकल्चर ऑफीसर प्रभात कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी कमलेश कुमार, बोचहां थाना अध्यक्ष अनिल राम, गरहां थाना अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थे

इंद्र पूजा को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा

प्रात : किरण संवादाता

मधुबनी खजौली प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मीपुर उत्तर गांव स्थित ब्रह्मस्थान परिसर में मंगलवार को श्री श्री 108 इंद्र पूजा समिति के अध्यक्ष व पूर्व मुखिया श्याम सुंदर यादव के नेतृत्व में पांच दिवसीय इंद्र पूजा का आयोजन किया गया । इस पूजा को लेकर 251 कन्याओं के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा का उद्घाटन मुख्य अतिथि मिथिला वादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह जिप सदस्य जितेंद्र कुमार भारती झोली पासवान समाजसेवी संतोष कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत किया गया कलश शोभा यात्रा उद्घाटन के बाद सभी कन्या ओ ने अपने माथे पर कलश को लेकर इंद्र भगवान की जय जय कार लगते हुए लक्ष्मीपुर गांव की परिक्रमा करते हुए गुलड़िया टोल नरार स्थित उदगम जीबछ नदी घाट पर पहुंच कर पवित्र नदी में जल बोझ कर पुन वापस इंद्र पूजन स्थल पर लाया गया। वही पंडित अनिल झा द्वारा पुजारी लाल यादव को वैदिक मंत्र उच्चारण करके सभी कलश को पूजा स्थल पर स्थापना करके विधिवत पूजा अर्चना शुरू की गयी. इस दौरान दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि देश आजादी से पूर्व से ही लक्ष्मीपुर गांव में ग्रामीणों के सहयोग से भगवान इंद्र की पूजा अर्चना की जा रही है पूजा अर्चना करने से गांव समाज के लोगो को कल्याण होता है.वही समिति के अध्यक्ष व पूर्व मुखिया ने कहा कि पूजा 26 से 30 सितंबर तक पूजा अर्चना की जाएगी.इस पूजा के दौरान भव्य मेला का आयोजन किया गया है.विभिन्न प्रकार के दुकान और श्रद्धालु भक्तों के लिए प्रतिदिन संध्याकाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित रात्रि में जागरण का आयोजन किया गया है. वही जिप सदस्य और झोली पासवान समाजसेवी संतोष कुमार यादव ने बताया कि यह इन्द्र पुजा तीन सौ वर्ष से ज्यादा समय से हमारे पूर्वजों द्वारा इंद्र पूजा करते आ रहे है. वही दूर दराज से आए श्रद्धालु भक्त जनों को इन्द्र पुजा समिति द्वारा ठहरने के लिए विशेष व्यवस्था की गया गया है. संपूर्ण मेला की निगरानी इन्द्र पुजा समिति के लोग एव स्थानीय थाना पुलिस द्वारा श्रद्धालु भक्त जनों की सुरक्षा में तैनात किया गया है. शोभा यात्रा में ग्रामीणों ने बढ़ कर हिस्सा लिया ।

धूमधाम से मनाया गया श्री बलभद्र पूजनोत्सव, निकली भव्य शोभा यात्रा

प्रात : किरण संवादाता

रक्सौल। प्रत्येक साल की भांति इस साल भी कलवार कल्याण समिति, रक्सौल के तत्वधान में कलवार समुदाय के कुल देवता श्री बलभद्र देव की पूजनोत्सव का आयोजन मछली बाजार स्थित ज्ञानेंद्र किशोर उर्फ बप्पी शाह के भू-स्थल पर किया गया। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंडित अरुण पांडे उर्फ पप्पू पंडित मुख्य यजमान अनिल गुप्ता एवं उनकी भार्या के द्वारा पूजा कार्य संपन्न कराया। इस बीच पूजा स्थल से श्री बलभद्र देव की शोभा यात्रा निकल कर मछली बाजार के रास्ते, मुख्य पथ, बैंक रोड होते हुए रामजी चौक स्थित दुर्गा माता मंदिर पहुंच कर वहां से श्री बलभद्र भगवान को निमंत्रण देकर पुनः पूजा स्थल पर आएं, जहां आरती के बाद पूजा कार्य संपन्न हुआ। इस बीच शरबत का वितरण किया जाता रहा, उसके बाद प्रसाद एवं महाप्रसाद का वितरण हुआ। इसके बाद प्रमुख अतिथियों को दोशाला ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, जिसमें बेतिया के उप महापौर गायत्री देवी के साथ विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरी करने वाले शामिल थे। जबकि समाज के ही बेहतर करने वाले युवाओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूजा की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार प्रसाद ने किया। मौके पर उपाध्यक्ष प्रदीप भारती, महासचिव ध्रुव प्रसाद, सचिव सौरभ कुमार उर्फ बिन्नी, संगठन मंत्री चंदन कुमार, सह संगठन मंत्री चंदन गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, सह कोषाध्यक्ष कुमार मंगलम, अंकेक्षक प्रो. (डॉ.) हजारी प्रसाद गुप्ता, मीडिया प्रभारी अमरदीप गुप्ता, कानूनी सलाहकार चंद्र प्रकाश गुप्ता, संरक्षक ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्व सभापति, सुभाषचंद्र प्रसाद, जगदीश प्रसाद, डॉ. उमेश प्रसाद, डॉ. प्रहस्त कुमार, अरविंद जायसवाल, अजय कुमार उर्फ बाबल जी एवं कार्यकारिणी में धीरज कुमार, दुर्गेश कुमार, दीपक जायसवाल, अनिल कुमार, चंद्र किशोर प्रसाद, जितेंद्र किशोर उर्फ बब्लू जी, बप्पी शाह, बैजू जायसवाल, नीरज कुमार, सनोज कुमार, बृजमोहन कुमार, रवि जी, पंकज कुमार, विवेक कुमार, विक्रम कुमार, सागर कुमार, रंजित कुमार, रविंद्र कुमार, दिनेश गुप्ता, रिदीत कुमार, संजीव कुमार, विनीत कुमार, सूरज कुमार के साथ मंदीप कुमार, दिलीप गुप्ता मौजूद थे।उक्त बाबत अध्यक्ष राजेश कुमार प्रसाद ने बताया कि पूजा के दौरान स्थानीय सांसद डॉ. संजय जायसवाल, विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, पूर्व मंत्री श्यामबिहारी प्रसाद, जदयू प्रदेश सचिव भुवन पटेल, नेत्री पूर्णिमा भारती, बीजेपी नेता ई. जितेंद्र कुमार, गुड्डू सिंह, उषा देवी, सन्नी पटेल, डॉ. अमित जायसवाल, राहुल गुप्ता, सुरज गुप्ता, अरुण गुप्ता एवं अखिलेश गुप्ता आदि सम्मिलित हुए।

चिकित्सक की जगह सीएचओ कर रहे हैं मरीज का इलाज

प्रात : किरण संवादाता

झाझा-स्वास्थ्य सुविधा को और बेहतर बनाने को लेकर एक तरफ बिहार सरकार अथक प्रयास में जुटी है ताकि मरीजो को स्वास्थ्य सुविधा मिल सके तो वही झाझा रेफरल अस्पताल में इन दिनों चिकित्सक की जगह सीएचओ से काम लिया जा रहा है जिससे मरीजों के बीच संकोच की स्थिति बनी हुई है।

मंगलवार को रेफरल अस्पताल में डॉ प्रियदर्शी की डयूटी पर सीएचओ मोहित कुमार एवं अन्य उसके सहयोगी सुबह आठ बजे से ही डॉक्टर की कुर्सी पर बैठकर मरीजों को देख रहे थे जबकि सीएचओ की डयूटी मूल रूप से उपस्वास्थ्य केंद्र पर रहनी चाहिये ।इधर सीएचओ से पूछे जाने पर उन्होनें बताया कि अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी ने डॉ.प्रियदर्शी के जगह पर हमलोगों को अस्पताल में डयूटी पर रहकर मरीजों को इलाज के लिये कहा गया ।अस्पताल में सीएचओ की डयूटी देखकर हर लोग दंग थे ।कई मरीज डॉक्टर की अनुपस्थिति रहने पर सीएचओ से इलाज करवाना उचित नही समझे और निराश होकर अस्पताल से लौट गये ।बताते चले कि रेफरल अस्पताल किसी न किसी सुखियों में छाये हुये रहते है ।कभी फार्मासिस्ट की जगह पर एएनएम की डयूटी लगा दिया जाता है ।वही कुछ लोगों ने कहा कि अगर रेफरल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा में सुधार नही हुआ तो आगे चलकर प्रदर्शन भी किया जायेगा ।इस मामलें में सीएस ने डॉ.महेंद्र प्रताप ने बताया कि डॉक्टर प्रियदर्शी पर शोकॉज किया गया।

हावड़ा में समर्थ नारी समर्थ भारत कार्यालय का उद्घघाटन

बंगाल में महिलाओ की समस्यायों को लेकर आन्दोलन तेज होगा : माया श्रीवास्तव

प्रात : किरण संवादाता

पटना। पश्चिम बंगाल के हावड़ा मे मल्लिक फटक मुहल्ले में समर्थ नारी समर्थ भारत कार्यालय का उद्घघाटन संगठन के पश्चिम बंगाल प्रभारी व राष्ट्रीय सह संयोजिका माया श्रीवास्तव ने की। उद्घघाटन कार्यकम की अध्यक्षता गीता वर्मा, संचालन रीना सिंह व धन्यवाद ज्ञापन सुधा वर्मा ने की। इस अवसर पर श्रीमति श्रीवास्तव ने उपस्थित महिलाओ से आह्वान किया कि वे महिलाओ की समस्याओं के निदान के लिए सब मिलकर आगे बढ़े। जल्द ही संगठन की ओर से पश्चिम बंगाल में महिलाओ को घरेलू उदयोग का प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर उन्हें प्रशिक्षित करेंगी। महिलाओ को अपने पैर पर आज के समय खड़ा होने की जरुरत है। महिलाओ की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना आवश्यक है। तब ही हम उनके समस्याओं को दूर करने में आगे आ सकते है।

श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा आज के समाय मे महिलाएं पुरुष के साथ कंधे मिलाकर चल रही हैं लेकिन फिर भी भारत के कई ग्रामीण क्षेत्रों में प्रयाप्त शिक्षा प्रणाली और संसाधनों की कमी के कारण,अधिकांश ग्रामीण महिलाओं को अभी भी अपनी आर्थिक अस्थि में सुधार करने का अवसर नही मिलता । श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा घर बैठे महिलाएं पार्ट टाइम में कई तरह की रोजगार कर सकती हैं जैसे सिलाई,बुनाई कसीदा करी कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर,पेंटिग मेंहदी अचार पापड़ कितने तरह के रोजगार जो आसानी से कर सकती हैं । इतना ही नहीं आप घर बैठे ऑनलाइन भी टियूटरिंग सेंटर खोल सकती हैं। हावड़ा की संजोजिका गीता वर्मा ने कहा ये सभी उध्योग घर बैठे महिलाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहा है इन व्यवसाइक विचारों के जानने के बाद कोईभी महिला रोजगार कर सकती हैं। सुधा वर्मा रिणा सिंह सहित उपस्थित सभी महिलाओं ने श्रीमती श्रीवास्तव से कहा जल्द से जल्द प्रशिक्षण शिविर लगाया जाए ताकि महिलाओं प्रशिक्षित किया जाए। इस अवसर पर मौजूद महिलाओ में संगीता शर्मा ,रीता बनर्जी , गौरी साव,अंजू देवी , राखी सेठ, सीमा सिंह,रूपा साव,अनिमा बनर्जी , वीणा झुनझुनवाला,गीता घोष, कनक लता जैन ,रिंकू बोस,सरोज जैन ,बबली रानी,सीमा चटर्जी , कविताघोष , इंद्रानी ,रश्मि वेन , विजेता सिंह ,कुमकुम जोषी,रूपा दत्ता,सुनीता दत्ता आदि मौजूद थी।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का असहायों के बीच मनाया गया जन्मदिवस

प्रात : किरण संवादाता

रक्सौल। मंगलवार को शहर के बाईपास रोड स्थित माहेर ममता निवास में बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव सह नगर प्रतिनिधि रक्सौल सदस्य बिहार विधान परिषद क्षेत्र संख्या 12 के प्रोफेसर अखिलेश दयाल ने अनाथों के बीच देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का 91 वां जन्मदिन फल वितरण करके मनाया। पूर्व महासचिव सह नगर प्रतिनिधि ने डॉ मनमोहन सिंह के महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1972 में मनमोहन सिंह वित्त मंत्रालय में चीफ इकोनोमिक अडवाइजर बनाए गए, इसके अलावा वित्त मंत्री में सचिव, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के सलाहकार,एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष 1991 से राज्यसभा सदस्य हैं।

पूर्व महासचिव सह नगर प्रतिनिधि ने कहा कि भारतीय अर्थशास्त्री, शिक्षाविद् और राजनीतिज्ञ हैं। 1991 में वित्त मंत्री के रुप में मनमोहन सिंह ने दशकों से भारतीय अर्थव्यवस्था में धीमी आर्थिक वृद्धि और भष्ट्राचार स्रोत लाइसेंस राज को समाप्त कर दिया।उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को उदार बनाया, जिससे विकास योजना में नाटकीय से तेजी आई। 1991 में पीएम नरसिम्हा राव के कांग्रेस सरकार में वित्त मंत्री थे। यह दौर था जब देश दिवालिया होने के कगार पर था।1991 से 1996 के बीच उनके द्वारा किये गये आर्थिक सुधारों की जो रुपरेखा नीति और ड्राफ्ट तैयार किया उसकी दुनिया भर में प्रशंसा की जाती है। भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व बाजार से जोड़ने के बाद उन्होंने आयात और निर्यात के नियम भी सरल किये। उक्त कार्यक्रम में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष जिशान अंसारी,विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रभंजन कुमार, प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार,नगर अध्यक्ष अमन कुमार, व्यवसायिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष रीतेश कुमार, स्वच्छ रक्सौल के अध्यक्ष रंजीत सिंह, मुकेश कुमार, नंदकिशोर कुमार, विश्वास सिंह, मनीष कुमार, लड्डू कुमार आदि मौजूद थे।

भाई -बहन के अटूट स्नेह का प्रकृति पर्व करमा श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

प्रखंड भर में प्रकृति पर्व करमा का त्यौहार श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर बहनों नें कठोर उपवास व्रत रखते हुए सोमवार देर शाम व्रतियों ने सामूहिक स्थान या अपने आंगन में करमा पेड़ की डाली को गाड़ तथा उसे फूल पत्तियों से सजा कर करम डाली की पूजा अर्चना की और देर रात तक ढोल ,मानर ,झाल की थाप पर नृत्य कर करमा त्यौहार के गीत गाये ।वहीं मंगलवार द्वादशी को व्रतियों ने पवित्र नदी तालाब आदि में स्नान कर पारन करने के साथ व्रत का समापन किया। भाई बहन का त्योहार है करमा ,लोक एवं प्रकृति का त्योहार करमा मुख्यतः भाई बहन का त्योहार माना जाता है ।भादो मास के शुक्लपक्ष एकादशी को बड़े उत्साह के साथ भाई बहनों का यह त्योहार बिहार,झारखंड सहित अन्य प्रदेशों में मनाया जाता है ।यह त्योहार मुख्य रूप से सुहागिनों का पर्व तीज के समापन के दूसरे दिन से प्रारम्भ हो जाता है ।भादो पंचमी तिथि से ही ढोल ,नगाड़े,मानर की थाप पर करमा के कर्णप्रिय मधुर गीत गांव कस्बों में गूंजने लगते हैं जिसका समापन भादो के द्वादशी को होता है ।मान्यता है कि इस त्योहार के पावन अवसर पर भाई अपनी बहनें तथा पिता अपनी पुत्री को करमा त्योहार के मौके पर उसे बिदा कराकर मायके लाते हैं जहां वे अपने भाई के लिए करमा का त्योहार कर उसके दीघार्यु होने की कामना करती हैं ।यह त्योहार आठ दिनों तक चलता है तथा इस त्योहार में महिलाएं ,बच्चे, लड़कियां बड़े उत्साह से भाग लेकर करमा त्योहार मनाती हैं।

जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी बरमसिया पुल, लोगों ने किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

झाझा- मंगलवार को झाझा से सोनो एवम्-चकाई प्रखंड को जोड़ने वाली पुल के जर्जर होने के कारण सैंकड़ों ग्रामीणों ने एबीवीपी के छात्रनेता सूरज बरनवाल की अगुवाई में पुल पर बैठकर आवागमन बाधित कर दिया ।मौके पर उपस्थित बिहार खुदरा विक्रेता संघ के मंत्री सोनू बरनवाल ने कहा कि बरमसिया पल झाझा चाय, महापुर जैसे दर्जनों गांव के साथ-साथ सोनो एवं चकाई प्रखंड को भी जोड़ता है ।अगर यह पुलिया ध्वस्त हो जाती है तो आवागमन तो प्रभावित होगा ही साथ में व्यवसाय के दृष्टिकोण से भी झाझा को वृहद पैमाने पर नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने आगे जमुई विधायिका सुश्री श्रेयसी सिंह जी से आग्रह करते हुए कहा कि यह पुल क्षेत्र की आन बान और शान पूर्व मंत्री दादा स्व० दिग्विजय सिंह का देन है। अगर यह ध्वस्त हो जाता है तो कहीं ना कहीं उनकी आत्मा तड़पेगी ।महापौर पंचायत के पंचायत समिति रवि यादव ने कहा कि बिहार के मुखिया नीतीश कुमार के संरक्षण में बालू उठाव पुरजोर पर हुआ है तथा इसी का परिणाम देखने को मिल रहा है कि लगातार एक पर एक पुलिया ध्वस्त होते जा रही है। अगर इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता है तो हमसभी ग्रामीण उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे ।एबीवीपी , छात्रनेता सूरज बरनवाल ने कहा कि झाझा के स्थानीय विधायक कुछ दिनों पूर्व इस पुल का निरीक्षण करने पहुंचे थे,परंतु सिर्फ आश्वासन प्राप्त हुआ था। स्थानीय विधायक दामोदर रावत एवं सांसद चिराग पासवान झाझा के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। अगर अब भी ध्यान नहीं दिया जाएगा तो आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में मुंहतोड़ जबाव दिया जाएगा ।मौके पर टुनटुन यादव, मनोज बंका, अखिलेश्वर प्रसाद,महापुर सरपंच प्रतिनिधि अरविंद राम, शिव साह,ओमकार कुमार,नितीश कुमार,पवन कुमार,गोविंद कुमार,हेमलाल माथुरी,मनीष कुमार, अशोक बरनवाल,शिशुपाल कुमार,बहादुर कुमार,राकेश कुमार,कृष्णा माथुरी सहित सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

अंतर जिला मोटरसाईकिल चोर गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । ब्रह्मपुरा थाना की गश्ती टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के दो मोटरसाईकिल के साथ मोहम्मद जावेद एवं मोहम्मद फैजल को गिरफ्तार किया गया है। मो०-जावेद पिता मो० शौकत, मुहल्ला चन्दवाड़ा छिटभगवतीपुर एवं मो० फैजल पिता कुरैशी आलम, ग्राम चैनपुर बगरा थाना मनियारी का निवासी बताया गया है ।इस दोनों से कड़ाई से पूछ-ताछ के क्रम में उक्त दोनों अभियुक्तों की निशानदेही पर उनके अन्य साथी , मो0- सोनु पिता मुतुजा मुहल्ला-मिठनपुरा, जकरिया कॉलोनी, मो०- मुस्ताक पिता मो०- कासिम, मुहल्ला- चन्दवाड़ा ,छिटभगवतीपुर थ दिलीप सहनी पिता गोदन सहनी मुहल्ला चन्दवाड़ा, छिटभगवतीपुर शनि टोला, एवं मो०- सोवैल पिता-मो०- नसीम ग्राम भैरव कोठी थाना-डुमरा जिला-सीतामढ़ी को चोरी के दो मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में ब्रह्मपुरा थाना कांड सं0-229 / 23 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस सक्रिय गैंग के द्वारा विभिन्न जिलों में मोटरसाईकिल चोरी करने की घटना की जाती रही है। इनके पास से 4 मोटरसाइकिल,6मोबाइल एवं 2मास्टर चाभी बरामद किया गया है। इनके अपराधिक इतिहास- का पता किया जा रहा है।

सीमावर्ती क्षेत्र में इन्द्र पूजनोत्सव की तैयारी पूरी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर सीमावर्ती क्षेत्र में पवित्र कमला नदी के समीप भगवान इंद्र का 27 देवी देवताओं के साथ भव्य चंद्रयान पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। यह जानकारी पूजा के संरक्षक अशोक पासवान ने देते हुए बताया कि आज 26 सितंबर दिन मंगलवार को पंडित तो के पूजा के वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ वरीय अधिकारी के द्वारा गणमान्य व्यक्तियों के मौजूदगी में इसका उद्घाटन किया जाएगा। लगभग 75 साल से कमला रोड में भगवान इंद्र पूजा सा मेला का आयोजन किया जाता रहा है इस बार भारत में चंद्रयान की सफलता को देख कमेटी के द्वारा चंद्रयान के तर्ज पर भाव पंडाल का निर्माण किया जा रहा है इंद्र पूजा 26 से शुरू होकर 6 अक्टूबर तक चलेगी इस 10 दिवसीय पूजा को लेकर कमेटी के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ जल एवं सार्वजनिक शौचालय मेडिकल सहित सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। वहीं दूसरी ओर पूजा स्थलों की रौनक मेला का आयोजन बढ़ा दिया है। पूजा स्थलों पर देवराज इन्द्र इन्द्राणी भगवान शंकर देवी पार्वती भगवान गणेश सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का निर्माण कराया गया है। इन्द्र पूजा के मौके पर मेला को लेकर राम झूला सहित अनेक मनोरंजन के अन्य साधन देखने को मिल रहा है। यहां मीना बाजार के अलावा अन्य खेल-तमासा का आयोजन भी किया जाता है। पूजा कमेटी के सदस्यों में विमलेश कुमार राघवेंद्र पासवान राहुल कुमार संगीत कुमार सहित दर्जनों सदस्य देख रेख कर रहे हैं। इन्द्र पूजनोत्सव की शुरूआत19वीं सदी के उत्तरार्द्ध में तत्कालिन दरभंगा महाराज द्वारा इन्द्र पूजा की शुरूआत दरभंगा राज परिसर की गई थी जो आज भी जारी है। बाद में इन्द्र पूजा का विस्तार धीरे-धीरे ग्रामीण स्तर पर शुरू हो गया। छह दशक पूर्व इन्द्र पूजा अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। वहीं से जिला सहित कमला रोड में इन्द्र पूजनोत्सव अनुष्ठान धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।

बिग बॉस 16 फेम सुंबुल तौकीर खान का छलका दर्द

बिग बॉस 16 फेम सुंबुल तौकीर खान जल्द ही टीवी शो काव्या - एक जज्बा, एक जुनून में बतौर लीड नजर आएंगी। सीरियल में वे आईपीएस इंस्पेक्टर काव्या के किरदार में दिखेंगी। हाल ही में खास बातचीत के दौरान, अभिनेत्री ने बताया कि वे अपने पिता के सपनों को पूरा करने की हर कोशिश में लगी हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने अपने प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें भी साझा की।

रियल लाइफ में किसे अपना आदर्श मानती हैं?

रियल लाइफ में सबसे बड़े आदर्श मेरे पिता हैं। उन्होंने मुझे और मेरी छोटी बहन को अकेले बड़ा किया हैं। एक पिता के लिए ये बहुत मुश्किल होता है और मुझे लगता है कि उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। मैंने हमेशा से यही सोचा कि मेरे पापा ने अपनी जिंदगी में जितने स्ट्रगल देखे हैं, जितनी मेहनत उन्होंने की हैं, मैं कभी वो कर्ज अदा नहीं कर पाउंगी। हां, उन्हें थोडी खुशी देने की कोशिश जरूर कर सकती हूं। मैं अपना बेस्ट देने की कोशिश कर रही हूं।

पिता आपके करियर से कितने संतुष्ट हैं?

आज मैं अपने पिता को सुकून में देखती हूं। उन्हें मालूम है कि मैं बड़ी हूं तो अब उन्हें किसी भी बात की चिंता करने की जरुरत नहीं। उन्हें यकीन हैं कि मैं जो भी करुंगी, सही करुंगी। हम दोनों के ऊपर जो भरोसा बना हुआ है, ये मेरे लिए बहुत ही ज्यादा स्पेशल है।

क्या पिता को आपके लिए ताने सुनने पड़े थे?

हम जब मुंबई आने वाले थे, मेरे करियर की शुरुआत हुई भी नहीं थी तब जितने भी लोगों को पापा ने बताया कि वे बच्चों को मुंबई ले जा रहे हैं, एक्टिंग करवाने या कुछ बड़ा करवाना तब उन सभी अपनों ने उन्हें मना किया था। उन्होंने कहा कि तुम अपनी बच्चियों की जिंदगी बर्बाद कर दोगे, बच्चियां बिगड़ जाएंगी। तुम्हे पता नहीं फिल्म इंडस्ट्री कैसी है और वो तुम्हारा साथ नहीं देंगी, तुम्हे छोड़ कर चली जाएंगी। इस तरह की कई बातें की थी। मेरे पापा ने जवाब में सिर्फ एक बात कही कि मेरी बेटी मुझे कभी छोडकर नहीं जाएंगी। मैंने ये सभी चीजें देखी हैं और इसलिए मेरी यही कोशिश होती है कि मैं इन लोगों की सोच को ज्यादा से ज्यादा गलत ठहरा संकू।

पिता की क्या ख्वाहिश पूरी करना चाहती हैं?

मैं अपने पिता को विदेश यात्रा कराना चाहती हूं। सच कहूं तो मैं भी आज तक अपने देश से बाहर नहीं गई हूं। फिलहाल बस उनकी यही ख्वाहिश पूरी होनी बची है।

काव्या.. को हामी क्यों भरी?

मुझे इस शो की कहानी और किरदार बहुत पसंद आए। मैं कुछ अलग करना चाहती थी, ऐसा कुछ जो मेरे लिए चुनौतीपूर्ण हो। मेरे रियल लाइफ से ये किरदार बहुत अलग है, यहां तक कि अब तक मैंने जितने भी किरदार निभाएं उन सबसे ये अलग है। इस शो के लिए मैं वाकई में काफी उत्साहित हूं।

फुकरे 3 के सेट पर अपने पति अली फजल को याद कर रही हैं ऋचा चड्ढा

फुकरे फ्रेंचाइजी का हिस्सा रही अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने फुकरे 3 के सेट पर अपने अभिनेता-पति अली फजल को लेकर कुछ बातें साझा की। अली को कॉमेडी फिल्म में जफर के रूप में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है, लेकिन शेड्यूलिंग विवादों के कारण वह फुकरे 3 का हिस्सा नहीं बन सके। फिल्म फुकरे के दौरान ऋचा और अली की प्रेम कहानी परवान चढ़ी थी। ऋचा उस समय को याद करती है जब फुकरे ने उन्हें एक साथ लाने में भूमिका निभाई थी। ऋचा ने कहा, फुकरे के सेट पर अली से मिलना आकस्मिक था। अभिनेत्री ने आगे कहा, हमारी प्रेम कहानी दोस्तों के रूप में शुरू हुई, और यह फिल्म हमारी एक साथ यात्रा के रूप में हमारे दिलों में एक विशेष स्थान रखती है। जैसे ही ऋचा अपने प्रतिष्ठित किरदार, भोली पंजाबन को दोहराने के लिए फुकरे 3 के सेट पर लौटीं, उन्?हें अली के बिना एक खालीपन महसूस हुआ। ऋचा ने कहा, अली के बिना फुकरे 3 पर काम करना एक अनोखा अनुभव रहा है। हमने सेट पर कई अविश्वसनीय क्षण साझा किए हैं, और उनकी उपस्थिति ने हमेशा फिल्म निर्माण प्रक्रिया में खुशी की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी है। अभिनेत्री ने कहा, दर्शकों ने उन्हें फिल्म में पसंद किया, अब भी दर्शक अपना असंतोष व्यक्त करते हैं कि वह नई फिल्म का हिस्सा नहीं हैं और मुझे यकीन है कि फ्रेंचाइजी के दर्शक उन्हें याद करेंगे। यह फिल्म 28 सितंबर को रिलीज होने वाली है।

शादी के बाद परिणीति की पहली फिल्म होगी मिशन रानीगंज

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म मिशन रानीगंज का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये रेस्क्यू थ्रिलर फिल्म रियल लाइफ कहानी पर आधारित है। फिल्म में परिणीति चोपड़ा भी हैं। फिल्म 6 अक्टूबर 2023 को रिलीज होगी। इस फिल्म में दिखाया गया है कि खदान में काम कर रहे मजदूरों की जान खतरे में हैं। जहां एक तरफ लोग ये मान लेते हैं कि, मजदूर मर चुके हैं। वहीं दूसरी तरफ जसवंत सिंह गिल बने अक्षय कुमार हर मुमकिन कोशिश करके लोगों की जान बचाने में लग जाते हैं। जब मदद लेकर वो थक जाते हैं तब वो खुद खदान में जाने का फैसला लेते हैं। इस फिल्म में परिणीति चोपड़ा जसवंत सिंह गिल की पत्नी का किरदार निभा रही हैं।

मिशन रानीगंज सच्ची घटना पर बेस्ड

ये फिल्म रियल कहानी पर आधारित फिल्म है। 34 साल पहले नवंबर 1989 में वेस्ट बंगाल में रानीगंज के कोयला खदान में एक बड़ा हादसा हो गया था, जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। ये अब तक का सबसे खतरनाक कोयला हादसा था। इस हादसे में अमृतसर के इंजीनियर जसवंत सिंह गिल ने अकेले 65 लोगों को मौत के मुंह से बाहर निकाला था। मिशन रानीगंज- द ग्रेट भारत रेस्क्यू इसी हादसे की कहानी बयां करती है।

सलमान की भांजी अलिजेह अग्निहोत्री करेंगी एक्टिंग डेब्यू

सलमान खान की भांजी अलिजेह अग्निहोत्री जल्द ही एक्टिंग डेब्यू करेंगी। सलमान खान ने खुद सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी। उन्होंने अलिजेह की अपकमिंग फिल्म का टाइटल अनाउंस करते हुए पोस्ट शेयर किया है। सलमान खान ने फिल्म का टाइटल बताते हुए लिखा है- सुबह-सुबह एक नया स्र वर्ड सीखा। चार बजे बताऊंगा! फिल्म का टाइटल होगा- फर्रे! अब सलमान खान ने फिल्म का टीजर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के डायरेक्टर सौमेंद्र पाधी होंगे। फिल्म के टीजर में अलिजेह ऑस्ट्रेलिया के एक स्कूल में पढ़ाई करती दिखाई दे रही हैं। टीजर में आगे साहिल मेहता, जेन शॉ, प्रसन्ना बिष्ट किसी बात पर लड़ते हुए नजर आते हैं। इनके अलावा फिल्म में रोनित रॉय और जूही बब्बर सोनी भी दिखाई देंगी। फिल्म में अलिजेह ह्रस्क्रशीट पर बबल्स फिल करते हुए भी दिखाई देती हैं। ये थ्रिलर-ड्रामा फिल्म होगी। फिल्म इसी साल 24 नवंबर को रिलीज होगी।

अलिजेह अग्निहोत्री सलमान खान की बहन अलवीरा खान और प्रोड्यूसर अतुल अग्निहोत्री की बेटी हैं। इससे पहले ये खबर आई थी कि अलिजेह ने डायरेक्टर सौमेंद्र पाधी की फिल्म बुधिया सिंह- बॉर्न टू रन साइन अप की है और इस फिल्म में वो मनोज बाजपेयी के साथ दिखाई देंगी।

ज्यूरिक फिल्म फेस्टिवल में होगा अभिषेक बनर्जी की फिल्म स्टोलन का प्रीमियर

बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बनर्जी की मुख्य भूमिका वाली थ्रिलर फिल्म स्टोलन कई फिल्म फेस्टिवल भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। बीते दिनों इस फिल्म का वेनिस फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ था, जहां इसे स्टैंडिंग ओवेशन मिला। इसके बाद यह फिल्म अक्टूबर में बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल के 67वें संस्करण के लिए भी चुनी गई। अब फिल्म स्टोलन को ज्यूरिक फिल्म फेस्टिवल में फीचर फिल्म प्रतियोगिता श्रेणी के तहत भी चुना गया है। ज्यूरिक फिल्म फेस्टिवल का 19वां संस्करण 28 सितंबर से 8 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें करण तेजपाल द्वारा निर्देशित स्टोलन 29 सितंबर को फेस्टिवल में प्रदर्शित होने वाली है। फिल्म स्टोलन एक पांच महीने के बच्चे की कहानी है जिसे उसकी मां से अपहरण कर लिया गया था। और यह घटना भाइयों गौतम और रमन का ध्यान आकर्षित करती है, जिससे उन्हें विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जो उनके रिश्तों और दृढ़ विश्वास का परीक्षण करती हैं।

हॉलीवुड राइटर्स, एक्टर्स की स्ट्राइक से फिल्म में हो रही है देरी

पूर्व फरहान अख्तर द्वारा दो साल पहले घोषित की गई फिल्म जी लें जरा को लेकर मीडिया में कहा जा रहा था कि फरहान अख्तर ने यह प्रोजेक्ट बंद कर दिया है। अब यह फिल्म परद ने पहीं आएगी। अफवाहों के लगातार शोर से परेशान फरहान अख्तर ने हाल ही में एक मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि जी लें जरा बंद नहीं हुई है। यह फिल्म जरूर बनेगी, लेकिन कब यह अभी तय नहीं है। फरहान अख्तर ने वैरायटी से बात करते हुए फिल्म की कास्टिंग से कटरीना, प्रियंका और आलिया के पीछे हटने की रिपोर्ट्स को गलत बताया है। उन्होंने कहा है कि प्रियंका, कटरीना और आलिया तीनों ही इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं और तीनों एक्ट्रेसेस के बिजी शेड्यूल से फिल्म की शूटिंग के लिए एक जैसा शेड्यूल फिक्स करना थोड़ा मुश्किल है। इस वजह से प्रोजेक्ट में देरी हो रही है। फरहान अख्तर ने कहा- हमें डेट फाइनल करने में परेशानी हो रही है। हॉलीवुड में राइटर्स और एक्टर्स की स्ट्राइक की वजह से प्रियंका का शेड्यूल और भी टाइट हो गया है। उन्होंने पहले ही कई फिल्मों में काम करने का कमिटमेंट दे रखा था। अब हम कुछ कह नहीं सकते कि क्या होने जा रहा है और क्या नहीं। अब मैं इस बात पर विश्वास करने लगा हूं कि इस फिल्म की किस्मत कुछ और ही है और फिल्म जब फाइनल होनी होगी तब हो जाएगी। 2021 में हो चुकी है फिल्म की अनाउंसमेंट फिल्म को जोया अख्तर और रीमा कागती ने मिलकर लिखा है।

राजश्री के साथ 8 साल बाद जुड़ेंगे सलमान

फिल्म मेकर सूरज बड़जात्या ने हाल ही में कंफर्म किया है कि वह जल्द ही सलमान खान के साथ एक बार फिर काम करने वाले हैं। डायरेक्टर ने इस बात की पुष्टि की है कि 2024 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। सूरज बड़जात्या ने बताया कि वो अभी फिल्म की स्क्रिप्ट और उसके शुरुआती प्रोडक्शन पर काम कर रहे हैं। वह चाहते हैं कि सलमान खान के साथ उनका प्रोजेक्ट उनकी पिछली सभी फिल्मों की तरह यादगार रहे। खबर ये भी है कि यह सूरज की आखिरी फिल्म हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो उनकी पहली और अंतिम डायरेक्शन वाली फिल्म सलमान के साथ ही होगी। सूरज बड़जात्या ने कहा कि वह 2024 में फिल्म पर काम शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि जब वह बतौर डायरेक्टर जिम्मेदारी संभालते हैं, तो स्वार्थी हो जाते हैं। डायरेक्टर ने कहा कि वह खुद स्क्रिप्ट को बेहतर बनाने पर काम कर रहे हैं और इसमें कुछ समय लग रहा है।

2024 में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

सलमान के बारे में बात करते हुए सूरज ने कहा- 'मैं और सलमान काफी समय के बाद साथ आ रहे हैं। इसलिए फिल्म खास होनी चाहिए। मैं अगले साल के बीच में फिल्म की शुरुआत करूंगा।' बता दें कि सलमान और सूरज बड़जात्या ने आखिरी बार 2015 में आई फिल्म प्रेम रतन धन पायो में साथ काम किया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 388.45 करोड़ का कलेक्शन किया था। ऐसे में 8 साल बाद दोनों एक बार फिर साथ काम करेंगे। सुरज बड़जात्या से सलमान के साथ उनकी अपकमिंग फिल्म को लेकर सवाल किया गया, तो इसपर उन्होंने कहा था- 'बहुत जल्द शुरू करेंगे।

नवंबर से विष्णुवर्धन की शूटिंग करेंगे सलमान

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सलमान खान नवंबर 2023 से विष्णुवर्धन फिल्म पर काम शुरू करेंगे। वह फिल्म के लिए एक खास लुक में हैं, जिसमें वह आर्मी ऑफिसर का किरदार निभाएंगे। इसके अलावा कटरीना कैफ के साथ उनकी फिल्म टाइगर 3 10 नवंबर 2023 को रिलीज होने वाली है।

सुल्तान ऑफ दिल्ली में बंगाली किरदार निभाना बेहद रोमांचक

सुल्तान ऑफ दिल्ली में अभिनेता अंजुम शर्मा एक उत्साही और चुलबुले बंगाली का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। वह इसमें दर्शकों को 1960 के दशक की याद दिलाएंगे। अपने लुक को पूरा करने के लिए प्रिंटेड शर्ट, लेदर जैकेट, बेल बॉटम्स और एक परफेक्ट स्कार्फ के साथ अभिनेता आपको सुल्तान ऑफ दिल्ली में दिखाई देंगे। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, अंजुम ने कहा, किरदार के व्यक्तित्व के कारण बंगाली बनना मेरे लिए बहुत रोमांचक था। सब कुछ विचित्र, चुलबुला और मजेदार था। इसके अलावा जो चीज मुझे सबसे ज्यादा पसंद आई वह थी उनकी वेशभूषा और लुक जो मेरे किरदार के लिए अद्वितीय और विशिष्ट हैं। उन्होंने कहा, बंगाली बनने और उनके तौर-तरीकों को समझने के लिए मैं हर रोज दर्पण के सामने अपनी पंक्तियों का अभ्यास करता था ताकि मैं इसे पूर्णता तक पहुंचा सकूं और चरित्र में पूरी तरह से उतर सकूं। इसके अतिरिक्त वह अपने बंगाली किरदार में हमेशा एक स्कार्फ पहने हुए दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरे पूरे लुक का केंद्रबिंदु बन गया और इसे श्रृंखला में शामिल किया गया। मैं इसे अपना भाग्यशाली स्कार्फ मानता हूं। अर्नब रे की पुस्तक सुल्तान ऑफ दिल्ली - एसेंशन पर आधारित, सीरीज रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और मिलन लुथरिया द्वारा निर्देशित है। यह सुपर्ण वर्मा द्वारा सह-निर्देशित और सह-लिखित है। सीरीज में ताहिर राज भसीन, अंजुम, विनय पाठक, निशांत दहिया और महिला अनुप्रिया गोयनका, मौनी रॉय, हरलीन सेठी और मेहरीन पीरजादा शामिल हैं, जो एक आदर्श कलाकारों की टोली बनाते हैं। सुल्तान ऑफ दिल्ली 13 अक्टूबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने के लिए तैयार है।

सेंसेक्स
66009.15 पर बंद
निफ्टी
19674.30 पर बंद

सोना
58,867
चांदी
73,518

भारत 2030 की तय समय सीमा से पहले 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य हासिल कर लेगा: सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय बिजली तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर. के. सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत 2030 की तय समय सीमा से पहले अपने 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य हासिल कर लेगा। फिक्की के 'इंडिया एनर्जी ट्रान्सिशन समिट 2023 को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी की वजह से भारत ने दो वर्ष न गवाएं होते, तो देश ने अभी तक बिजली उत्पादन क्षमता को 50 प्रतिशत आरई गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित बना लिया होता। मंत्री ने कहा कि भारत में 424 गीगावॉट बिजली उत्पादन क्षमता है जिसमें से 180 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित है। अन्य 88 गीगावॉट पर काम जारी है। देश ने 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, ''हम 2030 से पहले ही 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। सिंह ने कहा कि भारत का ऊर्जा बदलाव कार्यक्रम दुनिया में अग्रणी है। आरई क्षमता वृद्धि दुनिया में सबसे तेज है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा सचिव भूपिंदर सिंह भल्ला ने कहा कि भारत ने पिछले वित्तीय वर्ष (2022-23) में 15 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ी, जिसे 2023-24 में 25 गीगावॉट और 2024-25 में 40 गीगावॉट तक बढ़ाया जाएगा।

मुंह के बल गिरे टमाटर के भाव, 200 से लुढ़कर सीधे 5 पर पहुंचा भाव, किसान बेहाल

नई दिल्ली, एजेंसी। कभी दो सौ रुपये प्रति किलो से ऊपर के भाव पर बिक रहा टमाटर के भाव आज जमीन पर आ गए हैं। एक महीने में ही टमाटर की कीमतों में बंपर गिरावट देखी जा रही है। टमाटर के भाव एक महीने में 200 रुपये से लुढ़कर सीधे 5 रुपये पर आ गए हैं। जब टमाटर 200 से 250 रुपये प्रति किलो के भाव पर बिक रहा था तो फसल उगाने वाले भी मालामाल हो रहे थे। लेकिन आज इसको उगाने वाले किसान बेहाल हैं। किसानों के चेहरे पर उदासी छाई हुई है। हाल यह है कि कई जगह पर टमाटर 3 से 4 रुपये प्रति किलो के भाव पर बिक रहा है। किसान अब अपनी फसल को नष्ट करने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

इस वजह से गिरे भाव

टमाटर के भाव गिरने की सबसे बड़ी वजह बंपर पैदावार का होना है। इसकी वजह से कीमतों में काफी गिरावट आ गई है। नासिक के कृषि कार्यकर्ता सचिन होलकर के मुताबिक, इस तरह के बाजार में उतार-

चढ़ाव को रोकने के लिए टमाटर और प्याज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ही एकमात्र रास्ता है। कुछ किसान जो औने-पौने दाम पर ही सही, अपनी उपज बेचने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे अपनी लागत का आधा भी वसूल नहीं कर पाए हैं। एक एकड़ जमीन पर टमाटर उगाने के लिए किसान को 2 लाख रुपये की पूंजी की जरूरत होती है।

अब इतनी हुई कीमत

पुणे के बाजार में कीमतें 5 रुपये प्रति किलो तक गिर गई हैं। वहीं पिंपलगांव, नासिक और लासलगांव की तीन थोक मंडियों में टमाटर की औसत थोक कीमतें पिछले छह हफ्तों में 2,000 रुपये प्रति क्रेट (20 किलोग्राम) से गिरकर 90 रुपये हो गई हैं। कोल्हापुर में, टमाटर खुदरा बाजारों में 2-3 रुपये प्रति किलो पर बेचा जा रहा है, जो लगभग एक महीने पहले 220 रुपये के आसपास था। पिछले कुछ हफ्तों में थोक बाजारों में कीमतों में गिरावट आते ही पुणे जिले की जुन्नार और अंबेगांव तहसीलों के किसानों ने टमाटर की खेती छोड़नी शुरू कर दी। महाराष्ट्र के सबसे बड़े थोक टमाटर बाजार पिंपलगांव एपीएमसी में प्रतिदिन लगभग 2 लाख क्रेट टमाटर की नीलामी की जा रही है। राज्य कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, नासिक जिले में टमाटर का औसत रकबा लगभग 17,000 हेक्टेयर है। इसमें 6 लाख मीट्रिक टन का उत्पादन होता है। लेकिन इस साल टमाटर की खेती दोगुनी होकर 35,000 हेक्टेयर हो गई है। जिसका अनुमानित उत्पादन 12.17 लाख मीट्रिक टन है। के सचिव शरद गोंगडे के मुताबिक, जुलाई में, जब पुणे जिले के नारायणगांव बाजार में थोक कीमतें 3,200 रुपये प्रति क्रेट तक पहुंच गईं, तो कई किसानों ने अप्रत्याशित लाभ की उम्मीद में टमाटर की खेती शुरू कर दी। बंपर पैदावार के बाद उनकी गणना गड़बड़ा गई।

किसान नष्ट कर रहे टमाटर

सोलापुर जिले के कोठाले गांव के एक किसान विवेक पति (39) ने अपने डेढ़ एकड़ के खेत में उगाई गई पूरी टमाटर की फसल को नष्ट कर दिया, क्योंकि उपज की कटाई और इसे खेतों में ले जाने से उन्हें बड़ा नुकसान होता। किसान के मुताबिक, उसे कटाई के लिए 8,500 रुपये खर्च करने पड़े और 100 क्रेट्स (प्रत्येक 23 किलोग्राम) को पास के मोडनिम्ब मंडी तक ले जाना पड़ा। इससे वह प्रति क्रेट 4,000 रुपये से अधिक नहीं कमा सकता था। जबकि उसने पौधों पर लगभग एक लाख रुपये खर्च किए थे। सोलापुर जिले के कई किसानों ने टमाटरों को खेतों में सड़ने दिया है या ट्रैक्टर से फसल को नष्ट कर दिया है। जुन्नार और अंबेगांव तहसीलों के किसानों के एक समूह ने पिछले हफ्ते मुंबई में विरोध प्रदर्शन की योजना बनाने के लिए मंचर में मुलाकात की, जिसमें मांग की गई कि कीमतों में उतार-चढ़ाव के खिलाफ टमाटर के लिए एमएसपी तय किया जाए।

मीशो ने आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए लिया फैसला, पांच लाख से अधिक लोगों को मिलेगी नौकरी

नई दिल्ली, एजेंसी। नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। ई-कॉमर्स फर्म मीशो ने आगामी त्योहारी सीजन के दौरान बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पांच लाख से अधिक लोगों को नौकरी देने का एलान किया है। बता दें, यह पिछले साल मीशो द्वारा रोजगार देने की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है।

मीशो का लक्ष्य ईकॉम एक्सप्रेस, डीटीडीसी, इलास्टिक रन, लोडशेयर, डेल्हीवेरी, शैडोफैक्स और एक्सप्रेसबीज जैसे थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से लगभग दो लाख नौकरी के अवसरों को सक्षम करना है। इनमें से 60 प्रतिशत से अधिक अवसर टियर-थर्ड और टियर-सेकंड क्षेत्रों से होंगे। इन भूमिकाओं में मुख्य रूप से



डिलीवरी-पिकिंग, सॉर्टिंग, लोडिंग, अनलोडिंग और रिटर्न जैसे कार्यों के लिए जिम्मेदार प्रथम-मील और डिलीवरी सहयोगी शामिल होंगे।

फुलफिलमेंट एंड एक्सपीरियंस के मुख्य अनुभव अधिकारी सौरभ पांडे ने कहा, हम इस त्योहारी सीजन के दौरान मांग में पर्याप्त तेजी की उम्मीद कर रहे हैं। इन अवसरों का निर्माण त्योहारी मौसम के दौरान समग्र ग्राहक अनुभव को बढ़ाने और अनगिनत छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने पर केंद्रित है।'

इसके अलावा, मीशो विक्रेताओं को त्योहारी सीजन के लिए अपनी आवश्यकताओं के हिस्से के रूप में तीन लाख से अधिक कर्मचारियों को नियुक्त करने का अनुमान है। ये मौसमी कर्मचारी ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विनिर्माण, पैकेजिंग और छंटाई सहित विभिन्न क्षमताओं में मीशो के विक्रेताओं की सहायता करेंगे। वहीं, मीशो के 80 प्रतिशत से अधिक विक्रेताओं का नए उत्पादों को पेश करने, फैशन एक्सेसरीज और त्योहारी सजावट जैसी नई श्रेणियों में उद्यम करने का इरादा है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे बढ़ी हुई मांग के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं इसके लिए मीशो के 30 प्रतिशत से अधिक विक्रेता अपनी इन्वेंट्री के लिए अतिरिक्त भंडारण स्थान किराए पर लेने में निवेश कर रहे हैं।

सातवें आसमान से धड़ाम हुए सोने के दाम, चांदी भी हुई सस्ती, 10 ग्राम गोल्ड का भाव पहुंचा 58 हजार

नई दिल्ली, एजेंसी। पिछले दिनों सोना और चांदी दोनों के भाव में उछाल देखा गया था। सोना महंगा हुआ था। वहीं चांदी की कीमतें भी तेजी से बढ़ी थीं। हालांकि अब दोनों की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर सोने और चांदी के भाव लाल निशान पर ट्रेड करते नजर आ रहे हैं। एक समय सोना 59 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से ज्यादा के भाव पर पहुंच गया था। वहीं अब यह 58 हजार रुपये के करीब पहुंच रहा है।

एमसीएक्स एक्सचेंज पर मंगलवार की सुबह 5 अक्टूबर 2023 को डिलीवरी वाला सोना गिरावट के साथ 58616 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला है। यह बीते सोमवार की शाम को यह 58701 रुपये के भाव पर बंद हुआ था। वहीं



5 दिसंबर 2023 को डिलीवरी वाला सोना आज गिरावट के साथ 59162 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला है। यह सोमवार की शाम को 59215 रुपये के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में मंगलवार को गिरावट देखी जा रही है। एमसीएक्स पर मंगलवार की सुबह 5 दिसंबर 2023 को डिलीवरी वाली चांदी का भाव गिरावट के साथ 71961 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर खुला है। यह सोमवार की शाम को 72150 रुपये के भाव पर बंद हुआ था। वहीं 5 मार्च 2024 को डिलीवरी वाली चांदी का भाव 73252 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला है। सोने की वैश्विक कीमतों में भी मंगलवार को गिरावट देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.24 फीसदी या 4.60 डॉलर की गिरावट के साथ 1,932.00 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव 1913.61 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। कॉमेक्स पर चांदी का वैश्विक वायदा भाव में मंगलवार को गिरावट है। कॉमेक्स पर मंगलवार की सुबह चांदी 0.66 फीसदी या 0.15 डॉलर की गिरावट के साथ 23.23 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखी। वहीं, चांदी की वैश्विक हाजिर कीमत भी गिरकर 22.97 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखी।

बीएमडब्ल्यू गोल्फकप 2023 का इंडिया चैप्टर समाप्त हुआ

मुंबई, एजेंसी। बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2023 टूर्नामेंट के नेशनल फाइनल्स का समापन गुरुग्राम स्थित डीएलएफगोल्फऔर कंट्री क्लब में हुआ। इस प्रतिशिठत एमेचर गोल्फटूर्नामेंट में 39 क्षेत्रीय टूर्नामेंट विजेताओं ने शानदार फिनाले में अपनी श्रेश्ठता के लिए मुकाबला किया। अरहान नन्दाए अक्षय ओझा और ऊना खन्ना नेशनल फाइनल के विजेता हैं। ये सभी बीएमडब्ल्यू गोल्फकप के वर्ल्ड फाइनल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगेए जिसका आयोजन दक्षिण अफ्रीका में होना निर्धारित है। विक्रम पावाहए प्रेसिडेंटए बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा किए बीएमडब्ल्यू गोल्फकप एक दशक से अधिक समय से आयोजित हो रहा है और यह हमारे वर्तमान एवं भावी ग्राहकों के लिए आज भी युवा एवं आकर्शक बना हुआ है। यह प्रतियोगिता पूरे देश में गोल्फके एमेचर खिलाड़ी को प्रेरित करती है जिसके कारण यह हमारे ग्राहक.केन्द्रित संवाद के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। हम सभी विजेताओं को उनकी सफलता पर बधाई और दक्षिण अफ्रिका में बीएमडब्ल्यूगोल्फकप में उनके सर्वश्रेश्ठ गोल्फअनुभव की शुभकामनायें देते हैं। बीएमडब्ल्यूगोल्फकप 2023 भारत में 12 शहरों में आयोजित हुआ था और देश के सबसे बेहतरीन गोल्फकोर्सेस पर 15 टूर्नामेंट खेले गए थे। 2023 में 1500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन क्षेत्रीय टूर्नामेंट के विजेताओं ने बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2023 के नेशनल फाइनल में मुकाबला किया। इंडिया बीएमडब्ल्यू गोल्फकप 2023 के वर्ल्ड फाइनल में भाग ले रहे 50 देशों में से एक है।

लीलावती अस्पताल के प्रमोटर फैमिली ने अहमदाबाद से शुरू की अखिल भारतीय फार्मेसी चेन

मुंबई एजेंसी। मुंबई के लीलावती अस्पताल के प्रमोटर मेहता फैमिली ने गुजरात अहमदाबाद में अपना पहला लीलावती फार्मेसी स्टोर खोलने की घोषणा की। इसमें दवाओं और उच्च गुणवत्ता वाले सर्जिकल और मेडिकल उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करने वाली उच्च-स्तरीय फार्मेसियों की एक राष्ट्रव्यापी श्रृंखला का उद्घाटन किया गया। लीलावती फार्मेसी परियोजना लीलावती फार्मेसी एंड वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर और प्रबंध निदेशक प्रशांत मेहता द्वारा संचालित है। मेहता के माता-पिता किशोर मेहता और चारु मेहता ने मुंबई में सुपर स्पेशलिटी लीलावती अस्पताल की स्थापना

में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मेहता ने कहा, अहमदाबाद के प्रह्लाद नगर में फ्लैगशिप स्टोर अगले पांच वर्षों में पूरे भारत में 500 ऐसे स्टोर खोलने की हमारी योजना की शुरुआत है। गुजरात में हमारी योजना 40 ऐसे स्टोर खोलने की है। मेहता के अनुसार लीलावती फार्मेसी उद्यम गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल को सभी के लिए सुलभ बनाने के परिवार के मिशन के साथ जुड़ा हुआ है। सोमवार को उन्होंने अहमदाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अहमदाबाद में लीलावती फार्मेसी अगले पांच वर्षों में पूरे भारत में 500 फार्मेसी स्टोर खोलने की हमारी यात्रा में पहला, लेकिन महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा को हर व्यक्ति की आसान पहुंच में लाना है, यह सुनिश्चित करना कि सामर्थ्य और उत्कृष्टता साथ-साथ चलें। मुंबई में स्थित लीलावती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का संचालन लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट द्वारा किया जाता है। अस्पताल ने 1977 में खुलने के बाद से मुंबई को प्रथम श्रेणी की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की हैं। यह विरासत केवल कुछ डॉक्टरों के साथ स्थापित की गई थी।

रुपये का यह शेयर 65 रुपये के ऊपर हुआ लिस्ट, फिर लगा 5 प्रतिशत का अपर सर्किट

नई दिल्ली, एजेंसी। एक छोटी कंपनी होलमार्क ऑप्टो मेक्ट्रोनिक्स की शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री हुई है। कंपनी के शेयरों ने पहले ही दिन निवेशकों को मालामाल कर दिया है। होलमार्क ऑप्टो मेक्ट्रोनिक्स के शेयर 65 पर्सेंट से ज्यादा के प्रीमियम के साथ 65.25 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में कंपनी के शेयरों का भाव 40 रुपये था। यानी, लिस्टिंग पर ही निवेशकों को हर शेयर पर 25.25 रुपये का फायदा हुआ है। होलमार्क ऑप्टो मेक्ट्रोनिक्स के शेयरों की लिस्टिंग के ठीक बाद कंपनी के शेयरों में 5 पर्सेंट का अपर सर्किट लग गया है। अपर सर्किट लगने के साथ ही कंपनी के शेयर 68.50 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 15 सितंबर 2023 को खुला था और यह 20 सितंबर तक खुला रहा। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट 25 सितंबर 2023 को फाइनल हुआ था। होलमार्क ऑप्टो मेक्ट्रोनिक्स का आईपीओ टोटल 85.81 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ का रिटेल कोटा 75.78 गुना सब्सक्राइब हुआ। वहीं, होलमार्क ऑप्टो की दूसरी कैटेगरीज में 93.27 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स 1 लॉट के लिए ही बोली लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 3000 शेयर हैं। यानी, निवेशकों को आईपीओ में 1.20 लाख रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा।

आईआईएसईआर भोपाल के वैज्ञानिकों ने एक ऐसे वृत्ताकार आरएनए को पहचाना है जो एचआईवी-1 वायरस की प्रतिकृति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है

भोपाल, एजेंसी। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल (आईआईएसईआर भोपाल) के शोधकर्ताओं ने नामक एक विशिष्ट वृत्ताकार आरएनए की पहचान की है, जो मानव शरीर में एड्स पैदा करने वाले एचआईवी-1वायरस के संक्रमण/इन्फेक्शन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह शोध आईआईएसईआर भोपाल के जीव विज्ञान विभाग के डॉ. अजीत चांदे के नेतृत्व में किया गया है।इस शोध में यह पता चला है कि सिट्रान वायरस जीनेटिक जानकारी की प्रतिलिपि बनाने की प्रक्रिया में कैसे मदद करता है, और वायरस को अधिक प्रभावी रूप से बढ़ावा देने में कैसे मदद करता है।

रिबोन्यूक्लिक एसिड एक जीवित कोशिकाओं में मौजूद एक मोलेक्यूल होता है जो आनुवांशिक जानकारी रखता है और प्रोटीनों के उत्पादन में मदद करता है आरएनए में सामान्य रूप से सीधी-श्रृंखला, मुक्त-अंतःसंरचनाएं होती हैं लेकिन आरएनए का एक और रूप जिसे सर्कुलर आरएनए कहा जाता है, एक बंद-लूप बनाता है।सर्कुलर आरएनए जीन अभिव्यक्ति को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक है । एचआईवी-1 प्रतिकृति निर्माण में इसकी भूमिका लंबे समय तक अस्पष्ट रही है।

इस अध्ययन के कारणों की व्याख्या करते हुए आईआईएसईआर भोपाल के जीव विज्ञान विभाग के डॉ. अजीत चांदे ने कहा, सर्कुलर आरएनए की विशेषता निर्धारित करना कठिन हो सकता है क्योंकि यह आमतौर पर कम मात्रा में होता है,इस कारण इसको मूल रूप में पहचानना और इसका पता लगाना और भी चुनौतीपूर्ण होता है। यह ठीक वैसा ही है जैसे किसी कठिन रेसिपी को बनाने का प्रयास किया जा रहा हो। इसके अलावा, जब हम वायरल संक्रमण के दौरान आरएनए को देखते हैं, तो वायरस से इतनी ज्यादा आरएनए होती है कि वृत्ताकार आरएनए जैसे कम सामान्य आरएनए को ढूंढना मुश्किल हो सकता है। इसलिए, हमें इन कम प्रमुख आरएनए मोलेक्यूलों को पहचानने के लिए विभिन्न तरीकों को तैयार करने की आवश्यकता थी ताकि हम उनकी भूमिकाओं को समझ सकें।

जयपुर रग्स ने रग उत्सव, 2023 का इनॉग्रेशन किया

कलात्मकता, शिल्प कौशल और शिक्षा का उत्सव

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत-हैंडमेड रग्स मैन्युफैक्चरिंग में मशहूर लीडर, जयपुर रग्स, 27 सितंबर से शुरू होने वाले अपने एनुअल रग उत्सव के बहुप्रतीक्षित 2023 एडिशन की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित है। इस वर्ष, रग उत्सव कस्टमर्स के लिए एक शानदार एक्सपीरियंस देने का वादा करता है, जिसमें रग कैटेगरी की विशाल रेंज पर स्पेशल डिस्काउंट, टैलेंटेड बुनकरों के साथ इंटरैक्टिव सेशन और जयपुर रग्स मेरिटोरियस स्कॉलरशिप प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षा को सपोर्ट करने के लिए एक नेक पहल भी शामिल है।

जयपुर रग्स कस्टमर को धुरी, हैंड टफ्टेड, हैंडलूम और हैंड नॉटेड और मनचाहा कलेक्शन पर एक्सक्लूसिव डिस्काउंट के साथ शानदार क्रॉफ्टमैनशिप की दुनिया को एक्सप्लोर करने के लिए आमंत्रित कर रहे है। ये पहली बार है कि जयपुर रग्स का बहुप्रशंसित चुनिंदा मनचाहा कलेक्शन विशेष रियायती कीमतों पर उपलब्ध होगा। जो ग्राहकों को उत्कृष्ट कारीगरी के काम को अपने घर ले जाने का मौका देता है।

जयपुर रग्स ग्रामीण कुशल बुनकरों के साथ बातचीत करके एक अनूठे मौके में शामिल होने के लिए कस्टमरों को आमंत्रित कर रहा है। विभिन्न जयपुर रग्स स्टोर्स पर, आप रग बनाने की कला में सीख सकते हैं और यहां तक कि ग्रामीण कारीगरों के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में टफ्टिंग में भी अपना हाथ आजमा सकते हैं। कस्टमरों को विभिन्न प्रकार की रग कैटेगरी पर 10त्न से लेकर 80त्न तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है। पारखी लोगों के लिए यह एक बेहद खास पल है कि वे 2500 साल पुरानी बुनाई परंपराओं का उपयोग करके बनाए गए रग्स को रियायती कीमतों पर खरीदें और ऐसा करते हुए एक नेक काम भी करें। इन रग्स को सस्टेनेबिलिटी और डिजाइन को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो उन्हें कंटेम्प्रेरी ट्विस्ट के साथ ओरिजनल इंडियन रग बनाता है।जयपुर रग्स के डायरेक्टर योगेश चौधरी ने कहा कि हमने हमेशा अपने बुनकरों के जीवन में रोशनी और खुशी लाने को प्राथमिकता दी है। इस साल हम रग उत्सव से प्राप्त आय का एक हिस्सा जेआर मेरिटोरियस स्कॉलरशिप प्रोग्राम में योगदान देकर अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि यह पहल उन योग्य मेरिटोरियस स्टूडेंट्स की एजुकेशन को स्पांसर करेगा जिन्होंने अपनी बोर्ड एग्जाम में 75त्न से अधिक अंक हासिल करके उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि का प्रदर्शन किया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, हम इन युवा प्रतिभाओं को उनके करियर को आगे बढ़ाने और उनकी पूरी क्षमता का एहसास करने के अवसर प्रदान करना चाहते हैं।2023 उत्सव रग फेस्टिवल कलात्मकता, शिल्प कौशल और एजुकेशन का उत्सव है। हमारे शानदार रग कलेक्शन को देखने, हमारे बुनकरों के साथ जुड़ने और योग्य छात्रों की शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए 27 सितंबर से हमसे जुड़ें।

भारत-आस्ट्रेलिया तीसरे एकदिवसीय मैच में आज

आस्ट्रेलिया पर रहेगा दबाव, भारतीय गेंदबाजों के सामने हो रहे हैं कंगारु ढेर

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम ने केएल राहुल की अगुवाई में मोहाली के पीसीए स्टेडियम में पहले वनडे में पैट कमिंस की ऑस्ट्रेलियाई टीम पर 5 विकेट से जीत दर्ज की तो दूसरे मैच में स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली टीम को 99 रनों के बड़े अंतर से हराया। इस तरह भारत ने 3 मैचों की वनडे सीरीज अपने नाम कर ली है। तीसरा और आखिरी मुकाबला 27 सितंबर को सौराष्ट्र क्रिकेट असोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय गेंदबाजों के सामने आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ढेर हो रहे हैं।

पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल

भारत की अधिकांश मैदानों की तरह सौराष्ट्र क्रिकेट असोसिएशन स्टेडियम की पिच भी बल्लेबाजों के अनुकूल मानी जाती है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े स्कोर वाले मैच होते हैं। इस मैदान पर अब तक हुए तीन वनडे मैचों में सभी मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं। हालांकि फैंस के लिहाज से अच्छी बात यह है कि हमेशा मैच रोमांचक रहा है। हार-जीत का अंतर बहुत कम होता है। दो मैचों की चार पारियों में 300 से अधिक के स्कोर बने हैं। केवल एक ही बार ऐसा हुआ जब टीम 300 का आंकड़ा पार नहीं कर सकी।

राजकोट वनडे नंबर

- हाईएस्ट टीम टोटल- 2020 में भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया की ओर से 340/6
- लोएस्ट टीम टोटल- 2015 में भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका की ओर से 252/6

विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक और बुमराह दिखेंगे एक्शन में

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के शुरुआती दो मैचों में आराम फरमाने वाले नियमित कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान विराट कोहली, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या तीसरे मैच में वापसी कर रहे हैं। उनके अलावा तेज गेंदबाज और हाल ही में बेटे का पिता बने जसप्रीत बुमराह भी एक्शन में नजर आएंगे। बता दें कि वह दूसरे वनडे में नहीं खेले थे। वह फैमिली के समय बिताने के लिए घर लौट गए थे। वनडे वर्ल्ड कप से पहले यह भारत की आखिरी सीरीज होगी।

एशियाई खेल

भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने पाकिस्तान को दी करारी हार

हांगझोउ (एजेंसी)। भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने पूल बी के अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 3-0 से हराया। चीन में चल रहे एशियाई खेलों में भारत महिला स्क्वैश टीम की अनाहत सिंह, जोशना चिनप्पा और तन्वी खन्ना ने अपने-अपने मुकाबलों में लगातार गेम जीते।

इसी के साथ भारतीय टीम अगले दौर में पहुंच गई है जहां उसका मुकाबला कल सुबह नेपाल और मकाओ चीन से होगा। अंडर-15 और अंडर-17 एशियाई चैंपियन पंद्रह वर्षीय अनाहत ने भारत बनाम पाकिस्तान महिला स्क्वैश पूल बी मुकाबले के पहले मैच में 3-0 से जीत हासिल कर भारत को बढ़त दिला दी। उन्होंने सादिया गुल को 11-6, 11-6, 11-3 से हराया। वहीं, जोशाना ने पाकिस्तान की नूर उल हुदा सादिक के खिलाफ दूसरा मुकाबला 11-2, 11-5, 11-7 से जीता।

रविचंद्रन अश्विन के प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं के लिए पैदा किया भ्रम : अभिषेक नायर

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभिषेक नायर का मानना ??है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के शानदार प्रदर्शन ने विश्व कप से पहले चयनकर्ताओं के लिए भ्रम पैदा कर दिया है। अक्षर पटेल अभी जख्मी हैं, ऐसे में अश्विन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही सीरीज में मौका दिया गया। अश्विन ने मोहाली वनडे में 1 तो इंदौर के होलकर स्टेडियम में 3-41 का फिर दिया। यह मुकाबला भारत ने डीएलएस पद्धति के माध्यम से 99 रनों से जीता था। मैच में अश्विन ने कैरम बॉल से लबुशेन और डेविड वार्नर की विकेट निकाली थी।

एशियन गेम्स में तीसरे दिन

41 साल बाद भारत को घुड़सवारी में गोल्ड

इबाद अली ने ब्रॉन्ज जीता

भारत को अब तक 3 गोल्ड समेत 14 मेडल

एशियन गेम्स में तीसरे दिन म.प्र.की नेहा ठाकुर ने सेलिंग में भारत को सिल्वर मेडल दिलाया

हांगझोउ (एजेंसी)। 19वें एशियन गेम्स में तीसरे दिन हांगझोउ में भारत को तीसरा मेडल मिला। घुड़सवारी टीम ने आज का पहला गोल्ड मेडल दिलाया है। सुदिप्ती हजेला, दिव्यकृति सिंह, हृदय छेड़ा और अनुष अगरवल्ला की जोड़ी ने इस इवेंट में 41 साल बाद देश को गोल्ड जीता।

भारत के इबाद अली ने मेंस सेलिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इससे पहले नेहा ठाकुर ने 28 पॉइंट के साथ सिल्वर मेडल जीता। यह भारत का दिन का दूसरा मेडल है। इसके साथ ही भारत के एशियन गेम्स में अब 14 मेडल हो गए हैं। जिसमें तीन गोल्ड शामिल है।

वहीं स्विमिंग में मेंस की 4 गुणा 100 मीटर मेडले रिले टीम नेशनल रिकॉर्ड के साथ फाइनल में पहुंच गई है। अंकिता रैना टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। इससे पहले मंगलवार को भारत ने हॉकी में सिंगापुर को 16-1 से हराया। इसके अलावा, जूडो में दो खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।सोमवार को महिला विमेंस क्रिकेट टीम और शूटिंग में 10 मीटर टीम एयर राइफल में पुरुष टीम ने गोल्ड जीता था।

घुड़सवारी- 41 साल बाद गोल्ड मेडल- घुड़सवारी के टीम ड्रेसेज इवेंट में भारत ने ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीता। सुदिप्ती हजेला, दिव्यकृति सिंह, हृदय छेड़ा और अनुष अगरवल्ला की जोड़ी ने देश को 41 साल बाद घुड़सवारी में गोल्ड मेडल दिलाया। इससे पहले देश को 1982 में घुड़सवारी का गोल्ड मिला था।

सेलिंग- एक ब्रॉन्ज और एक सिल्वर- इबाद अली ने मेंस सेलिंग में ब्रॉन्ज और नेहा ठाकुर ने विमेंस सेलिंग में सिल्वर मेडल जीता।

हॉकी- भारत ने सिंगापुर को मेडल की होड़ से किया बाहर- तीसरे दिन भारत ने एशियन गेम्स में हॉकी में सिंगापुर को 16-1 से हराकर अच्छी शुरुआत की। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह ने 4 और मंदीप सिंह ने 3 गोल किए। इनके अलावा वरुण कुमार, अभिषेक ने 2-2 गोल किए।

जूडो-तूलिका मान ब्रॉन्ज मेडल से चूकी- जूडो में तूलिका मान 75 किलो वेट कैटेगिरी में ब्रॉन्ज मेडल से चूक गई। वहीं अवतार सिंह भी पुरुषों के 100 किग्रा क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला यूएई के दजफर कोस्तोव से होगा।

फेंसिंग- भवानी देवी का एशियन गेम्स का सफर क्वार्टर फाइनल में समाप्त- फेंसिंग में भवानी देवी के एशियन गेम्स में मेडल जीतने की उम्मीद मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में खत्म हो गई। भवानी को सेबर इवेंट के क्वार्टर फाइनल में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी से 7-15 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भवानी ने 6 मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर की जूलियत जी मिन हेंग को 5-2 से हरा कर की थी। उसके बाद उन्होंने सऊदी अरब की अलहस्रा अलहम्मद को 5-1 से हराया। इसके बाद कजाकिस्तान की करीना दोस्पायोक को 5-3 से मात दी। वहीं पूल मैचों में उज्बेकिस्तान की जैनब डेइबेकोवा और बांग्लादेश की रोकसाना खातून को हराया था।

शूटिंग- 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम चौथे स्थान पर रही- 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड में रमित और दिव्यांश सिंह को ब्रॉन्ज मेडल के इवेंट में हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, अभी 10 मीटर एयर पिस्टल में मेडल की उम्मीद बरकरार है। मनु भाकर का इवेंट अभी होना है।

टेनिस- अंकिता रैना क्वार्टर फाइनल में पहुंची- टेनिस विमेंस सिंगल्स के तीसरे राउंड अंकिता रैन ने हॉन्गकॉन्ग की आदित्या करूणारत्ने को 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

स्विमिंग- मेंस मेडले रिले टीम फाइनल में- स्विमिंग में मेंस की 4 गुणा 100 मीटर मेडले रिले टीम नेशनल रिकॉर्ड के साथ फाइनल में पहुंच गई है। हीट में नटराज, लिखित सेल्वराज, साजन प्रकाश और तनिष जॉर्ज मैथ्यू की चौकड़ी ने 3.40.84 का समय लेकर दूसरे स्थान पर रही और फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। उन्होंने जकार्ता में नटराज, संदीप सेजवाल, प्रकाश, आरोन डिसूजा के बनाए 3:44.94 समय के रिकॉर्ड को तोड़ा।

दूसरे दिन 6 मेडल आए, इनमें दो गोल्ड- एशियाड के दूसरे दिन भारतीय खिलाड़ियों ने 6 मेडल जीते। इनमें दो गोल्ड, 4 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारतीय महिला टीम और राइफल शूटिंग पुरुष टीम ने देश को गोल्ड दिलाए। शूटिंग और रोइंग से दो-दो ब्रॉन्ज मिले। पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों ने 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज सहित 5 मेडल जीते थे। वुशु- सूर्या भानू प्रताप और सूरज यादव क्वार्टर फाइनल मैच खेलेंगे। जीतने पर सेमीफाइनल और फाइनल के मुकाबले में हिस्सा लेंगे।

आज एशियाई खेलों में 41 साल बाद स्वर्ण जीतने के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

हांगझोउ (एजेंसी)। 41 साल से एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के इंतजार को खत्म करने के इरादे से उतरी शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टीम बुधवार को सिंगापुर के खिलाफ अपने पहले मैच में शानदार जीत के साथ आगाज करना चाहेगी। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज भारत एशियाई खेलों में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है। गत चैम्पियन जापान की रैंकिंग दसवीं है।

भारत ने एशियाई खेलों में 1982 में महिला हॉकी शामिल किए जाने पर पहला स्वर्ण जीता था लेकिन उसके बाद से पीला तमगा नहीं जीत सकी है। सविता पूनिया की कप्तानी वाली टीम की नजरें यहां स्वर्ण जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने पर लगी है। फॉर्म और रैंकिंग के आधार पर भारत खिताब का प्रबल दावेदार है लेकिन जापान, 11वीं रैंकिंग वाली चीन और 12वीं रैंकिंग वाली कोरिया से उसे कड़ी चुनौती मिल सकती है।

तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने के बाद भारत के हौसले बुलंद है। डच कोच यानेके शॉपमैन के मार्गदर्शन में टीम ने पिछले कुछ अर्से में अपने खेल में काफी सुधार किया है हालांकि उसे बड़े मैचों के दबाव का बखूबी सामना करना होगा। कोच शॉपमैन ने कहा, 'हमने कई पहलुओं पर काम किया है। हमारा इरादा दमदार शुरूआत करके पूल में शीर्ष रहने का है।

भारत को कमोबेश आसान पूल ए मिला है जिसमें सिंगापुर, मलेशिया, हांगकांग और कोरिया है। भारत और कोरिया इस पूल से सेमीफाइनल में पहुंच सकते हैं। पूल बी में चीन, जापान, इंडोनेशिया, कजाखस्तान और थाईलैंड है। भारत के पास सविता के रूप में अनुभवी गोलकीपर है जबकि डिफेंस का जिम्मा दीप ग्रेस इक्का, सुशीला चानू और निक्की प्रधान जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर है।

फॉरवर्ड पंक्ति में लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, उदिता और संगीता कुमारी है जबकि मिडफील्ड में नेहा, निशा, सलीमा टेटे और इशिका चौधरी कमान संभालेंगे। सिंगापुर के बाद भारत को 29 सितंबर को मलेशिया से, एक अक्टूबर को कोरिया और तीन अक्टूबर को हांगकांग से खेलना है। भारत ने अभी तक एशियाई खेलों की महिला हॉकी स्पर्धा में एक स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं।

एशियन गेम्स

हरमनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह की हैट्रिक, भारत की सिंगापुर पर बड़ी जीत

हांगझोउ (एजेंसी)। कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह की हैट्रिक के दम पर खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने एशियाई खेलों की पुरूष हॉकी स्पर्धा में मंगलवार को सिंगापुर को 16-1 से हराया। टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत ने उजबेकिस्तान को 16-0 से मात दी थी। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के लिये यह एक बार फिर बेमेल मुकाबला था क्योंकि सिंगापुर विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर है।

भारत को अब पूल ए के अगले लीग मैच में 28 सितंबर को गत चैम्पियन जापान से खेलना है। भारत के लिए हरमनप्रीत ने चार (24वां, 39वां, 40वां, 42वां मिनट), मनदीप ने तीन (12वां, 30वां और 51वां), वरूण कुमार ने दो (55वें मिनट में), अभिषेक ने दो (51वां और 52वां) वी एस प्रसाद (23वां), गुरजंत सिंह (22वां), ललित उपाध्याय (16वां), शमशेर सिंह (38वां) और मनप्रीत सिंह (37वां) ने गोल दागे। सिंगापुर के लिए एकमात्र गोल मोहम्मद जकी बिन जुल्करनैन ने 53वें मिनट में दागा।

भारत ने धीमी शुरूआत की लेकिन गेंद पर नियंत्रण में बाजी मारी। पूरा खेल सिंगापुर के सर्कल में हुआ और भारतीय गोलकीपर एक बार फिर मूक दर्शक बने रहे। भारत को छठे मिनट में गोल करने का मौका मिला लेकिन सुखजीत सिंह के शॉट को सिंगापुर के गोलकीपर सैंड्रान गुगान ने बचा लिया। भारत को अगले ही मिनट पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन कप्तान हरमनप्रीत सिंह की फ्लिक बेकार गई। दो मिनट बाद मनदीप ने दूसरा पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन सिंगापुर के गोलकीपर ने शानदार बचाव किया। आखिरकार 12वे मिनट में गुरजंत के पास पर मनदीप ने गोल करके खाता खोला। पहले क्वार्टर के आखिरी दो मिनट में भारत को मिले दो पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। पहले क्वार्टर में भारत को पांच पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन एक पर भी गोल नहीं हो सका। भारत ने दूसरे क्वार्टर में बेहतर खेलते हुए दनादन पांच गोल मारे। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में ललित ने भारत की बढत दुगुनी कर दी। वहीं 21वें मिनट में गुरजंत ने तीसरा गोल किया जिन्हें मनदीप ने पास दिया था। विवेक सागर प्रसाद ने एक मिनट बाद भारत का चौथा गोल किया।

हरमनप्रीत ने अगले मिनट पेनल्टी पर गोल करके स्कोर 5-0 कर दिया। हाफटाइम से ठीक पहले पेनल्टी कॉर्नर पर अमित रोहिदास की फ्लिक को मनदीप ने गोल के भीतर डाला। ब्रेक के बाद भारत को 11वां पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन हरमनप्रीत की फ्लिक गोल के बाहर से निकल गई। मनप्रीत ने 37वें मिनट में भारत की बढत में विस्तार किया और पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत की फ्लिक पर रिबाउंड से गोल दागा। हरमनप्रीत ने इसके बाद दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। शमशेर ने भी एक गोल किया। हरमनप्रीत ने अपना चौथा गोल पेनल्टी कॉर्नर पर दागा। वरूण ने लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर भुनाकर आखिरी पांच मिनटमें दो गोल दागे। भारत को मैच में 22 पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन आठ पर ही गोल हो सका।

'वह समय की बर्बादी कर रहे हैं'

आसिफ ने विश्व कप से पहले बाबर आजम एंड कंपनी पर साधा निशाना

करांची (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आसिफ ने हाल ही में आगामी आईसीसी विश्व कप 2023 के लिए चुनी गई टीम का आकलन करते हुए राष्ट्रीय पुरुष क्रिकेट टीम और उसके कप्तान बाबर आजम के बारे में कुछ चौंकाने वाली टिप्पणी की है। आसिफ ने बाबर आजम की बल्लेबाजी क्षमता की खुलेआम आलोचना की है और इसे चिंता का विषय बताया है। इसके अलावा उन्होंने सलमान आगा के प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की है और इसे अनुत्पादक और मूल्यवान समय की बर्बादी बताया है।

उन्होंने कहा, मैं आज भी टी20 क्रिकेट में बाबर आजम को मेडेन ओवर फेंक सकता हूं, अगर आप उन्हें अच्छी गेंद फेंकोगे तो वह गेंद को हिट नहीं कर सकते। आसिफ ने ट्विटर पर कहा, अभी हमारे पास बाबर आजम को कप्तान बनाने के लिए कोई विकल्प नहीं है। शाहिद अफरीदी को कप्तान बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह आसान नहीं है।

उन्होंने कहा, मैंने बाबर आज़म को ट्रायल में केवल दो गेंदों का सामना करने के बाद चुना था, आप उनके पिता से पूछ सकते हैं कि मैंने बाबर को जेडटीबीएल ट्रायल में चुना था। मैं उन्हें उच्च रेटिंग देता हूं, वह देश के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं लेकिन वह पावरप्ले में डॉट्स गेंदें खेलते हैं और रिज़वान पर दबाव डालते हैं। झ उन्होंने पाकिस्तान के मौजूदा गेंदबाजी आक्रमण के लिए औसत रेटिंग भी प्रदान की जिसका नेतृत्व हसन अली, शादाब खान, मोहम्मद वसीम और सलमान आगा के साथ शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी टीम में सभी औसत गेंदबाज हैं, कोई भी विशेष नहीं है। मैं आगा सलमान को खिलाड़ी नहीं मानता, वह समय की बर्बादी करता है। वह जितने रन बनाता है, मैं भी उतने रन बना सकता हूं। वह तभी रन बनाता है जब पाकिस्तान एक टीम के रूप में पहले ही काफी रन बना चुका होता है। उन्होंने कहा, हसन अली लॉबी का हिस्सा हैं, वह बाबर आजम और अन्य खिलाड़ियों के साथ खाना खाते हैं। वह टीम में हैं क्योंकि वह लॉबी का हिस्सा हैं, जब हम भी खेलते थे तो ऐसा ही होता था।

पाकिस्तान को बड़ी राहत, विश्व कप के लिए भारतीय वीजा हुआ जारी

नईदिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सदस्यों को एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारतीय वीजा जारी कर दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा राष्ट्रीय टीम की हैदराबाद यात्रा में देरी पर वैश्विक संस्था के साथ गंभीर चिंता जताए जाने के कुछ घंटों बाद आईसीसी (आईसीसी) ने वीजा जारी होने की पुष्टि की। पाकिस्तान की टीम 27 सितंबर को तड़के भारत के लिए रवाना होगी। टीम को निर्धारित यात्रा से 48 घंटे से भी कम समय पहले वीजा मंजूरी मिल गई।

पाकिस्तान 29 सितंबर को हैदराबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच खेलेगा। आईसीसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान को वीजा जारी किया जा चुका है। वीजा जारी होने को लेकर हालांकि पाकिस्तानी खेमे में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पीसीबी के प्रवक्ता उमर फारूक ने कहा कि वीजा मंजूरी को लेकर हमें अभी तक भारतीय उच्चायोग से फोन नहीं आया है। हमारी टीम के सदस्य वहां मौजूद हैं।

आईसीसी ने वीजा जारी होने की पुष्टि उस समय कि जब पीसीबी ने आईसीसी को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ज्योफ एलार्डिस को संबोधित पत्र में दावा किया कि इसमें देरी से टीम की तैयारी प्रभावित हो रही हैं। पाकिस्तान को अभ्यास मैच के लिए 27 सितंबर को हैदराबाद पहुंचने से पहले दुबई में दो दिवसीय 'टीम बॉन्डिंग' सत्र आयोजित करना था। भारतीय वीजा पर अनिश्चितता के कारण दुबई के कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है।

बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम हैदराबाद में दो अभ्यास मैच के बाद विश्व कप के इतने ही मुकाबले खेलेगी। टीम को 29 सितंबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच खेलना है। पीसीबी ने आईसीसी को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ज्योफ एलार्डिस को संबोधित पत्र में दावा किया कि भारत में विश्व कप के लिए खिलाड़ियों, टीम अधिकारियों, प्रशंसकों और पत्रकारों को दिए जाने वाले वीजा पर उसकी चिंताओं पर 3 साल से अधिक समय से ध्यान नहीं दिया गया है। इसमें यह भी कहा गया कि पाकिस्तान के साथ इस तरह का असमान व्यवहार स्वीकार्य नहीं होगा।

फारूक ने कहा कि आईसीसी विश्व कप के लिए पाकिस्तानी टीम को मंजूरी मिलने और भारतीय वीजा हासिल करने में असाधारण देरी हुई है। हमने आईसीसी को पत्र लिखकर पाकिस्तान के प्रति असमान व्यवहार के बारे में अपनी चिंताओं को उठाया है और उन्हें विश्व कप के प्रति इन दायित्वों की याद दिलाई है। यह निराशा की बात है कि पाकिस्तान टीम को प्रमुख टूर्नामेंट से पहले अनिश्चितता से गुजरना पड़ रहा है।

पाकिस्तान की टीम ने भारत में आखिरी बार 2016 टी20 विश्व कप में हिस्सा लिया था। दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव के कारण क्रिकेट टीमें एशिया कप और आईसीसी टूर्नामेंटों में ही एक-दूसरे के खिलाफ खेलती हैं। पीसीबी सूत्रों ने बताया कि दुबई यात्रा रद्द होने के बाद लगभग 35 सदस्यीय पाकिस्तानी दल के उड़ान टिकट फिर से बुक किए गए हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com | @Pratahkiran

संक्षिप्त समाचार

सुल्तानपुर में 4 अवैध कॉलोनियों में बुलडोजर वाला एक्शन, 66 निर्माण किए ध्वस्त

नईदिल्ली, एजेंसी। गुरुग्राम में अतिक्रमण और अवैध निर्माणों पर बुलडोजर एक्शन लगातार जारी है। जिला नगर योजनाकार प्रवर्तन की ओर से सोमवार को सुल्तानपुर गांव में भूमाफियाओं द्वारा बसाई जा रही चार अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की गई। यहां पर 21 एकड़ जमीन पर चार अलग-अलग अवैध कॉलोनियों में विकसित कर किए गए 66 अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। डीटीपी टीम की ओर से अवैध निर्माण करने वालों को चेतावनी दी गई कि बिना अनुमति के निर्माण न करें। ऐसा करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। विभाग को सूचना मिली थी कि सुल्तानपुर एरिया में भूमाफिया अवैध रूप से कॉलोनी काट कर रहे हैं। जांच में अवैध कॉलोनी काटने का मामला सही मिला। सोमवार को डीटीपी सुमित मलिक स्थानीय पुलिस लेकर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने यहां पर चारों अवैध कॉलोनियों में 16 निर्माणाधीन भवनों को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा 38 डीपीसी स्तर तक के निर्माण गिरा दिए। 12 बाउंड्रीवाल और सड़कों के नेटवर्क को पूरी तरह समतल कर दिया। मौके पर इकट्ठा हुए लोगों को डीटीपी की ओर से कहा गया कि वह भूमाफियाओं के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदकर अपना पैसा नहीं फंसाएं। बता दें कि, बीते खुछ माह में गुरुग्राम में डीटीपी द्वारा ऐसे अनेक अवैध निर्माणों पर बुलडोजर वाली कार्रवाई की गई है।

'झोलाछाप डॉक्टरी गैर इरादतन हत्या की तरह', एम्स के कार्यक्रम में बोले केंद्रीय मंत्री बघेल

नईदिल्ली, एजेंसी। आर्थिक रूप से संपन्न लोग बड़े कॉरपोरेट अस्पतालों में अपनी पसंद के डॉक्टरों से इलाज कराते हैं, लेकिन देश की बड़ी आबादी एम्स और सरकारी अस्पतालों पर निर्भर है। झोलाछाप डॉक्टरों के पास भी कुछ लोग जाते हैं। झोलाछाप डॉक्टरी गैर इरादतन हत्या की तरह है। इस पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून बनाए जाने की जरूरत है। यह कहना है केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल का। वह सोमवार को एम्स के 68वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। बघेल ने कहा कि संसद सदस्यों के पास सबसे अधिक लोग एम्स में इलाज की सिफारिशें कराने के लिए पहुंचते हैं। सफदरजंग अस्पताल जले हुए मामलों के इलाज के लिए सबसे बेहतर माना जाता है। काफी मरीज एम्स में इलाज के लिए पत्र लिखवाते हैं। एम्स के निदेशक डॉ. एम. श्रीनिवास ने संस्थान की उपलब्धियों को बताया और कहा कि एम्स को राष्ट्रीय संसाधन केंद्र के रूप में मान्यता मिली है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के दिशा निर्देश के अनुसार एम्स 100 मेडिकल कॉलेजों को प्रशिक्षित कर रहा है। एक साल में इलाज के लिए 20 लाख लोग एम्स आए। हमने सालभर में डेढ़ लाख सर्जरी की। कार्यक्रम में नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पाल ने कहा कि कोरोना के स्वदेशी टीके के विकास पर सरकार ने 775 करोड़ रुपये खर्च किए।

ब्राजील के राष्ट्रपति लूला कराएंगे कूल्हे की सर्जरी, तीन हफ्ते तक अपने निवास से करेंगे काम

साओ पाउलो, एजेंसी। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा इस सप्ताह कूल्हे की सर्जरी कराएंगे। सर्जरी के कारण लगभग तीन सप्ताह तक राष्ट्रपति निवास से ही काम करेंगे। लूला के अगले सप्ताह मंगलवार तक अस्पताल में रहने की उम्मीद है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डॉक्टर उनकी आर्थ्रोसिस के इलाज के लिए उनकी दाहिनी जांघ के ऊपरी हिस्से को एक प्रत्यारोपण से बदल देंगे। दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र के राष्ट्रपति पद के प्रवक्ताओं ने सोमवार को कहा कि 77 वर्षीय वामपंथी नेता प्रक्रिया के बाद छह सप्ताह तक यात्रा नहीं कर पाएंगे। लूला को अगस्त 2022 से कूल्हे में दर्द महसूस हो रहा है। लूला की शुक्रवार को राजधानी ब्रासीलिया के एक अस्पताल में सर्जरी होगी। इस सप्ताह की शुरुआत से वह किसी भी इन्फेक्शन से बचने के लिए मास्क पहन रहे हैं, जिससे सर्जरी टल सकती है। इस महीने की शुरुआत में, लूला ने एक सरकारी समारोह के दौरान समर्थकों से कहा था कि वह पिछले साल के चुनाव अभियान के दौरान सर्जरी नहीं कराना चाहते थे। उन्होंने अक्टूबर के चुनाव में निवर्तमान जेयर बोल्सोनारो को मामूली अंतर से हराया था। वह फिरसे दो महीने बाद उस नौकरी पर लौट आए थे।

इमरान खान की उम्मीदों पर फिरा पानी, सिफर मामले में कोर्ट ने फिर बढ़ाई 14 दिन की न्यायिक हिरासत

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सिफर मामले में कोर्ट ने उनकी जल्द रिहाई की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए न्यायिक हिरासत को और 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। इमरान खान पर पिछले साल मार्च में वाशिंगटन में पाकिस्तानी दूतावास द्वारा भेजे गए एक केबल (सिफर) का खुलासा करके आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने का आरोप है। इसी सिलसिले में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद पिछले महीने उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि यह तीसरी बार है, जब इमरान खान को रिमांड पर जेल भेजा गया है। उनकी पिछली 14 दिनों की रिमांड आज खत्म हो जाएगी। स्पेशल कोर्ट के जज अबुल हसनत जुल्करनैन ने अटक जिला जेल में सुनवाई की। यहीं पर इमरान खान को तोशाखाना मामले में दोषी पाए जाने के बाद रखा गया है। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि जांच पूरी करने के लिए 10 अक्टूबर तक इमरान खान को न्यायिक हिरासत में रखा जाए। इसी के साथ, अदालत ने पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की रिमांड भी इस अवधि के लिए बढ़ा दी है।

दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ब्रिटेन की राजकीय यात्रा के दौरान किंग चार्ल्स से करेंगे मुलाकात

सोल, एजेंसी। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक येओल दोनों देशों के बीच संबंधों की 140वीं वर्षगांठ मनाने के लिए नवंबर में ब्रिटेन की राजकीय यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात करेंगे। उनके कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, मई में सम्राट के राज्याभिषेक के बाद यून और प्रथम महिला किम केओन ही ब्रिटेन के पहले राजकीय अतिथि होंगे। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा, यह यात्रा किंग चार्ल्स तृतीय के निमंत्रण पर होगी। तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी। यून की ब्रिटेन की पहली यात्रा पिछले साल सितंबर में हुई थी, जब वह महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे। ब्रिटेन और कोरिया के पूर्ववर्ती जोसियन राजवंश के बीच 1883 में मित्रता, वाणिज्य और नेविगेशन की संधि पर हस्ताक्षर हुये।

हो सकता है भाजपा राम मंदिर पर बमबारी करे और दोष मुसलमानों पर डालें: कांग्रेस विधायक बीआर पाटिल

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक कांग्रेस के विधायक बीआर पाटिल ने भारतीय जनता पार्टी की आलोचना करते हुए विवादित बयान दिया। कांग्रेस विधायक बीआर पाटिल ने कहा कि, ऐसी संभावना है कि भगवा पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में हिंदू वोटों को मजबूत करने के राम मंदिर पर बमबारी करें और इसका दोष मुस्लिम समुदाय पर मढ़ दे। कर्नाटक बीजेपी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कांग्रेस विधायक बीआर पाटिल का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो भाजपा पर ये आरोप लगाते दिख रहे हैं।

बीआर पाटिल को वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है, मोदी को अपना अगला लोकसभा चुनाव जीतने के लिए, संभावना है कि वे (बीजेपी) राम मंदिर पर बमबारी करेंगे और इसका दोष मुसलमानों पर डालेंगे। वो ऐसा हिंदुओं को एकजुट करने के लिए कर सकते हैं।

हालांकि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि कांग्रेस नेता बीआर पाटिल ने यह टिप्पणी कब की थी। भाजपा ने पाटिल की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और पार्टी पर हिंदू-मुस्लिम तनाव को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। भाजपा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पोस्ट में लिखा, हिंदू धर्म की नींव पर सवाल उठाने वाले कांग्रेस सदस्यों ने पहले ही राम मंदिर पर अपनी बुरी नजर डाल ली है। राम मंदिर को अस्थिर करने का प्रयास करके और हिंदू-मुस्लिम तनाव को बढ़ावा देकर कांग्रेस ने पहले ही सरकार पर दोषारोपण करने का काम शुरू कर दिया है। पार्टी के मंत्री बीआर पाटिल ने गलती से इसका जिक्र कर दिया। बता दें कि कर्नाटक में कुल 28 लोकसभा सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने कुल 28 में से 25 सीटों पर जीत हासिल की थी।

हैदराबाद को मिली एक और दुर्लभ पहचान, विश्व के टॉप सुरक्षित शहरों में शामिल हुआ नाम

हैदराबाद, एजेंसी। हैदराबाद की प्रतिष्ठा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो रही है। तेलंगाना की राजधानी ने हर क्षेत्र में विस्तार किया है। लेकिन, संयुक्त राष्ट्र के स्टैटिस्टिकल विंग की ओर से किए गए एक सर्वे के अबतक के नतीजे अप्रत्याशित रहे हैं। इसे सुरक्षा के मामले में देश में दूसरे स्थान पर रखा गया है। इससे पहले हैदराबाद निवेश के लिहाज से रहने लायक सर्वश्रेष्ठ शहरों के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। हैदराबाद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो पहचान दी गई है, वह दुर्लभ है। तेलंगाना सरकार की कोशिशों को मिल रहा है फल

इस स्टैटिस्टिकल सर्वे से इस बात पर मुहर लग गई है कि यह बहुत ही सुरक्षित शहर है, जिसका बहुत ही तेजी से बहुसांस्कृतिक या

महानगरीय शहर के रूप में लगातार विस्तार होता जा रहा है। यह बदलाव एक दिन में नहीं आया है। तेलंगाना राज्य बनने के बाद से बीआरएस सरकार ने हैदराबाद की कानून और व्यवस्था को हर तरह से प्राथमिकता देने की पहल की है।

दुनिया के टॉप 50 सुरक्षित शहरों में हैदराबाद: राज्य सरकार ने हैदराबाद की सुरक्षा बेहतर करने के लिए बिना कानून और व्यवस्था को प्रभावित किए कई कदम उठाए हैं। इसका नतीजा ये हुआ है कि औद्योगिक और आईटी सेक्टर में ना सिर्फ निवेश बढ़ने से रोजगार के अनेकों अवसर पैदा हुए हैं, बल्कि तेलंगाना की राजधानी की प्रतिष्ठा सुरक्षा के मामले में सबसे अच्छे शहर के तौर पर भी कायम हो पायी है। शहर के 380 किलोमीटर के दायरे में सर्विलांस सिस्टम को मजबूत करने के बाद हैदराबाद देश के दो सबसे सुरक्षित शहरों में शामिल हो पाया है। अगर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 50 शहरों की बात करें तो अपना हैदराबाद आज 41वें पायदान पर पहुंच गया है।

बेहतर मॉनिटरिंग सिस्टम के आधार पर बनी लिस्ट: बेस्ट सर्वे लाइंस सिस्टम के साथ दुनिया के पहले 20 शहरों में चीन के कई शहर जरूर शामिल हैं, लेकिन विश्व के सर्वश्रेष्ठ 50 शहरों में भारत में दिल्ली के 22वें स्थान के बाद हैदराबाद ने 41वें स्थान पर अपनी स्थिति सुरक्षित की है। वर्ल्ड ऑफ स्टैटिस्टिक्स (संयुक्त राष्ट्र से मान्यता प्राप्त संगठन) ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर मॉनिटरिंग सिस्टम के आधार पर शहरों की यह लिस्ट तैयार की है।

जीटी रोड से जुड़ेगा दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, 40 हजार लोगों को मिलेगी राहत

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के जरिए गाजियाबाद से दिल्ली तक सफर करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे को दिल्ली-अलीगढ़ नेशनल हाईवे-91 (पुराना जीटी रोड) से जोड़ने का फैसला लिया है।

गाजियाबाद के लालकुआं और एबीईएस कॉलेज के पास एक्सप्रेसवे से जुड़ी बीच की छह लेन से चलने वाले ट्रैफिक के लिए प्रवेश और निकास की व्यवस्था होगी। एक्सप्रेसवे पर दिल्ली से गाजियाबाद की तरफ आने वाले वाहनों के लिए निकासी और गाजियाबाद से दिल्ली को जाने के लिए प्रवेश पॉइंट लेन बनाई जाएगी। प्रारंभिक तौर पर सर्वे पूरा कर लिया गया है। अब थर्ड पार्टी ऑडिट कराया

जा रहा है, जिसके पूरे होने पर काम शुरू हो जाएगा। क्रॉसिंग रिपब्लिक के बीच एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने प्रवेश-निकास की सुविधा दी जाए। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह के निर्देश पर इस दिशा में काम शुरू हो गया है। उम्मीद है कि तीन महीने में प्रवेश-निकास की सुविधा शुरू हो जाएगी। एक्सप्रेसवे बनने के बाद से लोगों का तर्क था कि इंडियन रोड कांग्रेस के नियमों के तहत एक्सप्रेसवे को एनएच से जोड़ा जाना अनिवार्य है। लालकुआं पर एनएच- 91 एक्सप्रेसवे के नीचे से गुजरता है, लेकिन उसे नहीं जोड़ा गया है। इस वजह से दिल्ली से बुलंदशहर की तरफ जाने वाले वाहनों को करीब 10 किलोमीटर पीछे से (यूपी बॉर्डर से) एक्सप्रेसवे की लेन से निकलकर एनएच-9 की लेन में आना पड़ता है या फिर एक्सप्रेसवे की लेन में लालकुआं से नौ किलोमीटर आगे चलकर डासना में बाहर निकलकर यूटर्न लेकर आना पड़ता है, जिसे बुलंदशहर की तरफ जाने वाले वाहनों का 19 किलोमीटर का चक्कर बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए बुलंदशहर की तरफ जाने वाले वाहन एनएच-9 की लेन में आते हैं, जिससे शाम के वक्त एनएच की लेन पर वाहनों का दबाव अधिक होने से नोएडा सेक्टर-62 के सामने और छिजारसी मोड पर कई बार दो से तीन किलोमीटर लंबा जाम लगता है। यही स्थिति सुबह को लालकुआं से दिल्ली की तरफ जाने के लिए होती है प्रवेश और निकास की व्यवस्था होने के बाद गाजियाबाद से दिल्ली के बीच यात्रा करने वाले करीब 40 हजार लोगों को लाभ होगा। सुबह-शाम एक्सप्रेसवे के बराबर में नेशनल हाईवे-9 की लेन में छिजारसी मोड और सेक्टर-62 नोएडा के सामने जाम झेलना पड़ता है।

कासरगोड में ऑटो-स्कूल बस की टक्कर, 5 लोगों की मौत

कासरगोड, एजेंसी। केरल के कासरगोड में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां ऑटो और स्कूल बस में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में 5 लोगों की मौत हुई, जबकि कई लोग घायल हैं। जिनको नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

जानकारी के मुताबिक हादसा कासरगोड के बदियाडका ग्राम पंचायत में हुआ। इस घटना में चार महिला यात्री और चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान उमालिउमा (55), बीफतिमा (50), नबीसा (49), बीफतिमा (72) और ऑटो चालक ए एच अब्दुल रऊफ (64) के रूप में हुई है।

महिलाएं मोगराल पुथुर ग्राम पंचायत के मोगर की रहने वाली हैं। पुलिस के मुताबिक महिलाएं अपने रिश्तेदार के यहां गई थीं, वहां पर किसी की मौत हुई थी। अंतिम संस्कार के बाद वो अपने घर की ओर लौट रही थीं, तभी ये हादसा हुआ। उनके घर वालों ने बस के ड्राइवर पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस भी मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

मामले में एक चश्मदीद ने बताया कि वो घटनास्थल के पास ही थे। बस और ऑटो की आमने-सामने की टक्कर हुई। हादसा इतना जबरदस्त था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। बस के ड्राइवर और उसके अंदर बैठे लोगों को ज्यादा चोट नहीं आई। उन्होंने आगे कहा कि सड़क निर्माणाधीन है। इस पर एक बार डामरीकरण किया गया है, लेकिन कोई संकेत या निशान नहीं हैं। बस छात्रों को उनके घर छोड़ लौट रही थी, तभी ये हादसा हो गया।

क्या बस ड्राइवर की है गलती?

वहीं मामले में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) साजू फ्रांसिस ने कहा कि ऑटो पांच लोगों को लेकर चढ़ रहा था, ऐसे में उसकी गति ज्यादा नहीं रही होगी। वहीं स्कूल बस ढलान पर थी, ऐसे में उसने ऑटो को नहीं देखा होगा और ये हादसा हुआ। अगर स्कूल बस का ड्राइवर सतर्क रहता।

भारत ने यूएनएससी में सुधार की दिशा में तेज किए प्रयास

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की तरफ कदम बढ़ा दिया है। इसी कड़ी में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आज संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की।

विदेश मंत्री जयशंकर की यूएन के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात के दौरान भारत की जी-20 अध्यक्षता, क्षेत्रीय मुद्दों और वैश्विक चुनौतियों, सतत विकास लक्ष्यों और सुरक्षा परिषद सुधारों पर चर्चा हुई। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने वाले हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने आज यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के प्रशासक अचिम स्टीनर से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात होने पर खुशी जताई। दोनों के बीच भारत की जी-20 अध्यक्षता ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास एजेंडे को मजबूत करने में कैसे योगदान दिया इस बात पर चर्चा हुई। एंटोनियो गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र के साथ सहयोग और जी-20 (जी20) के नेतृत्व के लिए भारत की सराहना की। उन्होंने जयशंकर के साथ अफगानिस्तान और म्यांमार की स्थितियों और अन्य वैश्विक चुनौतियों पर भी चर्चा की। गुटेरेस नौ और 10 सितंबर को दिल्ली के प्रगति मैदान में स्थित भारत मंडपम में जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुटेरेस से पहले महासभा के इस सत्र के अध्यक्ष फ्रांसिस से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे बीच बहुपक्षवाद में सुधार और महत्वपूर्ण मुद्दों पर ग्लोबल साउथ को उसका हक दिलाने के महत्व पर सहमति बनी। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के प्रशासक अचिम स्टीनर के साथ अपनी बैठक में जयशंकर ने भारत की जी-20 प्रेसिडेंसी पहल के साथ यूएनडीपी की भागीदारी की सराहना की।

नाजी सैनिक के सम्मान पर ट्रूडो ने माफी मांगी

कहा- ये पूरे कनाडा के लिए शर्मिंदगी की बात; विपक्ष बोला- सारा दोष प्रधानमंत्री का

ओटावा, एजेंसी। कनाडा की संसद में नाजी सैनिक यारोसलाव हुंका का सम्मान किए जाने पर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने माफी मांगी है। उन्होंने कहा है कि ये सिर्फ संसद नहीं पूरे देश के लिए शर्मिंदगी की बात है। घटना काफी निराश करने वाली है। ट्रूडो ने कहा- स्पीकर ने अपनी गलती मान ली है और उन्होंने माफी भी मांगी है।

हालांकि, कनाडा की विपक्षी पार्टी स्पीकर के इस्तीफे की मांग पर अड़ी है। दरअसल, कनाडा के पीएम ऑफिस ने जानकारी दी है कि उन्हें इस बात की भनक तक नहीं थी कि संसद में नाजी सैनिक को किसके कहने पर बुलाया गया। बाद में जांच में सामने आया है कि हुंका को स्पीकर एंथनी रोटा ने बुलाया था।

कनाडा की संसद ने नाजी सैनिक को 2 बार स्टैंडिंग ओवेशन

दिया था। इस दौरान संसद में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी मौजूद थे। जो खुद के यहूदी होने के दावा करते हैं। वो जंग शुरु होने के बाद पहली बार कनाडा के दौरे पर आए थे। विपक्षी पार्टी ने कहा है कि इस मामले में स्पीकर का माफी मांग लेना काफी नहीं है।

यूक्रेन से जंग की शुरुआत से लेकर रूस दावा करता आ रहा है कि वो नाजियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। ट्रूडो ने कहा है कि रूस अब कनाडा की घटना का फायदा उठाएगा। हमें रूसी प्रोपोगैंडा को रोकने की जरूरत है। वहीं, कनाडा की कंजरवेटिव पार्टी के लीडर पीयरे पोलिवर ने सारा दोष जस्टिन ट्रूडो पर डाला है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय को स्पीकर की तरफ से इनवाइट किए गए लोगों की लिस्ट को चेक करना चाहिए था। उन्होंने ट्रूडो के प्रश्नकाल के दौरान संसद में मौजूद नहीं रहने की भी आलोचना की। उन्होंने कहा- कनाडा के लोग ऐसे प्रधानमंत्री से थक गए हैं जो किसी बात की जिम्मेदारी अपने सिर पर नहीं लेता है। इससे हम लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी के पात्र बनते जा रहे हैं। ट्रूडो दोष डालने के लिए हमेशा किसी और को ढूंढ़ लेते हैं।

स्पीकर ने माफी मांग पर इस्तीफे के बारे में कुछ नहीं बोले: कनाडा की संसद के स्पीकर ने सारा दोष खुद पर लेकर माफी तो मांग ली। हालांकि, इस बारे में कुछ नहीं कहा कि वो इस्तीफा देंगे या नहीं। स्पीकर ने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि सैनिक यारोसलाव हुंका सेकेंड वर्ल्ड वॉर में हिटलर की तरफ से लड़े थे। वहीं, कनाडा की संसद की नेता कैरिना गूल्ड एक यहूदी समुदाय हैं। हिटलर के नाजी सैनिकों ने सेकेंड वर्ल्ड वॉर के समय लाखों यहूदियों को मौत के घाट उतारा था।

कनाडा में खालिस्तानियों ने तिरंगा फाड़ा

भारतीय दूतावास पर प्रदर्शन किया; कनाडा ने नागरिकों के लिए फिर एडवाइजरी जारी की, कहा- भारत में सतर्क रहें

ओटावा एजेंसी। कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने कल (25 सितंबर) भारत के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ खालिस्तानी समर्थकों ने वैंकूवर में भारतीय दूतावास के सामने तिरंगे को फाड़ दिया। प्रदर्शन सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के आह्वान पर वैंकूवर और ओटावा में किए गए।

वैंकूवर में प्रदर्शनकारी भारतीय दूतावास के बाहर इकट्ठे हुए और खालिस्तान के समर्थन में नारे भी लगाए। ये लोग अपने साथ तिरंगे का बड़ा बैनर लेकर आए, जिसे उन्होंने जमीन पर बिछाया और उस पर चलते भी दिखे। उन्होंने नरेन्द्र मोदी की तस्वीर का भी अपमान किया।

खालिस्तान समर्थकों ने दूसरा प्रदर्शन ओटावा में भारतीय दूतावास के बाहर किया। स्वच्छ का अनुमान था कि इस प्रदर्शन में सैकड़ों लोग पहुंचेंगे, लेकिन ओसीआई यानी ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया रद्द होने के डर से 30 लोग ही पहुंचे। बताया जा रहा है कि इनमें से अधिकतर को दिहाड़ी पर बुलाया गया था।

कनाडा ने भारत में रह रहे अपने नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी अपटेड की है। इसमें उन्हें सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। कनाडाई नागरिकों से कहा गया है कि वो अलर्ट रहें और सावधानी बरतें,

क्योंकि सोशल मीडिया पर कनाडा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और नकारात्मक भावनाएं भड़काई जा रही हैं। कनाडा की एडवाइजरी में कुछ घटनाओं को जिक्र भी किया गया है। ये कनाडा की दूसरी एडवाइजरी है। इससे पहले कनाडा ने 19 सितंबर को अपने नागरिकों के लिए एडवजारी की थी, जिसमें उन्हें मणिपुर, जम्मू कश्मीर और पाकिस्तान से सटे बॉर्डर के इलाकों में जाने से बचने को कहा था।

भारत सरकार ने बीते दिनों ही प्रदर्शन करने वाले खालिस्तानी समर्थकों की भीड़ में चेहरों को पहचानने का काम शुरू किया है। इसके बाद भारत सरकार इन सभी प्रदर्शनकारियों का ओसीआई कार्ड रद्द करने वाली है। ओसीआई विदेश में बसे भारतीयों को दोहरी नागरिकता देता है। भारत वापस ना आ पाने के डर से अब विदेश में बसे खालिस्तानी समर्थक खुल कर आगे आने से बच रहे हैं। भारत के कड़े रुख के बाद भारतीय दूतावास के बाहर इकट्ठे होने वाली खालिस्तानी समर्थकों की भीड़ दिन पर दिन कम होती जा रही है।

आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच तनाव का फायदा पाकिस्तान उठाना चाहता है। इसी को अंजाम देने के लिए उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने भारत विरोधी माहौल बनाने के लिए दुनिया के सिख बाहुल्य क्षेत्रों में अभियान शुरू किया है। इस अभियान को 'के' नाम दिया है। 'के' का मतलब खालिस्तान से है। साजिश के तहत उसने कनाडा, यूके, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के सिख बहुल इलाकों में अपने एजेंट सक्रिय कर दिए हैं। इनके माध्यम से वह आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस, खालिस्तानी आतंकियों को करोड़ों रुपए की फंडिंग कर रहा है। साथ ही वह आतंकियों को विभिन्न देशों में भारतीय दूतावासों पर हमले और प्रदर्शन के लिए भी उकसा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129